फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 13 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 353, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री 16

सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा 15

एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को सौंपा बॉण्ड का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 12 मार्च तक का दिया था समय

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा।

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण सौंपने का आदेश दिया था। आदेश के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उच्चतम न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के सिलसिले में एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड पर विवरण सौंपा है। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्त में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड जारी किए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था।

अपनी विरासत को संजोते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा प्रदेश : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने शहरी विकास से जुड़ी 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। राज्य में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, 2017 में 24 फीसदी आबादी नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, आज यह आबादी 30 फीसदी है और आने वाले पांच वर्ष में यह आबादी 40 फीसदी पहुंचने वाली है। उन्होंने कहा कि पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी स्मार्ट बना दिया। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। यहां योगी ने प्रदर्शनी-स्टॉल को देखकर नगर विकास विभाग की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, मोहसिन रजा, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

प्रदेश को मिलीं तीन नई वंदे भारत, एक का हुआ विस्तार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल रहे। योगी ने उप्र. में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। माना जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो प्रयागराज कुंभ का मेला होने वाला है तो इसका और भी महत्व बढ़ जाएगा। मोदी ने आस्था स्पेशल ट्रेनों का भी जिक्र करते हुए कहा, आस्था स्पेशल ट्रेनें तो देश भर से रामभक्तों को अयोध्या तक ले जा रही हैं।

सरकारी बसों की यात्रा और सुरक्षित व सुलभ

लखनऊ। राज्य सरकार ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर की शुरुआत की। इस कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से बसों की लाइव ट्रैकिंग, आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल सहायता समेत पैनिक बटनअलर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे निगम की बसों को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को निगम द्वारा 3067 करोड़ रुपये की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और तीन अन्य बस स्टेशन का लोकार्पण भी किया गया।

एक नजर

संजय सिंह की याचिका पर 19 को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की एक याचिका पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत देने से इनकार करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति, दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ को बताया कि वे सिंह की याचिका पर आज जवाब दाखिल करेंगे।

चार राज्यों में 30 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादियों और कुख्यात अपराधियों की साठगांठ के मामले की जांच के तहत मंगलवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। इस मामले में एनआईए द्वारा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 30 स्थानों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने पहले कहा था कि आतंकवाद और माफिया के इस प्रकार के नेटवर्क और उनकी मदद करने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के अपने प्रयासों के तहत, एनआईए ने हालिया महीनों में कई लक्षित रणनीतियां अपनाई हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम

खट्टर का इस्तीफा, सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री

राज्यपाल दत्तात्रेय ने नई सरकार के पांच मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी



आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सैनी के साथ ही कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौधरी रंजीत सिंह चौटाला, जय प्रकाश दलाल और बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। सैनी (54) को खट्टर का करीबी माना जाता है। अक्टूबर के अंत में मुख्यमंत्री के रूप में खट्टर का दूसरा कार्यकाल खत्म होना था।

इससे पहले, भाजपा विधायक दल की बैठक में सैनी को नेता चुना गया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब मौजूद थे।

नेता चुने जाने के बाद सैनी ने खट्टर और अन्य नेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है। माना जाता है कि जाट वोट कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जजपा) और इंडियन नेशनल लोकदल के बीच बंट जाता है।

हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए : हुड्डा

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार अपना नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से संबंधित घटनाक्रम का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि सत्ता विरोधी माहौल से बचने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने 'मिलीभगत' के तहत यह सब किया है।

जजपा से लोकसभा की सीटों पर नहीं बनी बात

जजपा आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवत: वह विफल रही। इससे पहले कि गठबंधन टूटने को लेकर कोई औपचारिक घोषणा होती, भाजपा ने मुख्यमंत्री खट्टर का इस्तीफा दिला दिया और विधायक दल के नए नेता का चयन कर लिया। वर्तमान में, 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था।

ईडी ने लालू के करीबी के परिसरों पर छापे मारे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित नौकरी के बदले रेलवे भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं।

रांची में कांग्रेस विधायक के 17 ठिकानों पर छापा : रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने झारखंड में मंगलवार को एक साथ रांची में कई ठिकानों पर छापामारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम कांग्रेस की महिला नेता और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, शशि भूषण सिंह सहित कई अन्य लोगों के कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम जमीन और बालू से जुड़े मामले को लेकर सीओ और विधायक के ठिकाने पर छापेमारी कर रही है।

कुत्तों ने हमला कर कक्षा तीन के छात्र की ली जान

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

- नोचते रहे कुत्ते, जान बचाने को चीखता रहा बच्चा
- मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ खेलने जा रहा था

अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में खेलने जा रहे कक्षा तीन के छात्र पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। कुत्ते यहां पहले भी कई बच्चों पर हमला कर घायल कर चुके हैं।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला नवाब खेल निवासी मजदूर आलम का 11 वर्षीय बेटा अहमद रजा कक्षा तीन में पढ़ता था। अहमद मंगलवार की सुबह 11 बजे मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ खेलने जा रहा था। सरायतरीन से घुंघावली की ओर जाने वाले रास्ते पर आम के बाग के निकट अचानक कुत्तों के झुंड ने बच्चों को घेर लिया।

कुत्तों ने हमला किया तो सभी बच्चे डर गए और शोर मचाते हुए भागे लेकिन अहमद रजा को कुत्तों ने घेर लिया। इस बीच कुत्ते उसको नोचते रहे। वह बचाने के लिए चीखता-चिल्लाता रहा लेकिन बचाने वाला कोई था ही नहीं। उधर, उसके साथ के बच्चे मुहल्ले में पहुंचे और अहमद रजा पर कुत्तों द्वारा हमला करने की बात बताई तो परिजन व अन्य लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों ने लाठी-डंडे फटकार कर किसी तरह बच्चे को कुत्तों से छुड़ाया। कुत्तों ने बच्चे को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

परिजन आनन-फानन बच्चे को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने दूसरे अस्पताल ले जाने को कहा। जिसके बाद परिजन बच्चे को लेकर जिला अस्पताल रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

सीएए को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

मुस्लिमों को भी नागरिकता के आवेदन की मिले अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को एक अर्जी दायर कर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित रहने तक नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के अमल पर रोक लगाने का केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। 31 दिसंबर, 2014 से पहले बिना दस्तावेज के भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए त्वरित नागरिकता प्रदान करने से संबंधित नियमों को अधिसूचित करके सीएए लागू किए जाने के एक दिन बाद यह अर्जी दायर की गई है।

सीएए को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने अदालत से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि पूर्व में दायर रिट याचिकाओं का निपटारा किए जाने तक मुस्लिम समुदाय से संबंधित लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का शीर्ष अदालत से आग्रह किया गया है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अस्थायी अनुमति दी जाए और उनकी पात्रता पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। 'डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने भी एक पृथक याचिका दायर करके सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत पहले से ही सीएए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर विचार कर रही है।

नागरिकता चाहने वालों के लिए पोर्टल लॉन्च

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल लॉन्च किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

जल्द ही मोबाइल एप भी शुरू करेगा गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहुलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल एप शुरू किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अधिनियम के तहत नियमों के बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

कांग्रेस की दूसरी सूची जारी, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को दिया टिकट

नई दिल्ली, ब्यूरो

लोकसभा चुनाव

- वैभव गहलोत जालौर, नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे चुनाव
- उत्तराखंड से प्रदीप टम्टा सहित तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटों एवं हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए एक सांसद को टिकट दिया है। दूसरी सूची में 6 राज्यों के 43 नाम है। जिसमें उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान व दमन दीव शामिल हैं।

दूसरी सूची में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालौर से टिकट मिला है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को फिर टिकट मिला है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए सांसद राहुल कस्वा को चूरू से टिकट मिला है। बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया को मध्य प्रदेश के भिंड से टिकट मिला है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष सूची जारी करते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि 43 उम्मीदवारों में 13 पिछड़ा वर्ग, 10 सामान्य, 10 अनुसूचित जाति, एवं 9 अनुसूचित जनजाति एवं एक मुस्लिम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से प्रदीप टम्टा, पौड़ी गढ़वाल से गणेश गोदियाल एवं टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह को टिकट दिया है। 43 उम्मीदवारों में उत्तराखंड से 3, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से 10-10, असम से 12, गुजरात से 7 एवं दमन दीव से एक उम्मीदवार का नाम है।

नए मंत्रियों को मिले विभाग, ओमप्रकाश को अहमियत, दारा चौहान का कद घटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओमप्रकाश को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ, दारा चौहान को मिला केवल कारागार
- कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से वापस लेकर दो विभाग सौंपे

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चारों नए कैबिनेट मंत्रियों को विभाग सौंपने में मंगलवार को उनके कद का भी ध्यान रखा गया। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ विभाग देकर अहमियत दी तो दलबदल में माहिर दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग देकर कद घटाया। कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से दो विभाग वापस लेकर सौंपा गया है। बंटवारे में धर्मपाल सिंह और धर्मवीर प्रजापति के विभाग भी प्रभावित हुए हैं।

राज्य सरकार ने बीते पांच मार्च को दूसरी बार मंत्रिमंडल विस्तार किया था। चार नए कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण और हज व मुस्लिम वक्फ विभाग सौंपा गया। दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और अनिल कुमार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री होंगे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को दिया गया पंचायती राज विभाग पहले भूपेंद्र चौधरी के पास था, जिसे उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद छोड़ दिया था।

सरकार ने बनाई न्यूज़ एजेंसी शुभारंभ आज

- समाचार माध्यमों को फ्री में मिलेंगे समाचार

नई दिल्ली, ब्यूरो। केंद्र सरकार ने समाचार एजेंसियों की तर्ज पर अपनी न्यूज़ एजेंसी का सृजन किया है। इसका शुभारंभ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर आज करेंगे। सरकारी न्यूज़ एजेंसी शुरू करने की संरचना प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने तैयार की थी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह न्यूज़ एजेंसी ऑनलाइन हो जाएगी। कोई भी समाचार माध्यम जैसे अखबार, मैगजीन, यू ट्यूबर, डिजिटल मीडिया आदि इस एजेंसी के माध्यम से फ्री सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता और विश्वास का गवाह

पोखरण (राजस्थान), एजेंसी

भारत शक्ति : प्रधानमंत्री मोदी ने देखा तीनों सेनाओं की क्षमताओं का प्रदर्शन

- स्वदेश निर्मित हथियारों ने दिखाई अपनी ताकत

राजस्थान में यहां मंगलवार को 'भारत शक्ति' अभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है। सेना के तीनों अंगों का समन्वित अभ्यास पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में करीब 50 मिनट तक हुआ, जहां भारत ने अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने आसमान में गर्जना की और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर एमके-4 ने उड़ान भरी, जबकि मुख्य लड़ाकू टैंक अर्जुन और के-9 वज्र, धनुष तथा सारंग तोपखाना प्रणालियों ने जमीन पर गोलाबारी की। पिनाक उपग्रह प्रणाली जैसे प्लेटफॉर्म और कई ड्रोन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत शक्ति अभ्यास के दौरान आसमान में विमान की गर्जना और जमीन पर प्रदर्शित किया गया पराक्रम नए भारत का आह्वान है। उन्होंने याद किया कि यह पोखरण ही था, जहां अतीत में भारत का परमाणु परीक्षण किया गया। मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है।

यह अभ्यास जैसलमेर शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर किया गया, जिस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इतने व्यापक स्तर पर किया गया अपनी तरह का यह पहला अभ्यास है जो किसी (उत्तरी या पश्चिमी सीमा की) दिशा या किसी विरोधी के प्रति निर्देशित नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को कहा था कि यह स्वदेश में तैयार किए गए समाधानों के जरिए समकालिक और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने एवं उनसे निपटने की भारत की तैयारियों का एक स्पष्ट संकेत देते है। साथ ही भारत शक्ति वैश्विक स्तर पर देश की रक्षा क्षमताओं की मजबूती और इसमें नवाचार को प्रदर्शित करता है।

लड़ाकू विमान तेजस क्रैश, पायलट सुरक्षित

जैसलमेर/नई दिल्ली। वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना पोकरण से लगभग 100 किमी दूर हुई। यहां मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मेगा युद्ध अभ्यास 'भारत शक्ति' चल रहा था। सैन्य सूत्रों ने संकेत दिया कि तेजस जेट को इस अभ्यास का हिस्सा बनना था।

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा रामपुर की ओर से अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस, धार्मिक पर्व होली के शुभ अवसर पर परिषद के समस्त घटक के समस्त संवद्ध घटक दलों के सम्मानित सदस्यों एवं पदाधिकारी गणों सहित

हार्दिक शुभकामनाएं

पंडित राम बाबू शर्मा
जिला अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी
संयुक्त परिषद रामपुर

मुराद खां
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
राज्य कर्मचारी
संयुक्त परिषद रामपुर

जगदीश पटेल
जिला मंत्री,
राज्य कर्मचारी
संयुक्त परिषद रामपुर

वेद प्रकाश गंगवार
जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश
राजस्व संग्रह अमीन संघ रामपुर

टीटू कश्यप
प्रचार मंत्री
राज्य कर्मचारी
संयुक्त परिषद रामपुर

विनीता पटेल
वरी उपाध्यक्षा सुपरवाइजर ऐशो

कांति गंगवार
जिला अध्यक्षा सुपरवाइजर ऐशो,

निवेदक- पंडित राम बाबू शर्मा जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी जनपद शाखा रामपुर

अमृत विचार मुरादाबाद के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मोहम्मद हनीफ वारसी
प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन भानू

संतोष कुमार सिकंदर
प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन भानु

मुराद खान
नगर अध्यक्ष
बिलासपुर

रईस अहमद
जिला महासचिव

अखिल खान
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन शाहाबाद

शरीफ अहमद
जिला सचिव
भारतीय किसान यूनियन भानु

सफीक अहमद
युवा जिला प्रभारी
भारतीय किसान यूनियन भानु

फरहत अली खान
जिला प्रभारी
भारतीय किसान यूनियन भानु

सैयद जमाल आरिफ
मियां मंडल कोषाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन भानु

आरिफ अली
तहसील अध्यक्ष सदर
भारतीय किसान यूनियन भानु


गुड्डू नेताजी
वरिष्ठ पदाधिकारी
भारतीय किसान यूनियन भानू

निवेदक- भारतीय किसान यूनियन भानु

प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ जनपद रामपुर की ओर से अमृत विचार के चार वर्ष पूर्ण होने पर बधाई

डा. एस पी सिंह
सी.एम.ओ.
संरक्षक

डा. संतोष कुमार
अध्यक्ष
डिप्टी सी एम ओ

डा. अज़ीज हसन अंसारी
उपाध्यक्ष
सी एच सी, चिकित्सा अधीक्षक
बिलासपुर

डा. सत्यपाल सिंह
सचिव
सी एच सी, चिकित्सा अधीक्षक
टांडा

डा. देवेश चौधरी
कोषाध्यक्ष
सी एच सी, चिकित्सा अधीक्षक
स्वार

रमजान मुबारक

13 मार्च, इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 26 मिनट
शिया-6 बजकर 34 मिनट

14 मार्च, सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 54 मिनट
शिया- 4 बजकर 55 मिनट

नोट- क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 1:30 बजे।

☞ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की तिलक कालोनी में बैठक दोपहर 12:30 बजे।

एक नजर

फार्म-6 भरकर अपना पंजीकरण कराएं ट्रांसजेंडर

रामपुर, अमृत विचार : जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने ट्रान्सजेंडर समुदाय के प्रति समाज को जागरूक होने का संदेश दिया। जिन ट्रांसजेंडर समुदाय के वोट नहीं हैं, उनसे कहा कि वे शीघ्र ऑनलाइन फार्म-6 भरवाकर अपना पंजीकरण करा लें। नशा मुक्ति के संबंध में भी ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों को जागरूक किया गया। मंगलवार को ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ जागरूकता गोष्ठी हुई। इसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों का संरक्षण अधिनियम-2019 के अन्तर्गत उनकी समस्याओं के स्थानीय निराकरण है।

सीएए के नियम लागू होने पर बंगाली समुदाय में हर्ष पीएम को भेजा आभार पत्र

बिलासपुर, अमृत विचार : देश में नागरिकता संशोधन कानून के नियम लागू होने पर निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति ने हर्ष जताया है। समिति के प्रदेश महासचिव दीपांकर बैरागी एडवोकेट ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर इसे स्वागत योग्य कदम बताया है। कहा कि प्रधानमंत्री का यह निर्णय देश ही नहीं, बल्कि विश्व में भी सरकार की गारंटी का परिचय है। बंगाली समुदाय इस ऐतिहासिक साहस के लिए प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व केंद्र सरकार के प्रति आभार ज्ञापित करता है। पत्र की प्रतियां गृहमंत्री व मुख्यमंत्री को भी भेजी गई हैं। महासचिव ने बताया कि सीएए के निमय लागू होने की घोषणा होते ही उनके बंगाली बाहुल्य गांव मानपुर ओझा में हर्ष का माहौल पैदा हो गया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान श्यामल मिर्धा, प्रकाश चंद्र राय, रविन्द्रनाथ सिकदार, सत्यानंद सरकार आदि शामिल रहे।

पुलिस को अब बुजुर्गों से भी शांति भंग का खतरा

संवाददाता, पटवाई

- वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ की गई मुचलका पाबंद की कार्रवाई
- पुलिस की इस कारगुजारी से अवसाद में हैं बुजुर्ग

अमृत विचार : पुलिस लोकसभा चुनाव में अशांति पैदा करने वाले लोगों का मुचलका भरकर पाबंद कर रही है। पुलिस ने अब तक 3000 से ज्यादा लोगों को पाबंद किया है। इनकी चालान रिपोर्ट भेजी गई है।

शाहबाद तहसील के गांवों के लोगों की चालान रिपोर्ट भेज दी गई है। कुछ लोगों को समन भी आने शुरू हो गए हैं। पाबंद किए लोग प्रतिदिन तहसील परिसर में आकर अपने-अपने मुचलके भरवा कर जमानत करा रहे हैं। समन में यह खुलासा हो रहा है कि पुलिस ने इस अभियान में वरिष्ठ नागरिकों को भी नहीं बख्शा है। आपराधिक रिकार्ड वाले लोगों पर भी पुलिस पाबंदी की है। पुलिस को वृद्धजनों से भी चुनाव में शांति भंग का खतरा सता रहा है। रेहटगंज निवासी बुजुर्ग रमेश ने बताया कि उनका यह समय बुढ़ापे का है, उन्होंने थाने का मुहं भी नहीं देखा है और न ही उनका कोई अपराधिक इतिहास जनपद के किसी भी थाने में पंजीकृत है। फिर भी पुलिस ने उनके खिलाफ पाबंद की रिपोर्ट एसडीएम सदर को भेज दी है। जिससे वह अवसाद में हैं। उनका कहना है कि थाना पुलिस बिना आए ही और लोगों की सूचना पर पाबंदी की कार्रवाई कर रही है। लोगों का कहना है कि गांव के कुछ लोगों के पास बैठकर उनके बताए अनुसार मुचलका पाबंदी के लिए नाम भेजे जा रहे हैं।

इस बारे में थानाध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि हम जिम्मेदार और संभ्रांत लोगों को भी पाबंद करते हैं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए ऐसा किया जा रहा है।

तैयारी : नवीन मंडी से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, राजनीतिक दलों के होर्डिंग-बैनर हटवाने के निर्देश

लोस चुनाव के लिए 25 जोनल, 152 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्रवार 152 सेक्टरों में सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। 25 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का अवलोकन कर रहे हैं। संदिग्ध लोगों और मतदान केंद्रों के आसपास से जानकारी जुटाई जा रही है। डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी और मंडी में मतगणना होगी। इसके लिए तैयारियां कराई जा रही हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए क्षेत्र को 25 जोन में बांटा गया है। जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि वह स्वयं कई बार नवीन मंडी समिति स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। बताया कि राजनीतिक दलों के होर्डिंग हटवाने के निर्देश भी दिए हैं। रामपुर में वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव हुए थे और पूर्व मंत्री आजम खां के लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद 2022 में उपचुनाव हुआ था।

इस उपचुनाव में घनश्याम सिंह लोधी ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। 2024 के चुनाव में भाजपा हाईकमान ने एक बार फिर घनश्याम सिंह लोधी पर भरोसा जताते हुए उन्हें पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। बसपा के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर की बात पर भरोसा करें तो रामपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां समेत पांच दावेदारों ने आवेदन किया है। कहा कि बसपा प्रमुख का जो भी फैसला होगा उस पर अमल किया जाएगा। सपा और कांग्रेस का गठबंधन होने के बाद परिस्थितियां बदल गई हैं। सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि लोकसभा प्रत्याशी का टिकट पूर्व मंत्री आजम खां तय करेंगे।

मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम जोगिन्दर सिंह।

शहर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

रामपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने और निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने को प्रशासनिक स्तर से मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मंगलवार को फिजिकल स्टेडियम से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली तोपखाना, किला गेट, मिस्टन गंज, राजद्वारा, शाहबाद होते हुए स्टार चौराहा पर संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, लोकसभा निर्वाचन में अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। साथ ही मतदाताओं को उनके मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियों से संबंधित रोस्टर जारी कर दिया गया है। तिथिवार जागरूकता गतिविधियों से संबंधित रोस्टर को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। रैली के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार जायसवाल, डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा और जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

> लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियां चल रही हैं। मतदातओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरुकता रैलियां भी निकलवाई जा रही हैं। लोकसभा क्षेत्र को 25 जोनल और 152 सेक्टर में बांटा गया है। मजिस्ट्रेट भी तैनात कर दिए गए हैं।
> – जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी

तरक्की के लिए कड़ी मेहनत करें युवा : डीआईजी

नेहरू युवा केंद्र की ओर से जिला सहकारी बैंक सभागार में हुआ युवा संसद कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- युवाओं में संसद की कार्यप्रणाली के बारे में बढ़ेगी जागरुकता
- मोबाइल पर समय बर्बाद करने की बजाए समय सारिणी बनाएं

अमृत विचार : सीआरपीएफ के डीआईजी सुभाष चंद्रा ने कहा कि युवाओं में राजनीति में आने की भावना जाग्रत होनी चाहिए। युवा संसद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपने विचार रखने की स्वतंत्रता मिलती है। उन्होंने जिले के विकास, नारी शक्ति, वोकल फॉर लोकल, मिलेट्स व गरीब कल्याण व सरकारी योजनाओं पर भी चर्चा की। युवाओं को अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

नेहरू युवा केंद्र की ओर से जिला सहकारी बैंक सभागार में मंगलवार को स्वीप के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया। सीआरपीएफ के डीआईजी सुभाष चंद्रा, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहनलाल सैनी, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी माहे आलम ने कार्यक्रम शुरू किया। जिला युवा अधिकारी ने कहा कि युवा संसद के माध्यम से युवाओं को संसद की कार्यप्रणाली के बारे में जागरुकता बढ़ेगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी व्यस्क हो चुके हैं, युवा को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना चाहिए। खुद और अपने आसपास घर के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। संसद में अच्छे प्रतिनिधि तभी चुने जाएंगे जब सभी मतदान करेंगे। डीआईजी ने कहा कि युवा मोबाइल पर समय बर्बाद न करें। जीवन में आगे बढ़ने के लिए समय सारिणी बनाएं। कहा कि युवाओं को जो जिम्मेदारियां मिली हैं, उन्हें अपने कंधों पर लटका लें। कहा कि एक बार लाइट आने पर ट्यूबवेल का स्विच ऑन नहीं होता, दादा जी के एक थप्पड़ ने गीता का ज्ञान सिखा दिया। कहा कि जब तक काम नहीं करेंगे, खेतों से अनाज पैदा नहीं होगा। कड़ी मेहनत से काम करना होगा। तभी तरक्की की राहों पर आगे बढ़ सकते हैं। डॉ. रजिया परवीन ने युवाओं के बीच सक्रिय नागरिक संलग्नता की आवश्यकता पर भावुकता से बात की। डॉ. कादरी ने ऐसे आयोजनों के शैक्षिक लाभों पर ध्यान केंद्रित कराया। डॉ. सैयद मोहम्मद अरशद रिजवी ने विधायी प्रक्रिया समझाई। प्रथम सत्र में मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण एवं उसकी उपयोगिता विषय पर चर्चा की। साथ ही पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया।

द्वितीय व तृतीय सत्र में वक्ताओं ने नया भारत नई पहल, पीएम गतिशक्ति, वोकल फॉर लोकल, मोटे आनाज, नारी शक्ति समेत अन्य विषयों पर युवाओं से चर्चा की। अंतिम सत्र में युवा संसद का आयोजन किया गया। इसमें युवा अध्यक्ष, युवा नेता पक्ष, युवा विपक्षी नेता, पांच सत्ता पक्ष युवा सांसद, पांच विपक्ष युवा सांसद ने प्रतिभाग किया। विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान सुरेश आर्य, लेखाकार शांति भूषण पांडेय, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक शुभम सागर, संजीव कुमार, नरेंद्र कुमार, अमरीन, सतेंद्र, विजय, शोभित, नरवीर, मनोहर, रोहित कुमार सोनू, नाजिया नरेंद्र कुमार, आकाशवाणी रामपुर के वरिष्ठ उद्घोषक असीम सक्सेना, गौरव सक्सेना, जितेंद्र सिंह व मोहम्मद कासिम आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते जिला युवा अधिकारी माहे आलम। ● अमृत विचार

भोट में फोर्स के साथ पैदल मार्च करते सीओ रवि खोखर। ● अमृत विचार

पुलिस ने पैदल मार्च कर लिया सुरक्षा का जायजा

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ क्षेत्र के संवेदनशील गांवों में पैदल मार्च कर सुरक्षा का जायजा लिया। आमजनों को सुरक्षा का अहसास भी कराया। इस दौरान शरारती तत्वों को शांति व्यवस्था में खलल डालने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

मंगलवार 12 बजे पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना परिसर से पैदल मार्च शुरू किया। इस दौरान पुलिस टीम मिलक मिर्जा, नवादा, धनुपुरा, इंड्रा, इंड्री, कोयला, मिलक बिचौला, वाजिदपुर, पीपल गांव, अहमदनगर तराना समेत अन्य गांवों में पहुंची। इस दौरान पुलिस ने व्यापारियों व आमजनों से संवाद किया और सुरक्षा का अहसास कराया। शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की।

थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है और शरारती तत्वों को चेतावनी भी दी है। माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

दो विद्यालयों में होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर के दो विद्यालयों में यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए 992 परीक्षकों को लगाया गया है। मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू होगा। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिले में 22 फरवरी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हुई थीं। नौ मार्च को परीक्षाएं संपन्न हुईं। करीब 17 दिन तक परीक्षाएं चलीं। डीआईओएस मुन्ने अली ने बताया कि अब 16 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होगा। इसके लिए राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। दोनों केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिए की कॉपियां जांची जाएंगी। बोर्ड परीक्षा की तरह मूल्यांकन भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा। बोर्ड की ओर से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर अधिकारियों को सक्रिय होकर मूल्यांकन कार्य में पारदर्शिता रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सुरक्षा के लिए मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। परीक्षकों की ड्यूटी परिषद तय करेगी। राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में 630 और राजकीय रजा इंटर कॉलेज में 362 शिक्षकों की कॉपियां चेक करने की ड्यूटी लगाई है। 15 दिन में कॉपियां चेक करने का लक्ष्य दिया गया है।

1508 नवदंपत्तियों को घर-घर जाकर बांटे कुकर

रामपुर, अमृत विचार : जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 10 मार्च को महात्मा गांधी स्टेडियम में 1508 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ।

इस दौरान उपहार सामग्री में समय के आभाव के कारण कुकर की आपूर्ति नहीं हो सकी थी। बताया कि आपूर्तिदाता ने 24 घंटे का समय मांगा था ताकि वह उच्च गुणवत्ता का कुकर उपलब्ध करा सके।

बताया कि आपूर्ति के उपरांत संबंधित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत के माध्यम से 10 मार्च को उपस्थित 1508 नवदंपत्तियों को उनके घर-घर जाकर कुकर बांट दिए गए हैं।

सिविल लाइंस क्षेत्र में आठ घंटे नहीं मिली बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर के नालापार और सैजनी नानकार, सिविल लाइंस क्षेत्र में मंगलवार को आठ घंटे तक बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आपूर्ति नहीं मिली।

एक्सईएन इमरान खां ने बताया कि पश्मिांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से शहर में पुराने तारों और खंभों को बदलवाया जा रहा है। मंगलवार सुबह 10 बजे रजा इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस क्षेत्र में पुराने केबल बदलने से पहले लाइन का शटडाउन कराया। बिजली नहीं आने की अधिक जानकारी लेने के लिए संबंधित बिजलीघर के एसएसओ को फोन किया तो बताया कि पुरानी लाइनें, खंभे बदलवाने का कार्य किया जा रहा है। नालापार, आफरीदियान, मोरी गेट, बाग छोटे साहब, मदरसा कोहना, सैजनी नानकार क्षेत्र के नई बस्ती, खुसरो बाग और सिविल लाइंस क्षेत्र के मोहल्ला जिला पंचायत रोड, कचहरी रोड, नूर महल, आवास विकास, फैमिली अस्पताल, एलआईसी रोड, गंगापुर आवास विकास और रोशनबाग में बिजली नहीं आई। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार, एनसीसी कंपनी को 31 मार्च तक ठेका मिला है।

रजा बिजलीघर के बाहर लाइन को सही करते विद्युतकर्मी। ● अमृत विचार

शहर में भी लगेंगे उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर

गर्मी में बिजली की अधिक खपत होती है। इस लिहाज से विद्युत निगम की ओर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 406 अलग अलग क्षमता के ट्रांसफार्मर लगेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर बदलने का निर्णय लिया है। तहसील वार सूची बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों के स्थान पर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने का काम किया जाएगा। इसी लिहाज से शहर में भी अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।

गोष्ठी 15 मार्च तक एडवांस टैक्स जमा करने का अंतिम अवसर

ब्याज से बचने का प्रयास करें व्यापारी : राधेश्याम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित एक प्लाजा में मंगलवार को आयकर अग्रिम कर विषय पर गोष्ठी में हुई। इसमें प्रधान आयकर आयुक्त बरेली राधेश्याम का टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

इस दौरान प्रधान आयकर आयुक्त ने व्यापारी समाज के प्रतिनिधियों के सवालों का जवाब दिए और समस्याओं के समाधान के उपाय भी बताए। कहा कि 15 मार्च तक एडवांस टैक्स जमा करने का अंतिम अवसर है। समय पर अपना टैक्स जमा कर आय करदाताओं को इसका लाभ उठाना चाहिए। विभागीय पेनाल्टी व ब्याज आदि से बचने का प्रयास करना चाहिए। टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए आरके अग्रवाल ने प्रधान आयकर आयुक्त को विश्वास दिलाया, हम अपने स्तर से अधिक से अधिक एडवांस टैक्स जमा करवाने का प्रयास करेंगे। आईआईए के सचिव श्रीश गुप्ता ने आयकर अधिनियम की धारा 43ए(एच) के बारे में बताया कि एमएसएमई के तहत पंजीकृत फर्मो से खरीदा गया माल इस नई धारा में प्रचलित 45 दिन के अंदर भुगतान प्रक्रिया की बाध्यता के कारण वापस करना पड़ रहा है। सरकार एमएसएमई फर्मों के लघु व्यापारियों को बढ़ावा देना चाहती है। मगर इस नई धारा के कारण उन्हें नुकसान होने की संभावना है।

इस धारा में संशोधन करने की उन्होंने मांग रखी। रामपुर टैक्स बार एसोसिएशन (एडवोकेट्स ग्रुप) के अध्यक्ष अजीम इकबाल खां ने आयकर अधिनियम के अंतर्गत फेस लेस स्कीम के तहत जारी होने वाले नोटिस के जवाब का आयकर अधिकारियों से कोई संज्ञान न लेने और मनमानी पूर्ण फैसले करने का आरोप लगाया।

गोष्ठी को व्यापारी नेता सोनी अग्रवाल, कपिल आर्य और वरिष्ठ अधिवक्ता नासिर अली खां ने भी संबोधित किया। इस दौरान आयकर अधिकारी सुरेंद पाल, टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार भांडा, नवीन जैन, आशीष कमथानिया, सीए अंकुर अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, पूर्व आयकर अधिकारी इस्तफा अली खां, रचित रस्तोगी, पंकज कुमार, शैलेन्द्र कुमार शर्मा, याकूब अली, राजीव कुमार सक्सेना, अतुल सक्सेना, करणदीप सिंह, व्यापार मंडल पदाधिकारी शाहिद शम्सी, प्रदीप खंडेलवाल व आशीष कमथानिया आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधान आयकर आयुक्त राधेश्याम। ● अमृत विचार

1769 ने दी फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सीबीएसई 12वीं के फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा मंगलवार को 13 परीक्षा केंद्रों पर हुई। इसमें 1803 विद्यार्थियों में से कुल 1769 ने परीक्षा दी। 34 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

परीक्षा दौरान परीक्षार्थियों की सीसी टीवी कैमरों से निगरानी होती रही। सभी केंद्रों पर छात्राओं की तलाशी के लिए महिला शिक्षक तैनात रहीं। केंद्रों पर आंतरिक सचल दल ने भी निरीक्षण किया।

12वीं के परीक्षार्थी केंद्रों पर निर्धारित समय सुबह 10 बजे पहुंच गए। जबकि केंद्रों पर परीक्षा 10 : 30 बजे आरंभ हुई। केंद्रों से निर्धारित दूरी तक फोटो स्टेट की दुकानें नियमानुसार बंद रहीं। छात्रों की पुरुष शिक्षक ने एवं छात्राओं की तलाशी महिला शिक्षकों ने ली। सभी केंद्र पर आंतरिक सचल दल ने निरीक्षण किया। इस दौरान किसी केंद्र पर कोई अव्यवस्था नहीं मिली। परीक्षा देने के पश्चात परीक्षार्थी पेपर अच्छा होने से खुश होकर बाहर आए। परीक्षार्थियों ने बताया कि फिजिकल एजूकेशन विषय में प्रश्न पत्र आसान आया।

सीबीएसई परीक्षा के सिटी कोआर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि 10वीं के कम्प्यूटर और इन्फार्मेटिक्स प्रैक्टिसेज की परीक्षा 13 मार्च को होगी। इसमें कुल 2860 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते 12वीं के परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

सीबीएसई
- सुबह साढ़े 10 बजे शुरू हुआ इंटरमीडिएट का पेपर
- 10वीं के इन्फार्मेटिक्स प्रैक्टिसेज का पेपर आज

बिजली आपूर्ति बाधित रहने से रोजेदार परेशान

मसवासी, अमृत विचार : नगर क्षेत्र में बिजली अव्यवस्था को लेकर नागरिकों में विभाग के खिलाफ रोष बढ़ रहा है। दिन में बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली उपकेंद्र पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के तैनात न रहने से नगर क्षेत्र में बिजली अव्यवस्था बढ़ गई है। दिन के समय बिजली का संकट रहता है। इससे कस्बे की पेयजल आपूर्ति बाधित होती है। मंगलवार को पहला रोजा था। पेयजल को लेकर रोजेदारों की परेशानियां बढ़ गई हैं। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है। भाजपा स्वार ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष पवन कुमार ने इसके लिए बिजली कर्मियों को जिम्मेदार ठहराया है। विभागीय अधिकारियों से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एक नजर

स्मैक बेचने आए बरेली के दो युवक गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को उत्तराखंड सीमा के नजदीक स्थित एक हॉस्पिटल के पास से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से 20 ग्राम स्मैक मिली। पकड़े गए आरोपियों में अतेन्द्र सिंह व रवि शामिल हैं। ये दोनों बरेली जनपद के मीरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कराया गया।

सभासदों ने देखा प्रसारण

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर पालिका में सभासदों व लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान अमन वर्मा, परवेज खां, इमरान खां, रीतू कुमारी व परमजीत कौर पोला तथा वरिष्ठ लेखाकार प्रदीप सक्सेना, कमल सक्सेना आदि रहे।

अयोध्या में सम्मानित हुए शिक्षक प्रदीप भटनागर। ● अमृत विचार

अयोध्या में शिक्षक प्रदीप सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शिक्षक प्रदीप भटनागर को अयोध्या में सम्मानित किया गया। अयोध्या में चल रहे रामोत्सव के मंच पर संस्कृति मंत्रालय और लीडर उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में हुए गुरु वशिष्ठ के राम शीर्षक वाले कार्यक्रम में उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

इस सम्मान को रामोत्सव आयोजक समिति के प्रभारी आशुतोष द्विवेदी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद बस्ती के द्वारा शिक्षक को प्रदान किया गया। जनपद अयोधया में प्रभु श्री राम के मंदिर के उद्घाटन पर रामोत्सव कार्यक्रम चल रहा है। इसमें देश भर के कलाकार सांस्कृतिक प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदीप भटनागर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी और शिक्षकों को बधाई दी। शिक्षक प्रदीप भटनागर जनपद में एसआरजी के पद पर कार्यरत हैं।

सिलईबड़ा प्रकरण: लोग पीड़ितों को न्याय की उठा रहे मांग

आंबेडकर पार्क में लोगों ने दिया धरना

संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गांव सिलईबड़ा में छात्र सुमेश को न्याय दिलाने के लिए आंबेडकर पार्क में पांचवें दिन भी लोगों का धरना जारी रहा। उन्होंने पीड़ितों को मदद की मांग उठाई।

दलित समाज के नेता महेश सागर ने बताया कि सिलईबड़ा में 27 फरवरी को उपजिलाधिकारी और पुलिस प्रशानन की मौजूदगी में फायरिंग के दौरान गोली लगने से सुमेश की मौत हो गई थी। रईसपाल व रमन घायल हो गए थे। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इससे अनुसूचित जाति समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। इसे लेकर वे आंबेडकर पार्क में धरने पर बैठे हैं। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। कहा कि पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए। बताया कि प्रशासन ने दबाव बनाने के लिए गांव के लोगों पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रशासन धरना स्थल पर उपस्थित होकर वार्ता कर न्याय देते हुए धरने को समाप्त करने का प्रयास करें। इस दौरान जसराज सिंह सागर, दिनेश कुमार बब्ली, प्रमोद सागर, शांति शरण सागर, हरिओम, राम बहादुर, सत्यपाल बादल, वीरेंद्र कुमार, छत्रपाल, त्रिलोक कुमार, राम सिंह खन्ना, सत्यपाल आदि रहे।

आंबेडकर पार्क में धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एरियर दिलाने की मांग

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के संरक्षक विपिन कुमार गुप्ता ने कहा कि कुछ समय पहले पालिका प्रशासन ने तय किया था, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जल्द ही एरियर दिलाया जाएगा। लेकिन अभी तक नहीं दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि एरियर को लेकर संघ का प्रतिनिधि मंडल अधिशासी अधिकारी से वार्ता करेगा। होली से पहले एरियर दिलाया जाए। शहर के मोहल्ला झंडा वाल्मीकि बस्ती में मंगलवार को प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की बैठक में पदाधिकारियों ने समस्याएं उठाईं। जिलाध्यक्ष बाबू लाल कौशल ने कहा कि वर्ष 2022 से बढ़े हुए मानदेय ठेका सफाईकर्मियों को नहीं दिया जा रहा है। न ही पालिका कर्मचारियों से पद के अनुसार कार्य कराया जा रहा है। संघ का कार्यालय जर्जर है। इस समस्या को लेकर अधिशासी अधिकारी से मिला जाएगा। इस दौरान राकेश दुली, संजय समर्पित, प्रमोद कुमार, राज राजेश अंकित बाबा, विमला देवी, आशा देवी, राजू राज, नन्हें, उषा और भगवती आदि मौजूद रहे।

1699 आशाओं को वितरित किए जाएंगे प्रमाण पत्र

रामपुर, अमृत विचार : जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से बुधवार को जनपद में राष्ट्रीय आशा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि सम्मेलन में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नंद किशोर कलाल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह शामिल रहेंगे। कहा कि आशा कार्यकर्ता गांव के लोगों की आशा की किरण है। मातृ एवं शिशु, मृत्यु दर में आ रही कमी में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। सम्मेलन में प्रत्येक ब्लॉक से तीन सर्वश्रेष्ठ सेवाएं देने वाली आशा को सम्मानित किया जाएगा। डीसीपीएम प्रभात कुमार ने बताया कि ब्लॉक में आशा के प्रथम स्थान आने पर पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, दूसरे स्थान पर आने वाली आशाओं को दो हजार और तीसरे स्थान पर आने वाली आशाओं को एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। जिले में तैनात 1699 आशाएं द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर सम्मानित किया जाएगा। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी, राज्य स्तरीय आशा प्रशिक्षक डा. कुलदीप चौहान समेत स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहेंगे।

अतिक्रमण हटवाने के लिए तैयार किए गए नोटिस

रामपुर, अमृत विचार : शहर में सार्वजनिक सम्पत्ति पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। अतिक्रमण हटाए जाने के लिए पालिका प्रशासन की ओर से बराबर चेतावनी दी गई लेकिन इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। इन लोगों पर शिकंजा कसने के लिए पालिका प्रशासन सख्त हो गया है। कब्जा हटाए जाने के लिए इनके खिलाफ नोटिस देने बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इनको नोटिस देकर सप्ताह भर का समय दिया जाएगा। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अवैध रूप से कब्जा कर रहे लोगों को हटाया जाएगा। साथ ही इनसे जुर्माने के कार्रवाई की जाएगी। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दिनों मालगोदाम से लेकर आंबेडकर पार्क तक अतिक्रमण हटवाया गया है। इसके अलावा शाहबाद गेट, मिस्टन गंज, शौकत अली रोड, राम रहीम पुल के दुकानदारों को नोटिस देने की प्रक्रिया की जा रही है। अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पहाड़ी गेट बिजलीघर का उखड़ गया फर्श

रामपुर, अमृत विचार : शहर के 13 बिजलीघरों में से पहाड़ी गेट बिजलीघर की हालत काफी खस्ताहाल है। बरसात में हुई बारिश से बिजलीघर में जलभराव हो गया था। जलभराव होने से कई दिन तक बिजली ठप हो गई थी। काफी मशक्कत से पंपिग सेट लगाकर पानी की निकासी कराई गई थी। तब से बिजलीघर की हालत काफी खराब है जगह-जगह से फर्श धंस गया। यहां पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजलीघर की हालत सुधारने को लेकर एसडीओ, जेई ने रिपोर्ट बनाकर एक्सईएन को सौंपी दी है। एक्सईएन ने इसकी आख्या मुरादाबाद चीफ के निर्माण विभाग को भेज दी है। रिपोर्ट को भेजे हुए कई माह का समय गुजर चुका है। लेकिन इसके बाद भी बिजलीघर की मेंटीनेंस नहीं कराई गई है। तीन दिवसीय पश्मांचल विद्युत निगम लिमिटेड के नोडल अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

ट्रॉली में घुसी कार, दो लोगों की मौत

शाहबाद-आंवला मार्ग पर हादसा, पांच अन्य घायल, दौलतपुर में आए थे सभी

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

अमृत विचार : शाहबाद तहसील क्षेत्र में सोमवार देर रात शादी से लौट रहे लोगों की कार सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली में घुस गई। इस हादसे में चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पांच अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए हैं।

उत्तराखंड में रुद्रपुर के गांव रम्पुरा निवासी कुछ लोग मोहल्ले के ही युवक की शादी में शामिल होने दौलतपुर गए थे। सोमवार रात ये लोग कार से घर लौट रहे थे। रात दो बजे शाहबाद-आंवला मार्ग पर उनकी कार सड़क किनारे खड़ी लकड़ी से लदी ट्रॉली में घुस गई। हादसे में कार चालक रवि (20) पुत्र जागनलाल की मौके पर मौत हो गई। गोवर्धन पुत्र कल्लूराम, शंकर पुत्र जोगराज, ओमप्रकाश पुत्र लेखराज, रोशन पुत्र सुखलाल, पप्पू पुत्र भगवान, गुड्डू पुत्र ओमप्रकाश जख्मी हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गोवर्धन और शंकर के अलावा सभी की हालत गंभीर होने पर रामपुर रेफर किया गया।

जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही पप्पू (36) ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हादसे के बाद बिखरी पड़ी लकड़ी, पास में खड़ी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

हादसे का सबब बन रहीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

जगह-जगह खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉलियां हादसे का कारण बन रही हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी ने ट्रॉलियां खड़ी करने वालों पर कार्रवाई नहीं करते है। उधर, जिले भर में धड़ल्ले से ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दौड़ती रहती हैं। रात में उनको कही भी रास्ते में खड़ा कर चले जाते हैं। ऐसा ही रात में हादसा हुआ। शाहबाद क्षेत्र में रात में आंवला रोड पर खड़ी एक ट्रॉली में कार घुस गई।

रवि।

पप्पू।

बचपन से था साथ, आखिरी सांस तक निभाई दोस्ती

मनोज आर्या, रुद्रपुर, अमृत विचार : ताउम्र दोस्ती निभाने का वादा करने वाले पप्पू और रवि को यह नहीं पता था कि जिस बारात में वह साथ कार में जा रहे हैं। वही यात्रा उनके जीवन का आखिरी सफर होगा। दोनों दोस्तों की हादसे में मौत के बाद हर कोई स्तब्ध है और उनकी दोस्ती की चर्चा कर रहा है। इसका कारण दोंनों जिगरी दोस्त होने के साथ ही मृदुभाषी और व्यवहार कुशल थे। शाहबाद रामपुर हाईवे पर सड़क हादसे के बाद मृतक रवि और पप्पू की मौत को लेकर वार्ड-24 का हर व्यक्ति दुखी है। कारण एक ही वार्ड में रहने के कारण दोनों के बीच गहरी दोस्ती थी और बचपन से ही साथ खेले और हर सुख व दुख में दोनों साथ रहते थे। लोगों का कहना था कि शाम के वक्त काम करने के बाद अक्सर दोनों एक बार जरूर मिलते थे। हादसे के दिन पप्पू ने रवि को शादी में चलने को कहा था। बस में जगह नहीं होने के कारण एक बार दोनों का जाना कैंसिल भी होने वाला था।

बाजपुर मार्ग पर पेड़ से टकराई कार, बुआ-भतीजे की गई जान

संवाददाता, दढ़ियाल (रामपुर)

अमृत विचार : हल्द्वानी स्थित रिश्तेदारी में दफन कराने के बाद घर लौट रहे बुआ-भतीजे की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा बाजपुर मार्ग पर जंगल में हुआ।

टांडा बादली निवासी फिरासत अली (24), जुबैर उर्फ लाला (35) शहनाज (35) पत्नी जुल्फिकार दढ़ियाल के मोहल्ला पड़ाव निवासी मुसब्बिहा (55) पत्नी हाजी सगीर और एक चार वर्षीय बच्चे के साथ कार से हल्द्वानी में किसी रिश्तेदारी में दफन कराने के बाद घर लौट रहे थे। कालाढूंगी से बाजपुर मार्ग पर जंगल में उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में मुसब्बिहा और फिरासत की मौके पर ही मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भिजवा दिए हैं।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही नगर के मोहल्ला पड़ाव निवासी मुसब्बिहा और फिरासत की मौत की सूचना परिजनों को मिली तो परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। सूचना पाकर नगर के लोग घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। देर शाम तक शव घर नहीं पहुंचे थे।

हादसे में बाइक सवार युवक घायल

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर क्षेत्र में धमोरा बाईपास पर मंगलवार सुबह कार चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव डाहोरिया निवासी कृष्ण पाल बाइक पर सवार होकर धमोरा किसी काम से आया था। जब वह घर की ओर लौटा तो बाईपास पर टूटे डिवाइडर की तरफ से सड़क पार करने लगा। बाइक डिवाइडर से उतरी तो बरेली की ओर से आ रहे कार सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लग गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना धमोरा चौकी पुलिस को दे दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ा करा दिया।

10 रुपये का लालच देकर छह साल की बालिका से दुष्कर्म

संवाददाता, पटवाई (रामपुर)

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में छह वर्षीय बालिका के साथ 40 वर्ष के युवक ने 10 रुपये का लालच देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण के अनुसार, गांव निवासी व्यक्ति गांव में झूला लगाता है। सोमवार को उसकी छह वर्षीय पुत्री झूला झूलने के लिए गई थी। आरोप है कि झूला मालिक उसकी पुत्री को 10 रुपये का लालच देकर गांव के ही सामुदायिक शौचालय में ले गया। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह बेहोश हो गई। उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गया। बताया कि बालिका होश में आने के बाद रोती हुई घर आई। यहां उसने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजपाल के खिलाफ सोमवार रात्रि रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी अभी फरार है।

पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

सैफनी, अमृत विचार : अदालत से गैर हाजिर चल रहे दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर कोर्ट में पेश किया है। थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी जोर अली पर साल 2017 में एक किशोरी से दुष्कर्म करने में पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज हुआ था। मामले में वह अदालत से गैर हाजिर चल रहा था। अदालत ने उसके गैर जमानती वारंट जारी किए थए। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी प्रेमिका पुलिस चौकी पहुंची

मसवासी, अमृत विचार : प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी प्रेमिका पुलिस चौकी पहुंच गई। उसने आरोप लगाया है कि उसकी मां जबरन उसकी शादी अन्य व्यक्ति से करना चाहती है।

वह अपने प्रेमी से शादी करना चाहती है। प्रेमिका ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर प्रेमी से शादी करने की गुहार लगाई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि है कि गांव के ही एक युवक से उसका काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसकी जानकारी जब उसकी मां को हुई तो वह जबरन अन्य व्यक्ति से उसकी शादी कराने लगी। युवती ने कहा कि यदि उसकी शादी उसके प्रेमी के साथ नहीं हुई तो वह आत्महत्या कर लेगी। प्रेमिका ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर प्रेमी से शादी कराने की मांग की है।

समस्याओं के निस्तारण का मिला भरोसा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसानों को समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन मिला है। इससे पहले भाकियू के वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि खराब फसलों का मुआवजा दिलाया जाए।

रामपुर-काठगोदाम फोर लेन का निर्माण धीमी गति से चल रहा है, जो प्रोजेक्ट वर्ष 2018 में पूरा होना था, वर्ष 2024 तक पूरा नहीं हो सकता है। राष्ट्रीय महासचिव ने जिला प्रशासन से मांग की कि शीघ्र रामपुर से रुद्रपुर तक फोर लाइन का निर्माण कराया जाए। कहा कि फसलें खराब होने से किसानों की आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों के कर्ज माफ किए जाए। इन सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन बड़ा आंदोलन को मजबूर होगी। ज्ञापन देने वालों में मुराद खान, आरिफ अली, रईस अहमद, महबूब अली, सादिक अहमद, शफीक अहमद प्रधान,तौफीक अहमद, गुलाम रसूल, आरिफ अली, मुकेश श्रीवास्तव, हड़ताल सिंह यादव, रिफत अली, याकूब,इसरार अली, अशोक कुमार यादव आदि शामिल रहे।

कलेक्ट्रेट में एसडीएम को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

रठौंडा में 17 मार्च को होगी किसानों की पंचायत

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने बताया कि कृषि मेला रठौंडा में जिला पंचायत के पंडाल में 17 मार्च को पंचायत होगी। इसमें जिले के किसान, कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचेंगी। किसानों की समस्याओं और जिन लोगों ने मेले में अपनी दुकानें लगा रखी है, उनसे उनकी समस्याओं को जाना जाएगा। उन्होंने किसानों और पदाधिकारियों से मेले में पहुंचने का आह्वान किया। कृषि मेला में सुबह 11 बजे अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों की समस्याओं को सुलझाया जा सके।

समस्या रमजान में पालिका के दावों की खुली पोल, ओवरहेड टैंक की दो साल से नहीं हुई सफाई

तालाब केला वाला में दो दिन से जल संकट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रमजान व होली पर पालिका प्रशासन की ओर से शहर की जनता से किए गए दावे धरातल दम तोड़ रहे हैं।

रमजान में शहरवासियों को निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं मिल रही है। रोजा इफ्तार व सहरी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। पालिका में ओवरहेड टैंक की दो साल से सफाई नहीं हुई है। नगर पालिका परिषद के पास मोहल्ला तालाब केला वाला क्षेत्र के लोगों को पेयजल आपूर्ति नहीं मिल रही है। दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप है। कभी आ रही है, कभी पानी का दबाव कम है। हालांकि चार दिन पहले पालिका बोर्ड की बैठक में पालिकाध्यक्ष ने शहर को पेयजल आपूर्ति देने के निर्देश दिए थे। लेकिन तालाब केला वाला, अखाड़ा सोहराब खां, जीना इनायत खां में दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप है। यहां के लोगों का कहना है कि आए दिन पेयजल की किल्लत हो रही है। इन क्षेत्रों में पानी आपूर्ति पालिका में स्थापित ओवरहेड टैंक से हो रही है। दो वर्षों से टैंक की सफाई नहीं होने से घरों में गंदा पानी आ रहा है।

सूचना पट पर दर्शाई गईं तिथियां।

रमजान, होली को ध्यान में रखते हुए शहरवासियों के लिए व्यवस्थाएं कराई गई हैं। कहीं भी किसी को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। तालाब केला क्षेत्र की समस्या का समाधान कराने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया है।
-दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ

दो दिन से पेयजल संकट है, रोजा इफ्तार और सहरी में जलापूर्ति नहीं मिल रही है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। -सरफराज



केला वाला तालाब क्षेत्र में पाइपलाइन में काफी दिनों से गंदा पानी आ रहा है। रमजान के महीने में भी लोगों को दिक्कत हो रही है।
-तसलीम खां

केला वाला तालाब क्षेत्र में पालिका के पीछे टैंक है, जब यहां का बुरा हाल है तो शहर की जनता का क्या हाल होगा। समस्या दूर की जाए। -वसीम

पानी के बिना काम अधूरे हैं, जब पानी नहीं आ पाएगा तो घरों में कार्य कैसे निपटेंगे। समस्या का समाधान हो। -मुराद मियां

मुख्यमंत्री का संबोधन सुनते निवेशक और अधिकारी। ● अमृत विचार

समस्याओं का कराएं निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी में किया गया। इसमें जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, जिले के प्रमुख उद्यमियों, निवेशकों ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना।

इस दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार को निर्देशित किया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण तत्परता से कराएं। जिले में उद्यम प्रोत्साहन के दौरान कोई दिक्कत न आए और उद्यमियों के लिए जरूरी सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र नियमानुसार समयबद्ध तरीके से जारी हों। जिलाधिकारी ने जिले के प्रमुख निवेशकों के लिए शासन स्तर से भेजे गए मोमेंटो प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। बिलासपुर और शहर के उद्यमियों ने विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी को जानकारी दी। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेटअभिनव जे जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

रेलवे स्टेशन पर भाजपाइयों ने सुना पीएम का संबोधन

रामपुर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भारतीय रेल की 85,000 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू मौजूद रहे। मोहनलाल सैनी, अभय गुप्ता, शकुंतला लोधी, प्रेम शंकर पांडेय, ऋषि पांडेय, सौरभ पाल लोधी, अर्जुन रस्तोगी, प्रमोद आहूजा, अवधेश शर्मा, आशु गुप्ता, संजय नरूला, पारुल अग्रवाल आदि रहे।

14 वाहनों का चालान

रामपुर,अमृत विचार : सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने मसवासी और टांडा क्षेत्र में रात्रिकालीन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस दौरान 89 वाहनों के अभिलेखों की जांच की गई। 14 वाहनों का चालान किया गया। छह वाहन सीज किए गए। इन वाहनों पर 2 .90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

रमजान में हर दिन, हर वक्त इबादत, ऐसा शर्फ किसी दूसरे माह को हासिल नहीं

कुरआन में है रमजान की फजीलत का जिक्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुकद्दस रमजान एक ऐसा महीना है जिसमें हर दिन और हर वक्त इबादत होती है। रोजा इबादत, इफ्तार इबादत, इफ्तार के बाद तरावीह का इंतजार करना इबादत, तरावीह पढ़कर सहरी के इंतजार में सोना इबादत, माहे रमजान में हर पल खुदा की शान नजर आती है।

कुरआन मजीद में सिर्फ रमजान शरीफ ही का नाम लेकर इसकी फजीलत को बयान किया गया है, किसी दूसरे महीने को यह शर्फ हासिल नहीं है। तमाम अंबिया ने अलग-अलग वक्त में रोजे रखे हैं।

शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली बताते हैं कि माहे रमजान में अल्लाह रहमतों की बारिश करता है। रमजान ही एक ऐसा महीना है जिसमें हर दिन और हर वक्त इबादत होती है।

अल्लाह ने कुरआन शरीफ में सिर्फ रमजान की फजीलत को बयान किया है। कुरआन में किसी दूसरे महीने को यह शर्फ हासिल नहीं है। माहे रमजान में एक रात शब-ए-कद्र है, जो हजार महीनों से बेहतर है। शहर इमाम बताते हैं कि रमजान में इब्लीस और दूसरे शैतानों को जंजीरों में जकड़ दिया जाता है। जो लोग इसके बावजूद भी गुनाह करते हैं, वे नफ्से अमारा की वजह से करते हैं।

रमजान में नफिल का सवाब फर्ज के बराबर और फर्ज का सवाब 70 गुना मिलता है। रमजान में सहरी और इफ्तार के वक्त दुआ कुबूल होती है। अल्लाह अपने रोजेदारों की हर नेक ख्वाहिश को पूरा करता है।

इन नबियों ने रखे हैं अलग-अलग वक्तों में रोजे

मौलाना अली मोहम्मद नकवी बताते हैं कि अलग-अलग वक्त में विभिन्न जगहों पर नबी आते रहे हैं और नबियों ने रोजे रखे हैं। हजरत आदम अलैहिस्सलाम अयामे बैज का रोजा रखा करते थे। हजरत मूसा अलैहिस्सलाम आशूरा का रोजा रखते थे। हजरत इदरीस हमेशा रोजा रखते थे। हजरत नूह यौमे फित्र और यौमे अल जहा को छोड़कर हमेशा रोजा रखते थे और हजरत इब्राहीम हर माह तीन दिन रोजा रखते थे। हजरत दाऊद एक दिन रोजा रखते और एक दिन इफ्तार करते थे। हजरत सुलेमान हर महीने के शुरू में तीन दिन और बीच में तीन दिन और आखिर में तीन दिन रोजे रखते थे। हजरत ईसा हमेशा रोजा रखते थे।

इफ्तार करने में बंदों की तरफ से अल्लाह की बारगाह में अपनी आजिजी का इजहार करना है और अल्लाह की दी हुई इजाजत का जल्दी कुबूल कर लेना है। इफ्तार उस वक्त किया जाए जब सूरज डूबने का गालिब गुमान हो जाए। हदीस में है कि अल्लाह तआला रमजान की हर इफ्तार के वक्त एक लाख दोजखियों को दोजख से आजाद करता है और वह ऐसे होते हैं जिन पर अजाब वाजिब होता है। मजहबे इस्लाम न सिर्फ इफ्तार का हुक्म देता है बल्कि दूसरे रोजेदारों को इफ्तार कराने की तरगीब भी देता है। **– मौलाना मुफ्ती महबूब अली,** शहर इमाम

धमोरा में ड्रग इंस्पेक्टर का छापा, संचालक फरार

रामपुर, अमृत विचार : औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने मंगलवार दोपहर मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। इससे धमोरा मार्केट में खुल रहे मेडिकल संचालकों में हड़कंप मच गया। दुकानदार दुकानों के शटर गिरकर खिसक गए।

औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों में औषधियों की जांच की। कई दवाओं के नमूने भी लिए। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोरों के संचालकों को नशीली दवा, बिना बिल की दवा न बेचने की हिदायत दी।

मौके से फरार होने वाले मेडिकल संचालकों की रिपोर्ट उच्चधिकारियों को भेजकर संबंधित कार्रवाई के लिए नोटिस भेजे जाएंगे। उनसे मेडिकल स्टोर पंजीकरण से संबंधित दस्तावेज भी दिखाने को कहा है।

सार-संक्षेप

लखनऊ में मुख्यमंत्री से वार्ता करते सांसद घनश्याम सिंह लोधी। ● अमृत विचार

सांसद घनश्याम सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

रामपुर, अमृत विचार : सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सांसद से विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। सांसद ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग के मंत्री से मुलाकात कर खौद-थुनापुर मार्ग निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत करने के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से प्रथम किस्त की धनराशि देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। धनराशि के लिए शासन का आदेश लोक निर्माण विभाग रामपुर को प्राप्त हो गया। सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री ने खौद-थानापुर मार्ग निर्माण के लिए पहले ही स्वीकृत कर दिया था। लेकिन किसी कारण से धनराशि स्वीकृत नहीं हो पाई थी। मंगलवार को मुख्यमंत्री से अनुरोध कर स्वीकृति के लिए आदेश करवा लिए हैं। धनराशि मुक्त हो गई। जल्द ही निर्माण प्रारंभ होगा। इससे 50 से 70 गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। मार्ग निर्माण में 31 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्रथम किस्त के रूप में 6 .5 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं।

पुलिस लाइन में निरीक्षण करते एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव। ● अमृत विचार

एएसपी ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

रामपुर, अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर में सफाई व्यवस्था देखी। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली। परेड में पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चेक किया। बाद में भोजनालय, कैन्टीन, कम्प्यूटर कक्ष का भी निरीक्षण किया।

छात्राओं को जानकारी देतीं प्रशिक्षिका नरवंत कौर। ● अमृत विचार

राष्ट्र सेवा में योगदान की भावना करें जागृत : डॉ. अतुल

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में मदर टेरेसा रेंजर्स शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को रेंजर्स को हाथ मिलाना व सेल्यूट करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि रेंजर प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य नवयुवतियों को राष्ट्र सेवा में योगदान की भावना को जाग्रत करना है। जिला संगठन कमिश्नर गाइड नरवंत कौर ने ध्वज शिष्टाचार एवं प्राथमिक चिकित्सा के विषय में बताया। इसके साथ ही सीटी के संकेत, बाया हाथ मिलाना, सेल्यूट की जानकारी दी। नोटबुक के बारे में बताया। शिविर का आयोजन व संचालन महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान व सदस्य डॉ. अंकिता, डॉ. सुनीता, डॉ. प्रीति लता, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. प्रीतिबाला शर्मा, डॉ. गोविन्द शरण गुप्ता, डॉ. योगेश चन्द्र ने किया। इस दौरान डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. निशात बानो, प्रोफेसर सबीहा परवीन, डॉ. अनीता रानी कन्नौजिया, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. शत्रुजीत सिंह, डॉ. नागेन्द्र पाल, डॉ. कुणाल दीक्षित, डॉ. टिकेन्द्र सिंह, डॉ. यामिनी सिंह, डॉ. जया कुमारी आदि रहीं।

अब रागी उपज की बिक्री को खुलेंगे केंद्र

रागी उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने को कृषि विभाग किसानों को बांटेगा मुफ्त बीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रशासन किसानों को मोटा अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। योजना के तहत जिले के कुछ किसानों को प्रोत्साहित कर रागी अनाज का उत्पादन करवा रहा है। इच्छुक किसानों को मई-जून में बोने के लिए बीजों का वितरण निशुल्क किया जाएगा। उपज होने पर इसकी बिक्री के लिए कृषि विभाग क्रय केंद्र खोलेगा। 100 दिन में पकने वाली फसल रागी जून में बो दी जाती है। यह मधुमेह रोगियों के लिए रामबाण है। इसके लिए विशेष मिट्टी या सिंचाई भी नहीं चाहिए। हालांकि जिले में अभी इसकी शुरूआत हुए एक साल ही बीता है। कृषि विभाग इसकी उपज को बढ़ाने के लिए अभियान बनाकर कई रणनीति तय कर चुका है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसानों को रागी के बीज उपलब्ध कराने की योजना तय की गई है। इसके तहत मई-जून में प्रत्येक ब्लॉक के राजकीय बीज भंडार केंद्र से बीजों का मुफ्त वितरण किया जाएगा। जनपद में रागी उत्पादक को अपनी उपज बेचने में आ रही समस्या से निजात दिलाने का भी इंतजाम किया जा रहा है। कृषि विभाग के सहयोग से कृषक उत्पादक संगठनों को क्रय के लिए प्रेरित किया जाएगा। रागी की अधिक उपज होने पर इसके सरकारी क्रय केंद्र खोलने की व्यवस्था की जाएगी। गेहूं-धान की तरह इसके खरीद क्रेंद खोले जाएंगे।

किसानों को उपज का मूल्य अधिक मिले, इसके लिए उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रागी के खाद्य उत्पाद को बेचने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

मिलक क्षेत्र में रागी फसल के खेत में मौजूद किसान। (फाइल फोटो)

क्या है रागी अनाज

खरीफ में उगाए जाने वाली रागी जिसे मंडुवा के नाम से भी जाना जाता है, मोटे अनाज की प्रमुख फसल है। इसकी खेती ढालू, कम उपजाऊ, वर्षा मिश्रित, सीमांत भूमि में हो जाती है। जो विपरीत परिस्थितियों में भी कम लागत में अच्छा उत्पादन देने की क्षमता रखती है। इसे उगाने के लिए कम पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है। इसमें सूखा व शीत सहने और कीट-रोग प्रतिरोधी क्षमता अधिक पाई जाती है। पौध जून के प्रथम सप्ताह में डालनी चाहिए। वैसे इसका जुलाई तक पौधरोपण कर सकते हैं। इसके दानों में खनिज की मात्रा बाकी अनाज से ज्यादा होती है।

जनपद में रागी फसल को प्रोत्साहन देने के लिए पिछले वर्ष 115 किसानों को मुफ्त बीज का वितरण किया गया था। सभी ब्लॉक में कुल 25 एकड़ में उत्पादन हुआ था। विकासखंड मिलक के ग्राम हलुनागर व शाहबाद के ग्राम किरा के किसान धर्मवीर, दयाराम, अब्दुल वहीद, सुरेंद्र पाल आदि के खेतों में जाकर कृषि विभाग ने दिशा-निर्देश भी दिए थे। इच्छुक किसानों को 0 .2 हेक्टेयर में बीज मुहैया कराया गया था। परिणामस्वरूप करीब प्रति हेक्टेयर 20 क्विंटल पैदावार हुई थी। जबकि जनपद में कुल 200 क्विंटल उत्पादन हुआ था। रागी की बाजारी कीमत 65 से 70 रुपये प्रति किलो अनुमानित है। **–शैलेंद्र कुमार,** उप कृषि निदेशक

विभाग के तहत जिले में कई मिलेट्स खाद्यान्न उत्पाद के स्टोर भी खोले जाएंगे। इससे जनता के बीच रागी की आवश्यकता और महत्ता बढ़ेगी। शहर से पांच लोगों ने स्टोर खोलने के लिए आवेदन किया है। इसमें कृषि निदेशालय लखनऊ ने निर्धारित शर्तें पूरी करने पर एक आवेदन की संस्तुति भी कर दी है। रागी अनाज से बने खाद्य पदार्थ की बिक्री के लिए स्टोर खोलने के लिए कीपर को अनुदान राशि दी जाती है।

सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

मुल्लाखेड़ा के विद्यालय में पहाड़ी गीतों से बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गांव मुल्लाखेड़ा स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने पहाड़ी गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि इस विद्यालय को राज्य स्तर पर पुरस्कार भी मिला चुका है। सामुदायिक सहभागिता पुरस्कार नफीस अहमद और दिशान खान को दिया। इस दौरान खंड शिक्षाधिकारी मजहरुल इस्लाम, सुशील कुमार पांडेय, अंकुर गंगवार, रेनू सिंह, सृष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलम राणा, कमलेश, गायत्री, प्रेमपाल, जुगेंद्र सिंह, बलवीर सिंह, रंजीत सिंह, कुलदीप सिंह आदि रहे।

ज्ञान प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में मंगलवार को भारत स्काउट गाइड की ओर से बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई। इसमें कई विद्यालयों के लगभग 165 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान बलराम सिंह, जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, प्रधानाचार्य योगेंद्र पाल सिंह, जिला संगठन आयुक्त जीतू कुमार, निदा खुशनूद, भुजवीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, निखत परवीन, हीरा कली आदि रहे।

बच्चों में वैज्ञानिक सोच और तार्किक विकास की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : खंड शिक्षा अधिकारी मजहरुल इस्लाम ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच व तार्किक विकास के साथ सीखने की गति को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। विज्ञान की शिक्षा छात्रों को इस बात का बेहतर ज्ञान प्राप्त करने का अवसर देती है।

बिलासपुर के उच्च प्राथमिक स्तर के बालक बालिकाओं में जिज्ञासा आधारित शिक्षा वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास तथा स्वयं करके सीखने के उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता हुई। इसकी शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी ने की। प्रतियोगिता में 97 उच्च प्राथमिक व संविलियन विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें 16 बच्चों का अंतिम रूप से चयन लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से किया। इन प्रतिभागियों में उजमा, छाया, इरम, मानसी, चांदनी, अंजलि, प्रीति, करिश्मा, रोशनी, पवन, अंकित, वंदना, अनिकेत समेत 16 बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राजेश कुमार, प्रताप सिंह, भूपेंद्र प्रताप राव, संदीप शर्मा, रामचंद्र राठौर, अजहर अहमद, अमर सिंह, हवलदार राम, राजेंद्र नंदराम, महेंद्र पाल, पिंकी, श्वेता गुप्ता, नितिन आदि रहे।

विजयी छात्रा को शील्ड देकर सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी।

ईओ को नोटिस, बीडीओ से जताई नाराजगी

संवाददाता, स्वार

अमृत विचारः जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को निरीक्षण के दौरान नगर पालिका व ब्लॉक में कमियां मिलीं। इस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी को चेतावनी नोटिस जारी किया और खंड विकास अधिकारी से नाराजगी जताई।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने वेतन, पेंशन, दुकानों के किराये की स्थिति, रिक्त दुकानों का विवरण और नगर पालिका की संपत्ति संबंधी रजिस्टर चेक किए। निर्माण कार्य की पत्रावली के अवलोकन में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी भुगतान नहीं किया गया है। इस पर उन्होंने जेई को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्थानीय निकाय के प्रभारी अधिकारी संदीप कुमार वर्मा को निर्देश दिया कि वह निर्माण की पत्रावलियों का परीक्षण कराए। जनपद स्तर पर गठित टीम से स्थलीय निरीक्षण भी कराए। ताकि निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई जा सके।

गृहकर को नियमानुसार प्रभावी बनाने में लापरवाही की पुष्टि पर डीएम ने नाराजगी जताई। अधिशासी अधिकारी को चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने विकास खंड कार्यालय का भी निरीक्षण किया। मनरेगा सहित विभिन्न विकास कार्यक्रमों के तहत चल रहे कार्यों और भुगतान की स्थिति के बारे में खंड विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह से जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी से कहा कि वे परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर नराजगी जताई। नया गांव नजीबाबाद में निर्मित पेय जल परियोजना का निरीक्षण किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, डीपीआरओ जाहिद हुसैन आदि रहे।

पालिका कार्यालय में अभिलेखों की जांच करते डीएम जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

मारपीट में दो लोग पकड़े

बिलासपुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में मोहल्ला भट्टी टोला निवासी फाजिल उर्फ फौजी व मोहल्ला शीरी मियां निवासी फैसल खान शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि इन दोनों को उप निरीक्षक संजय कुमार ने मारपीट करते समय मौके से गिरफ्तार किया है।

आश्वासन | विकास नगर कॉलोनी में विधायक व पालिका अधिकारियों ने किया निरीक्षण, भूमि की तलाश तेज

कॉलोनी की जलनिकासी के लिए बनेगा सैंपवेल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ज्वालानगर स्थित विकास नगर कॉलोनी की जलनिकासी के लिए पालिका प्रशासन जल्द ही सैंपवेल बनवाएगा। इसके लिए जगह की तलाश तेज कर दी गई है। मंगलवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना व नगर पालिका के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नगर अधिकारियों को जगह तलाशने के निर्देश दिए।

विकास नगर कॉलोनी में जलभराव की समस्या है। कॉलोनी की दोनों ओर का क्षेत्र ऊंचा होने की वजह से पानी नहीं निकल पाता। ऐसे में लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं। आए दिन दो पहिया वाहन चालक गिर जाते हैं। इस समस्या को लेकर लोगों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना से मुलाकात की।

इसके बाद विधायक मौके पर पहुंच गए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, जलकल अभियंता मूलचंद और ठेकेदार आ गए। सभी ने निरीक्षण किया और जलनिकासी के विकल्पों पर चर्चा की। अंत में निर्णय निकला कि क्षेत्र में कोई नाला बनाने से काम नहीं चलेगा। स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद शहर विधायक ने अधिकारियों को सैंपवेल का निर्माण कराने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने बताया कि जगह की दिक्कत है, पहले जगह तलाश की जाएगी। लोगों ने भी जगह की उपलब्धता में सहयोग करने का भरोसा दिया। शहर विधायक ने बताया कि यह समस्या दूर होगी। हम लोगों को परेशान नहीं देख सकते। नगर पालिका एक सप्ताह में जगह की उपलब्धता कराकर सैंपवेल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगी।

विकास नगर के लोगों से जानकारी लेते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

क्या होता है सैंपवेल

सैंपवेल बनाने के लिए एक बड़ा गड्ढा करना होता है, इसमें एक लोहे का टैंक बनाया जाता है। इस टैंक में कॉलोनी का पानी जमा होगा। इसे मोटरों के सहारे बाहर निकालकर नाले में फेंका जाएगा।

यतीमखाने के दो मामलों में इंस्पेक्टर ने दर्ज कराए बयान

रामपुर, अमृत विचार : एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में मंगलवार को यतीमखाना प्रकरण के दो मामलों में सुनवाई हुई। इंस्पेक्टर ने अपने बयान दर्ज कराए। दूसरे मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इन दोनों मामलों में 20 मार्च को सुनवाई होगी। डूंगरपुर के एक मामले में भी सुनवाई हुई। इसमें अब 13 मार्च को सुनवाई होगी।

सपा शासन में शहर कोतवाली स्थित यतीमखाना बस्ती को खाली कराया गया था। इसे लेकर शहर कोतवाली में मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2019 में कई मामले दर्ज किए गए थे। इसमें सपा नेता आजम खां, पूर्व सीओ आले हसन समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा ने अपने बयान दर्ज कराए। जबकि दूसरे मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने जिरह की।

एक नजर

छात्रा से छेड़छाड़ में दो साल का कारावास

मुरादाबाद, अमृत विचार : छेड़छाड़ के मामले में अभियुक्त यशपाल पुत्र राजेंद्र सिंह को न्यायालय ने मंगलवार को 2 वर्ष के कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक भटनागर व भूकन सिंह ने बताया कि दोषसिद्ध अभियुक्त अलीनगर हजरतनगर गढ़ी का रहने वाला है। इसके विरुद्ध वर्ष 2017 में पाकबड़ा थाने में छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। इसमें आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट भी लगाया गया था। घटना स्कूल बस में बच्चों के आवागमन के दौरान लोधीपुरा में 18 सितंबर 2017 को हुई थी। पीड़िता के पिता ने आरोपी पर बेटी को बस की सीट से जबरन उठाना और उसके साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था।

मैनाठेर में इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह को दी विदाई

मैनाठेर, अमृत विचार : मैनाठेर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रहे सतेन्द्र सिंह का मंगलवार को पाकबड़ा स्थानांतरण हो गया। इस मौके सतेन्द्र सिंह का कोतवाली में पुलिस स्टाफ और क्षेत्रीय लोगों द्वारा विदाई दी गई।

सात वर्षीय आलिया ने रखा पहला रोजा

मैनाठेर, अमृत विचार : मैनाठेर क्षेत्र में मंगलवार को पहला रोजा रख कर अल्लाह की इबादत करने में बड़ों के साथ ही बच्चे भी पीछे नहीं हैं। कुंदरकी ब्लॉक के मैनाठेर

निवासी मोहम्मद आसिफ वारसी की 7 वर्षीय पुत्री आलिया ने अपना पहला रोजा रखा। आलिया के इस हौसले की अफजाई करते हुए उसकी ताई ने इफ्तार पार्टी भी आयोजित की। आलिया ने कहा कि पिछले साल वह अपने अब्बा, अम्मी, ताया, ताई को रोजा रखते व इफ्तार करते देखती थी। उसके मन में भी यह बात रहती थी कि वह भी रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करेगी।

मस्जिद के पास पसरी गंदगी, नमाजियों में रोष

मुरादाबाद, अमृत विचार : रमजान के महीने में रोजेदार बड़ी संख्या में नमाज अदा करने के लिए अलग-अलग मस्जिदों में जा रहे हैं। महानगर के बुधबाजार स्थित एक मीनार वाली मस्जिद में भी लोग नमाज को पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें मस्जिद के पास पड़े गंदगी के ढेर के बीच से गुजरना पड़ रहा है। शिकायतों के बाद भी क्षेत्रीय पार्षद और नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। नमाज के लिए आए मोहम्मद शावेज, मोहम्मद शकील, कामिल हसन ने बताया कि मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग नमाज पढ़ने के लिए आते हैं। उन्हें नाला चोक होने से गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। अब तो मस्जिद के पास गंदगी का अंबार लग गया है। शिकायत करने पर भी समाधान नहीं हो रहा है।

नेशनल अवार्ड के लिए किया निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चलाए जा रहे विलेज सारथी प्रोग्राम के लिए नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड के लिए जनपद से आवेदन किया गया था। जिसके लिए भारत सरकार स्क्रीनिंग कमेटी की टीम ने रतुपुरा में ओमकार स्वयं सहायता समूह की ओर से निर्मित किए गए सरसों तेल, जूट बैग व रसूलपुर गुर्जर में राधिका स्वयं सहायता समूह की निर्मित झाड़ू को भी मौके पर जाकर देखा। इस दौरान सीडीओ सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील धनवंता, विलेज सारथी प्रोग्राम के प्रबंधक शिवम कुमार शामिल रहे।

युवती से जबरन शादी को आरोपी बना रहा दबाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **एसएसपी ने मझोला थानाध्यक्ष को दिए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश**

अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र के लाइनपार निवासी अधिवक्ता ने भांजी के मामले में एसएसपी से शिकायत दर्ज कराई है। अधिवक्ता ने बताया कि उनकी भांजी को छजलैट थाना क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर विश्नोई निवासी युवक काफी समय से डरा-धमका कर मैसेज भेज कर परेशान कर रहा है। परेशान होकर युवती ने अपने मामा को आरोपी के बारे में बताया था।

आरोपी युवती को परिवार समेत जान से मारने की धमकी देकर शादी करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उन्होंने आरोपी की मां और भाई से इस तरह के मैसेज भेजने और धमकी देने कर जबरन शादी के लिए प्रताड़ित करने के बारे में पूछा तो दोनों ने उन्हें धमकी दी। आरोपी अलग-अलग नंबरों से युवती और उसकी मामी के पास मैसेज भेज कर ब्लैकमेल कर 50,000 रुपये भी मांगे रहे थे। पीड़ित के अनुसार, आरोपी की हरकतों से परेशान होकर उन्होंने अपने दो साथियों के साथ अगवानपुर पहुंच कर आरोपी से बातचीत की थी। उसने 14,500 रुपये भी उनसे लिए और कहा कि अब वह उनकी भांजी को परेशान नहीं करेगा। इसके बाद आरोपी फिर से धमकाने लगा। एसएसपी हेमराज मीना ने मझोला थानाध्यक्ष को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

इंपीरियल तिराहा से किया था अपहरण, कार लूटने के बाद कार स्वामी को तालाब में डुबोकर मार डाला

शातिर अभियुक्तों ने कार के लिए कर दी थी राम रतन की हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बिजनौर जिले के शातिर अभियुक्त ने दो दोस्तों के साथ मिलकर प्रेमिका से मिलने के लिए कार लूटने के चक्कर में राम रतन सिंह को मार डाला था। उसने ठाकुरद्वारा जाने को उसकी कार बुक कराई थी। बिलारी थाना क्षेत्र में जाकर उसे तालाब में डुबोकर मौत के घाट उतारा दिया था। कार में मौजूद राम रतन के श्रम कार्ड व अन्य दस्तावेजों के साथ ही वाहन के भी कागजों को वहीं जला दिया था लेकिन, उस दिन बारिश होने से दस्तावेज पूरी तरह जल नहीं पाए थे। अधजले दस्तावेजों में पुलिस ने मृतक की पहचान कर ली थी।

इस हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त अभय विश्नोई के साथ ही उसके दोनों दोस्तों दीप विश्नोई व मधुर चौधरी को भी गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा-कारतूस और लूटी गई कार (यूपी-21-सीएक्स-2885) बरामद कर ली है। एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया है। उन्होंने बताया कि राम रतन हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त अभय विश्नोई पुत्र हरिओम विश्नोई है। यह बिजनौर जिले के स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर रेनी का रहने वाला है। दोस्त दीप विश्नोई भी इसी के गांव का है, जबकि अभय का दूसरा दोस्त मधुर चौधरी मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव अजयपुर नगला कमाल का है। इन्हें हुसैनपुर में प्रथमा बैंक के पास से सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। एसएसपी ने बताया कि मुख्य अभियुक्त अभय विश्नोई के विरुद्ध वर्ष 2022 में जसपुर (उत्तराखंड) में अवैध शस्त्र बरामदगी मामले में दो एफआईआर दर्ज हुई थीं।

इन लोगों ने खोली घटना : कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक, इंस्पेक्टर क्राइम प्रदीप कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी अमित कुमार, दरोगा कुलदीप राना, पवन कुमार पाठक, हेड कांस्टेबल विजय कुमार और कांस्टेबल प्रदीप सागर, सोयब खान, मनजीत सिंह।

पुलिस लाइन में हत्याकांड का पर्दाफाश करते एसएसपी एवं पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

घटना की पूरी कहानी मुख्य अभियुक्त अभय की जुबानी

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि अभय विश्नोई ने पूछताछ में बताया है कि 24 फरवरी को उसने मोहित सिंह निवासी गांव ढींगरपुर थाना स्योहारा, बिजनौर की कार बहाने से ली थी। इसके बाद साथी दीप विश्नोई व मधुर के साथ अपनी प्रेमिका से मिलने बागपत गया था। वहां से लौटते समय कार की टक्कर लग गई थी। हम किसी दूसरी कार को लूटकर उसे बागपत में ले जाने के प्रयास में थे। हम तीनों ने दो मार्च की सुबह करीब छह बजे इंपीरियल तिराहा पर राम रतन से ठाकुरद्वारा जाने के लिए 1,400 रुपये में उनकी कार बुक की थी। रास्ते में हमने उल्टी आने का नाटक कर कार रुकवाई और रामरतन के हाथ बांध कर पीछे वाली सीट के नीचे डाल दिया। इसके बाद तिसाबा गांव में तालाब में राम रतन को डुबोकर मार दिया था। अभियुक्त अभय विश्नोई ने अपने पिता की चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर करीब 2.50 लाख रुपये निकाल लिए थे। जिसे वह खर्च कर रहा था। अभय स्नातक तक पढ़ा है।

वंदे भारत ट्रेन का स्टेशन पर ढोल-नगाड़ों से स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद से किया वर्चुअल उद्घाटन, मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मंगलवार को मुरादाबाद से पहली वंदे भारत ट्रेन गुजरी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से की। मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद कई यात्रियों को वंदे भारत ट्रेन में सवार किया गया। इसके बाद यह ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना हो गई।

मुरादाबाद रेल मंडल की दूसरी और मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद से वर्चुअल हरी झंडी दिखाई। वंदे भारत ट्रेन सुबह देहरादून से चलकर हरिद्वार और हरिद्वार से होते हुए दोपहर लगभग 12:50 बजे मुरादाबाद पहुंची। यहां पहुंचने पर लखनऊ जाने के लिए यात्री सवार हुए। इन यात्रियों को रेलवे की ओर से वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन मौके पर निशुल्क सफर कराया गया। इससे पहले रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर आतिशबाजी की गई और स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। लगभग 20 मिनट रुकने के बाद वंदे भारत ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना हो गई। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ मुरादाबाद में पहुंची पहली वंदे भारत ट्रेन का स्वागत किया। इसके अलावा बहुत से लोग अपने परिवार के साथ आए, जिसमे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल रहे। सभी बेसब्री से ट्रेन के आने का इंतजार कर रहे थे।

रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन पर पुष्प वर्षा करते जनप्रतिनिधि, अधिकारी व स्थानीय नागरिक। ● अमृत विचार

वंदे भारत ट्रेन के अंदर बैठकर कुछ इस तरह खुशी मनाते स्काउट्स एवं गाइड्स।

इन योजनाओं का भी हुआ उद्घाटन

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद रेल मंडल के सात रेलवे स्टेशनों पर मंगलवार को एक स्टेशन-एक उत्पाद, एक गुड्स शेड, एक स्टेशन पर जन औषधि केंद्र और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के सात स्टेशनों का वर्चुअल शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान मुरादाबाद मंडल की 24 स्टेशन पर संचालित होने वाली योजनाओं का भी स्वागत किया गया। इसमें ऋषिकेश में जन औषधि केंद्र, मुरादाबाद सहित छह स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टॉल का भी आरंभ किया गया।

भारत सरकार ने वंदे भारत ट्रेन चलाकर देशवासियों को एक बड़ी सौगात दी है। अब यह ट्रेन मुरादाबाद, लखनऊ और देहरादून जाएगी। जिससे सफर और भी आसान होगा। ट्रेन में सफर कर मुझे काफी अच्छा महसूस हो रहा है। **-पारस टंडन, यात्री**

मैं हरिद्वार से लखनऊ तक वंदे भारत में सफर करने के लिए सवार हुआ हूं। रेल मंत्रालय ने वंदे भारत ट्रेन देकर यात्रियों को होली का तोहफा दिया है। रेल मंडल से होकर जाने वाली दूसरे वंदे भारत ट्रेन में अन्य ट्रेनों के मुकाबले बेहतर सुविधाएं मौजूद हैं। **-प्रदीप सिंह, यात्री**

पुष्पवर्षा कर स्वागत

मुरादाबाद, अमृत विचार : जैसे ही वंदे भारत ट्रेन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची तो लोगों ने पुष्प वर्षा करके उसका स्वागत किया। इस दौरान लोगों के चेहरे पर उत्साह अलग ही दिखाई दे रहा था।

सेल्फी लेने की रही होड़

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंगलवार को भारी संख्या में लोग वंदे भारत ट्रेन को देखने के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। जैसे ही ट्रेन के प्लेटफार्म नंबर एक पर आने की घोषणा हुई लोगों की निगाहें यार्ड की तरफ घूम गईं। सभी ने अपने मोबाइल से ट्रेन के आने का वीडियो बनाया। ट्रेन रुकने के बाद दरवाजा खुलते ही लोग अंदर पहुंच गए। सभी ने ट्रेन की सीटों पर बैठकर सेल्फी ली और इस यादगार पल को कैद किया।

यह लोग रहे मौजूद

मुरादाबाद से होकर लखनऊ जाने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत मंडल के देहरादून स्टेशन से की गई। देहरादून रेलवे स्टेशन पर उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, महापौर सुनील उनियाल, मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

बेटी की लगुन चढ़ाकर लौट रहे पिता समेत 9 घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **मूंढापांडे थाना पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती**

अमृत विचार : बेटी की लगुन चढ़ाकर घर लौट रहे पिकअप सवार पिता समेत 9 लोग घायल हो गए। घटना दलपतपुर-काशीपुर हाईवे पर मंगलवार रात एक बजे की बताई जा रही है। मूंढापांडे थाना पुलिस ने सभी घायलों को रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया।

मंगलवार को भगतपुर थाना क्षेत्र के पाडली बाजे गांव के सोमपाल अपनी बेटी की लगुन चढ़ाने को मुरादाबाद महानगर में उसकी होने वाली ससुराल डबल फाटक आए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह पिकअप से ही अपने परिवार-रिश्तेदारों व मित्रों के साथ घर की ओर लौट रहे थे। इस पिकअप में सोमपाल के साथ ही कुल नौ लोग सवार थे। रात के एक बज रहे थे। वह लोग दलपतपुर-काशीपुर हाईवे के गांव धोबी वाली मिलक के पास पहुंचे थे। वहीं, सामने चल रहे ट्रैक्टर-ट्राली में इनकी पिकअप टकरा गई थी। घायलों का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, इसके चलते उनकी पिकअप टकराई थी। जिसमें वह सभी घायल हुए हैं। पिकअप को राजेंद्र सिंह चला रहे थे। घायलों में सोमपाल, छोटेलाल, हरकिशन सिंह, सूरज पाल, महेंद्र पाल, सतीश, होशियार, नरेश, रामेश्वर प्रताप सिंह बताए जा रहे हैं। इनमें नरेश और रामेश्वर प्रताप सिंह की हालत गंभीर होने से डॉक्टरों ने इन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया है।

हाईवे पर खड़ी बस से टकराई पिकअप

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात रामपुर की तरफ अंगूर लेकर जा रही पिकअप की हाईवे पर खराब खड़ी बस से टक्कर हो गई। इसमें पिकअप चालक घायल हो गया।

हाईवे पर दिल्ली की तरफ जाने वाली दूसरी लेन पर प्राइवेट बस ने 108 नंबर की एंबुलेंस में पीछे से टक्कर मार दी थी। हालांकि, बस-एंबुलेंस की टक्कर में कोई घायल नहीं हुआ है। बस लखीमपुर खीरी से दिल्ली की ओर जा रही थी। काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज ने ओम शुक्ल ने बताया कि पिकअप चालक संजीव अमरोहा जिले के थाना नौगांव सादात के गांव जाजलपुर का रहने वाला है। रास्ते में बस का टायर पंचर था। इसलिए खड़ी बस में पिकअप की टक्कर हो गई थी। रात में ही पुलिस चौकी की ईगल-11 पर तैनात हेड कांस्टेबल निशांत व नीरज मौके पर पहुंचे और घायल संजीव को जिला अस्पताल पहुंचाया।

बरेली के दो शातिर समेत तीन दबोचे, वाहन बरामद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने चोरी के चार वाहनों के साथ बरेली के दो शातिर समेत तीन को गिरफ्तार किया है। ये लोग स्क्रैप डीलर बनकर वाहनों को सस्ते दामों में खरीदकर उनकी नंबर प्लेट व चेसिस नंबर का प्रयोग चोरी किए वाहनों में करते थे।

इस कार्य में बरेली के आरिफ हुसैन व सतीश कुमार मास्टरमाइंड के रूप में सक्रिय थे, जबकि इनका मुरादाबाद निवासी तीसरा साथी भारत सिंह इनकी योजना के मुताबिक वाहनों की चोरी करता था। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से तमंचा-कारतूस और मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस लाइन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि सिविल लाइंस थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम मंगलवार को वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें बरेली जिले के थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव धंतिया का सतीश कुमार पुत्र ओम प्रकाश गंगवार और थाना इज्जत नगर क्षेत्र के कर्मचारी नगर रोड का भारत सिंह यादव एवं मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस में बिशनपुर भीमाठेर निवासी आरिफ हुसैन पुत्र साबिर हुसैन हैं।

इनके पास से चोरी की चार कारें बरामद हुई हैं। साथ ही दो तमंचा, चार कारतूस और पांच मोबाइल भी मिले हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर इनके विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज किया है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार सतीश, भारत सिंह यादव और आरिफ के अन्य दो साथी दिल्ली के पीरागढ़ी निवासी सतीश और अलीगढ़ के मंडी निवासी प्रमोद यादव पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

▸▸ **दिल्ली का सतीश और अलीगढ़ का प्रमोद यादव बदल देता था चोरी के वाहनों का स्वरूप**

चोरी के वाहनों का सतीश व प्रमोद बदलते थे स्वरूप

एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि हम लोग अपने दो अन्य साथी प्रमोद यादव निवासी मंडी अलीगढ़ और सतीश निवासी पीरागढ़ी दिल्ली के साथ मिलकर काफी समय से वाहनों की चोरी करते थे। हम तीनों लोग दिल्ली, नोएडा, एनसीआर क्षेत्र से वाहन चोरी करते रहे हैं और उनके साथी सतीश व प्रमोद इन चोरी के वाहनों के इंजन, चेसिस नंबर को ग्लेंडर से घिस देते थे और फिर उस पर फर्जी नंबर खुदवाते थे। इन वाहनों के फर्जी दस्तावेज बनाकर उन्हें सौंपते थे। फिर वह लोग इन वाहनों पर उन्हीं इंजन व चेसिस नंबर की फर्जी नंबर प्लेट लगाकर धोखाधड़ी से ग्राहकों को कम दाम पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं।

अभियुक्तों पर पहले से ही दर्ज हैं कई मामले

एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त सतीश पुत्र ओम प्रकाश गंगवार के विरुद्ध वर्ष 2017 में बरेली के थाना इज्जतनगर में दो और थाना शीशगढ़ में एक मामला दर्ज है। इसके साथी आरिफ के विरुद्ध छजलैट में भी एक एफआईआर वर्ष 2020 में दर्ज हुई थी। उन्होंने बताया कि इन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद शर्मा, एसओजी प्रभारी अमित कुमार, दरोगा प्रबोध कुमार, अनिल शर्मा, कृष्ण कुमार, वेद प्रकाश शास्त्री और हेड कांस्टेबल लटूरी सिंह, कांस्टेबल राहुल राठी, गजेन्द्र और सन्नी पवार शामिल रहे हैं।

आयोजन 16-17 मार्च को होने वाले आयोजन के लिए समिति के पदाधिकारियों के निर्धारित किए गए दायित्व

परिचय सम्मेलन में तलाश सकेंगे जीवन साथी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **अग्रवैश्य प्रगतिशील वैवाहिक जन कल्याण समिति करा रही है वैवाहिक सम्मेलन का आयोजन**

अमृत विचार : अग्रवैश्य प्रगतिशील वैवाहिक जन कल्याण समिति द्वारा 16 व 17 मार्च को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में होने वाले दो दिवसीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन की सफलता के लिए मंगलवार को हुई बैठक में दायित्व तय किए गए। पदाधिकारियों व सदस्यों को अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए कहा गया।

दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में इसको लेकर बैठक हुई। इसमें समाज के लोगों ने अपनी-अपनी ओर से सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव रखा। बताया गया कि दो दिवसीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन में 500 युवक-युवतियां जीवन साथी तलाश सकेंगे। इसमें आपस में एक-दूसरे को जानने समझने का अवसर मिलेगा। इसके बाद वह जीवन साथी बनकर साथ निभाएंगे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक व युवतियां अपना परिचय देंगे। इसके बाद आपस सहमति से रिश्ते तय किए जाएंगे। संयोजक विवेक गोयल ने व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए संगठन के साथियों को दायित्व सौंपे गए।

कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में दूर दराज के महानगरों, नगरों, उप नगरों व ग्रामीण क्षेत्र से विवाह योग्य युवक-युवतियां सपरिवार जुटेंगे। दो दिवसीय परिचय सम्मेलन के बाद रिश्ता पक्का व विवाह के लिए सहमति प्रदान करेंगे। विवाह की सहमति मिलने पर 17 मार्च को सामूहिक रूप से समिति के खर्च पर विवाह कर सकते हैं, अथवा अपनी इच्छानुसार अपने खर्चे पर बाद में वैवाहिक बंधन में बंध सकते हैं। बैठक में संजय सिंघल, गुरप्रीत सिंह दुआ, विवेक अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सीमा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में बोलते वक्ता।

सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों को उठाता रहेगा अमृत विचार

चतुर्थ स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में तेजी से बढ़ते दैनिक समाचार पत्र अमृत विचार के मुरादाबाद संस्करण के चार वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को कांठ रोड स्थित कार्यालय में केक काट कर स्थापना दिवस मनाया।

मुरादाबाद यूनिट के संपादकीय, विज्ञापन एवं प्रसार विभाग के सहयोगियों ने सामाजिक सरोकार के मुद्दे उठाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा कि अमृत विचार सामाजिक सरोकारों का सजग प्रहरी है। सभी ने एक दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई दी। प्रबंधक राज सागर, विज्ञापन प्रबंधक राहुल शर्मा, सिटी इंचार्ज विनोद श्रीवास्तव ने मुरादाबाद संस्करण के चार वर्ष पूरे होने पर सभी को शुभकामना दी। कहा कि अमृत विचार समाचार पत्र समाज हित के लिए समर्पित है। लोगों के विश्वास को और मजबूती देने के लिए सभी मिलकर आगे भी कड़ी मेहनत करेंगे। इस दौरान जोगेंद्र राजपूत, रवींद्र शुक्ला, आशुतोष मिश्र, रिजवान हुसैन, योगेंद्र कुमार, विनीत पांडेय, अजय कौशिक, एसपी चौहान, इरफान, राजुल शमसेरी, हिमांशु राजपूत, मिस्बाह मारूफ, भावना, प्रिया, धर्मेंद्र सिंह, निर्मल पांडेय, सलमान खान, राजेश कुमार राजा, विशाल नायक, रवि राजपूत, लवकुश, श्रवण, मो. तारिक, शाहनूर, अमित सिंह, विनय सक्सेना, सुभाष, हरदीप, कुलदीप आदि सहयोगी मौजूद रहे।

केक काटकर स्थापना दिवस मनाते मुरादाबाद यूनिट के सहयोगी। ● अमृत विचार

14 मार्च तक मिल में करें गन्ने की आपूर्ति

अगवानपुर, अमृत विचार : कांठ रोड पर स्थित दीवान शुगर मिल में किसान 14 मार्च तक ही गन्ने की आपूर्ति कर सकते हैं। दीवान शुगर मिल द्वारा जारी की गई सूचना में बताया कि पिछले एक सप्ताह से क्रय केंद्रों व मिल गेट पर प्रतिबंधित मुक्त खरीद के उपरांत भी चीनी मिल को अल्प मात्रा में गन्ना आपूर्ति होने के कारण मिल प्रतिदिन नो केन में बंद रहती है। जिससे स्पष्ट है कि कृषकों का आपूर्ति योग्य गन्ना समाप्त हो गया है। यदि किसी कृषक के पास आपूर्ति योग्य गन्ना शेष है तो वह उसे 14 मार्च तक आपूर्ति कर दे।

REQUIRED TEACHERS
The Parv's Academy
(An English Medium Academy)
Need Teachers for Nur. to 12th- All Subject
Salary- 5000/- to 15000/-
Add- Village & Post :- Fatehpur Bishnoi,- 244001 (MBD)
Contact No.- 9917980436, 7500109306
Walk in Interview from 12/03/2024
Whatsapp your Resume or mail on theparvsacademy@gmail.com

एक नजर

यातायात पुलिस ने किया 18 वाहनों का चालान

अमरोहा, अमृत विचार : यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान चला कर 12 वाहनों के चालान किए। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों से अवगत कराया। मंगलवार को ट्रैफिक इंचार्ज विनोद कुमार बाजपेई के नेतृत्व में नगर के टीपी नगर चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने दो पहिया वाहन चालकों को रोककर यातायात के नियमों से अवगत कराया। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के चालान किए। ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कि प्रदेश शासन के 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक चलाने पर चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

पुलिस ने चार अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार नेतृत्व नगर में त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए नगर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। चार अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। हिस्ट्रीशीटर अपराधियों में मनोज सैनी, फारूक शाहरुख और फरियाद शामिल है। नगर पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोलने के बाद इन पर नजर रखनी शुरू कर दी है।

अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिस का पैदल मार्च

हसनपुर, अमृत विचार : सीएए एवं आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने अर्ध सैनिक बल के जवानों के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर पैदल मार्च किया। सीएए, त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव को लेकर अपराध नियंत्रण एवं कानून शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ नगर में पैदल मार्च किया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए पैदल मार्च निकाला है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

सोशल मीडिया पर न डालें भड़काऊ पोस्ट

पुलिस अधीक्षक एवं स्वच्छता प्रेरक ने किया रिसेप्शन सेंटर का लोकार्पण

सैदनगली, संवाददाता

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह एवं भाजपा जिला महामंत्री और नगर स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक ने समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्वक व फीडबैक के लिए रिसेप्शन सेंटर का लोकार्पण किया।

मंगलवार को थाना परिसर में नवनिर्मित रिसेप्शन सेंटर का लोकार्पण किया गया। इससे महिला हेल्पडेस्क व थाने पर आने वाले आगंतुकों एवं शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों की त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। रिसेप्शन सेंटर, महिला हेल्प डेस्क व सीसीटीवी कक्ष पर हर समय पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आगंतुकों एवं शिकायतकर्ताओं से 24 घंटे के अंदर उनकी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में थाने के रिसेप्शन सेंटर द्वारा फोन कर फीडबैक लिया जाएगा। वहीं, ऑपरेशन दृष्टि के तहत थाने पर स्थापित किए गए सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम दूर का निरीक्षण कर कैमरों की लाइव फीडिंग को चेक किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर कोई भी भड़काऊ पोस्ट न करने के लिए की अपील की।

जिससे किसी भी प्रकार का कोई भी विवाद उत्पन्न न हो। कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, थाना अध्यक्ष वरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

सैदनगली में थाना परिसर में रिसेप्शन सेंटर का उद्घाटन करते पुलिस अधीक्षक और नगर स्वच्छता प्रेरक। ● अमृत विचार

नई परंपरा शुरू की तो होगी कठोर कार्रवाई : सीओ

नौगांवा सादात, अमृत विचार : मंगलवार को नौगांवा सादात थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने कहा कि रमजान व होली भाईचारे के साथ मनाएं। कोई भी व्यक्ति नई परंपरा डालने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर भी प्रशासन का सख्त पहरा रहेगा। कोई भी व्यक्ति यदि माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसका सीधा रास्ता जेल का होगा। भाजपा के पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी ने कहा की सभी त्योहार हिंदू-मुस्लिम मिलकर आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। नगर में साफ सफाई बिजली पानी की व्यवस्था सुचारु रूप से चलनी चाहिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी पंकज तोमर, अतहर अब्बास, फारूक अंसारी, हाफिज फरमान, नूर अब्बास राणा, वकार हैदर, शिवाल हैदर, मोहम्मद अख्तर, रिजवान हैदर आदि मौजूद रहे।

ईवीएम का प्रदर्शन कर तहसील में मतदाताओं को किया जागरूक

हसनपुर, अमृत विचार : चुनाव आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर ईवीएम का प्रदर्शन व प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। तहसीलदार ने तहसील कार्यालय पर वीवीपैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक किया।

ईवीएम के प्रति फैली भ्रांतियां को दूर करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए अधिकारियों ने नगर स्थित तहसील कार्यालय में क्षेत्र वासियों को ईवीएम द्वारा वोट डालने का नमूना दिखाकर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। तहसीलदार सुंदीप कुमार ने ईवीएम व वीवीपैट से माक पोल कर लोगों को ईवीएम के प्रति फैली भ्रांति और अफवाहों को दूर किया। तहसील कार्यालय पर पहुंचने वाले मतदाताओं को प्रतिदिन ईवीएम मशीन के प्रति जानकारी दी जा रही है। तहसीलदार सुंदीप कुमार ने बताया कि तहसील कार्यालय पर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन जागरुकता के लिए किया जा रहा है। सभी मतदाताओं से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट की जानकारी हासिल करें।

20 मार्च को निकाली जाएगी रंग एकादशी की शोभायात्रा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : रंग एकादशी पर निकलने वाली शोभायात्रा समिति की बैठक हुई।

मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर में रंग एकादशी महोत्सव शोभायात्रा समिति की बैठक हुई। बैठक में शोभायात्रा को बेहतर बनाने पर विचार किया। तरुण अग्रवाल ने कहा कि 20 मार्च को रंग एकादशी पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के लिए झांकियां शामिल होंगी। उन्होंने कहा की होली आपसी भाईचारे एवं प्रेम का पर्व है। बैठक की अध्यक्षता कुलभूषण सक्सेना ने की तथा संचालन मोहित अग्रवाल ने किया। बैठक में शेखर वर्मा, अमित सक्सेना, विजय शर्मा, पंकज सक्सेना, सर्वेश ठाकुर, नितिन सक्सेना, अंकित यादव, अक्षय सक्सेना, मंकू सक्सेना, राजू शर्मा, आनंद वर्मा, नितिन बंसल, दीपक सक्सेना, नरेश ठाकुर, सूरज शर्मा, मोहित शर्मा, हिमांशु अग्रवाल, विवेक गौड़ आदि मौजूद रहे।

होली मिलन यात्रा 24 को

हसनपुर, अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल के आवास पर हुई। बैठक में प्रदेश महासचिव मुकेश गुप्ता ने कहा कि संगठन द्वारा होली पर मिलन यात्रा का आयोजन होगा। जो 24 मार्च को किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता तरुण अग्रवाल ने किया तथा संचालन योगेंद्र शर्मा द्वारा किया। बैठक में नगर महामंत्री संजय टाटा, सचिन गुप्ता, अजय रस्तोगी, मुकेश अग्रवाल, लवकेश सिंघल, मोहित शर्मा, भरत लाल प्रजापति, लोकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सौरव गुप्ता रहे।

वकीलों ने किया न्यायिक कार्यों का बहिष्कार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन की बैठक बार सभागार में हुई। जिसमें नायब तहसीलदार के व्यपहार की अधिवक्ताओं ने आलोचना की।

बार अध्यक्ष गंगासरन खड़गवंशी ने तहसीलदार सुदीप तिवारी एवं नायब तहसीलदार भारत प्रताप के न्यायिक कार्यों के बहिष्कार की घोषणा करते हुए कहा कि तहसील में किसी भी दशा में भ्रष्टाचार को पनपने नहीं दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के प्रावधानों के विपरीत वाद पत्रावलियों में मनमाना रवैया लागू नहीं हो सकता। तहसीलदार व नायब तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार जब तक रहेगा। जब तक अधिकारी कार्यशैली में सुधार नहीं कर लेते। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने कहा किसानों, वादकारियों और अधिवक्ताओं का शोषण किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा। कहा कि तहसीलदार व नायब तहसीलदार की कार्यशैली अधिवक्ताओं एवं जनता के प्रति उदासीन है। दोनों अधिकारियों के विरुद्ध आक्रामक आंदोलन किया जाएगा। दोनों के न्यायालयों का बहिष्कार किया जाएगा। उपजिलाधिकारी हसनपुर को ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर बार अध्यक्ष गंगासरन, बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, फतेह सिंह, आफताब आलम, नरेश पाल सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, वीर सिंह प्रजापति, सुनील भटनागर, कुलदीप राणा, संजय चौहान, नंदराम सिंह सागर, केशव प्रजापति, सोहेल अब्बास, विक्रांत त्यागी, विजेंद्र गहलोत, मनोज सक्सेना, रामेश्वर राणा, प्रेमचंद मौर्या आदि मौजूद रहे।

बैठक में बोलते बार अध्यक्ष गंगासरन खड़गवंशी। ● अमृत विचार

एआरएम ने गजरौला, हसनपुर बस अड्डे का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : परिवहन निगम के एआरएम मोहम्मद शफी ने गजरौला और हसनपुर बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने कमियां मिलने पर स्टेशन प्रभारी को चेतावनी दी।

मंगलवार को क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी, अकाउंटेंट अनिल कुमार और बाबू मोहम्मद नाजिम के साथ गजरौला रोडवेज बस अड्डे पहुंचे। उन्होंने सफाई एवं यात्रियों के बैठने आदि व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एआरएम ने बस अड्डे पर गंदगी को देखकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्टेशन प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि रोडवेज बस अड्डे पर यात्रियों की सुविधा के लिए बैठने व मनोरंजन आदि की व्यवस्था को बढ़ाया जाए। बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त की जाए। क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक ने इसके बाद हसनपुर बस अड्डे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने खामियां मिलने पर नाराजगी जताई और स्टेशन प्रभारी को सुधार के निर्देश दिए।

गाली-गलौज के विरोध पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को पीटा

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव दारानगर निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा देवी रविवार को अपने घेर में जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी किशोर ने उनके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध जताने पर उनके साथ मारपीट भी की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना पुलिस को तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में आरोपी किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुए के बाद भेड़िए का हमला

बुरावली, अमृत विचार : मंगलवार सुबह युवक पर भेड़िए ने हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव निरावली निवासी सुरेंद्र पुत्र हरिओम मंगलवार सुबह पांच बजे जंगल को जा रहा था। तभी रास्ते में दो भेड़िए दिखाई दिए। जैसे ही भेड़िए दिखे तो सुरेंद्र वहां से भागने लगा। तभी भेड़िए ने सुरेंद्र पर हमला कर दिया और टांग में काट लिया। सुरेंद्र ने शोर मचाया तो आसपास के लोग डंडे लेकर दौड़े। युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह पहले तेंदुए ने बकरी को निवाला बनाया था। अब भेड़िए आ गए हैं। उधर बुरावली निवासी शौकीन पर बंदर ने हमला कर दिया। ग्रामीणो ने बताया कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने भेड़िए व बंदरों को पकड़वाने की मांग की है।

किसानों ने औद्योगिक गलियारे के लिए कराया भूमि का बैनामा

संवाददाता, हसनपुर

▸▸ **201 किसानों के खाते में पहुंच गई बैनामा की धनराशि**

अमृत विचार : निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे तीन गांवों में औद्योगिक गलियारे के लिए प्रशासन ने 255 किसानों की भूमि का बैनामा कराया है। जिसमें से 201 किसानों के खाते में धनराशि पहुंच गई है तथा 54 किसानों के खाते में जल्द धनराशि पहुंचेगी। प्रशासन के अनुसार 22 फरवरी तक लगभग 62 करोड़ रुपये की भूमि खरीदी गई है।

मेरठ से प्रयागराज तक बनाए जा रहे गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे गांव मंगरौला, रुस्तमपुर एवं दौलतपुर में औद्योगिक शहर बसाने की शासन की योजना के अनुसार यूपीडा और अमरोहा जनपद के प्रशासनिक अधिकारी काम कर रहे हैं। औद्योगिक गलियारा बनाए जाने के लिए मंगरौला, रुस्तमपुर, गांगटकोला व दौलतपुर गांव की करीब 134 हेक्टेअर भूमि को चिह्नित किया है। 52 हेक्टेअर भूमि का किसानों से बैनामा कराया है। 22 फरवरी तक खरीदी गई भूमि का 62 करोड़ 65 लाख 35 हजार 126 रुपये का भुगतान किसानों के खाते में पहले ही भेजा चुका है। इसके अलावा करीब 54 किसानों का भुगतान शेष है। जिसकी फाइल तहसील प्रशासन द्वारा तैयार करके जिले को भेज दी गई है और जल्द उन किसानों के खाते में धनराशि पहुंच जाएगी। तहसीलदार सुंदीप कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार औद्योगिक गलियारा के लिए प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। जल्द ही बकाया धनराशि किसानों के खाते में भेज दी जाएगी।

नगर की मस्जिदों में अदा की गई तरावीह की नमाज

बुरावली, अमृत विचार : मंगलवार की तड़के रोजेदारों ने सहरी खाकर पहला रोजा रखा।

ईशा की नमाज के बाद बुरावली क्षेत्र की सभी मस्जिदों में तरावीह का दौर शुरू हो गया। इबादत में कुरान पाक की तिलावत की शुरुआत हुई। मस्जिदों में नमाजियों ने तराबीह की नमाज अदा करते हुए कुरान को सुना। अल्लाह से रहमो-करम की दुआएं मांगीं। सुबह चार बजे सहरी खाकर मंगलवार का पहला रोजा रखा। अब पूरे महीने मुसलमान रोजे रखकर अल्लाह की इबादत करेंगे मस्जिदों में 30 दिनों की तराबीह पूरे रमजान उल मुबारक महीने में पढ़ी जाएगी। मंगलवार से बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई। बाजारों में फलों की बिक्री भी बढ़ गई है। मौलाना अब्दुल वहाब ने बताया कि रमजान उल मुबारक का महीना बड़ी रहमतों व बरकतों वाला है। रोजा हर मुसलमान पर फर्ज है।

तालाबों और सीसी रोड का शिलान्यास, लोकार्पण किया

मंडी धनौरा, अमृत विचार : मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री ने विकास की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। जिसका पालिका द्वारा राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के पीछे मैदान में सीधा प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व ईओ अरुण कुमार यादव ने राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के पीछे तालाबों के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास व कमेलपुर रोड से राष्ट्रीय इंटर कॉलेज तक सीसी सड़क का लोकार्पण किया। प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के पीछे तालाबों का दो करोड़ उन्नासी लाख 63 हजार रुपये से सौंदर्यीकरण होगा। 26 लाख से कमेलपुर रोड से राष्ट्रीय इंटर कॉलेज तक की सीसी रोड का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में ईओ अरुण यादव, उमेश कुमार, सोनू पिवाल, जेई प्रशांत यादव, गौरव अग्रवाल, सिम्मी अग्रवाल, प्रशांक त्यागी, राजू बादशाह, विवेक सिंह, देशराज सैनी, प्रिंस चावला रहे।

आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने तख्तियां लेकर निकाली रैली

स्वयंसेवियों ने रैली निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार: मंगलवार को नगर के शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का आरंभ गांव शहवाजपुर गुर्जर की मढ़यों में किया गया।

शिविर का आरंभ कॉलेज प्रबंधक अशोक सैनी व प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने किया। स्वयंसेवियों ने रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान स्वयंसेवी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। स्लोगन से रैली में लोक तंत्र का सम्मान करें, निर्भय हो कर मतदान करें, युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा, सेवा, और मतदान जैसे नारे लगाते चल रहे थे। कार्यक्रम अधिकारी मुर्शरफ खां ने सभी से अपने मत का प्रयोग करने की अपील करते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय अशोक सैनी, कार्यक्रम अधिकारी मुर्शरफ खां, प्रवक्ता डॉ. अशोक कुमार, निसार अहमद, पूनम शर्मा, विजयपाल सैनी, समरपाल, निशीन सैनी, कनिका, सोनम, रिया, सोनू, सौरभ, मोनू, सहित मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में रैली निकालते स्वयंसेवी व शिक्षक। ● अमृत विचार

अमरोहा में रैली निकालती छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनाव में मतदान कर देश को करें मजबूत

अमरोहा, अमृत विचार : मंगलवार को शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य चारू शर्मा के निर्देशन में कॉलेज की छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली नगर के स्टेट बैंक, गंगा मंदिर, बड़ा बाजार, मंडी चौक होती हुई कॉलेज में आकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के प्रति जागरूक किया। उन्हें मतदान का महत्व बताया। उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार ने शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज में उपस्थित मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे और देश की मजबूत सरकार बनाएंगे। इस मौके पर कॉलेज की प्रधानाचार्य चारू शर्मा, पुष्पा वर्मा, शालिनी, संगीता, अर्शिया, ममता आरोही आदि शिक्षिकाएं शामिल रही।

सार-संक्षेप

गन्ने के खेत में दिखे दो शावक, ग्रामीणों में दहशत

अमरोहा, अमृत विचार : गांव बुढ़ानपुर में खेत में दो शावक दिखने के बाद हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर वन विभाग के अधिकारी जंगल में पहुंचे और मामले की छानबीन की। उधर ग्रामीणों ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव बुढ़ानपुर निवासी पवन सिंह यादव सोमवार को अपने खेत पर गए थे। इस दौरान पास वाले खाली खेत में दो शावकों को दूसरे के खेत में जाते हुए देखकर पवन सकते में आ गया। उन्होंने इसकी जानकारी गांव में दी। जिसके बाद ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। सूचना पर वन दरोगा केपी सिंह भी टीम के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने जंगल में देर रात तक शावकों को तलाश किया, लेकिन शावकों का कुछ पता नहीं लग सका। वन अधिकारी का कहना है कि गांव बिजनौर जिले की सीमा पर है, शायद तेंदुआ शावकों को लेकर चला गया होगा। शावकों के दिखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है उन्होंने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।

महाविद्यालय गंगेश्वरी में शिविर आयोजित

रहरा, अमृत विचार : महाविद्यालय गंगेश्वरी रहरा में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का शिविर का आरंभ ग्राम रहरा में उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वंदना भारद्वाज, दिलीप कुमार ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम शर्मा के नेतृत्व में सभी ने हम होंगे कामयाब गीत का गायन किया। इसके बाद विचार गोष्ठी में कौशल विकास हेतु युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम डॉ. पूनम शर्मा ने किया।

आरटीआई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन

अमरोहा, अमृत विचार : मंगलवार को आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी जिला प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचे। संगठन के पदाधिकारियों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि जनपद के सभी जिला, सर्किल एवं थाना स्तरीय पुलिस कार्यालयों में लोक सूचना अधिकारियों की सूची को सार्वजनिक रूप से लगाया जाए। समस्त सर्किल व थानाध्यक्ष स्तरीय अधिकारियों को सुस्पष्ट, सही, वांछित व मांगी गई सूचनाओं को नियमानुसार निर्धारित अवधि में ही उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया जाए। सूचना का अधिकार कार्यकर्ता के रूप में एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी प्रशासनिक कार्यशालाओं, प्रशिक्षण एवं बैठकों में बुलाया जाए। इस अवसर पर एसोसिएशन के जिला महासचिव चंद्रगुप्त मौर्य, नगर अध्यक्ष विनोद मौर्य, नगर महासचिव शानू कुरैशी, खुसरो नदीम, संजीव जिंदल, दिनेश सिंह, सैय्यद तंजीम हुसैन, सैय्यद जामिन हुसैन, राजीव शर्मा आदि रहे।

डिवाइडर में घुसी डीसीएम, चालक व परिचालक घायल

गजरौला, अमृत विचार : सोमवार रात अनियंत्रित डीसीएम हाईवे पर बने डिवाइडर में घुस गई। लोहे की ग्रिल डीसीएम में घुसने से चालक-परिचालक घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार देर रात दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर भानपुर रेलवे फाटक के पास डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल डीसीएम के शीशे तोड़ती हुई अंदर घुस गई। जिससे डीसीएम के चालक व परिचालक घायल हो गए। किसी तरह से चालक-परिचालक को बाहर निकाला गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि घायलों का उपचार मेरठ के अस्पताल में चल रहा है।

भाकियू लोकशक्ति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, अमृत विचार : मांगों से संबंधित ज्ञापन भाकियू लोकशक्ति ने एसडीएम को सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने की मांग की। मंगलवार को संगठन मंत्री योगेश कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पर कार्यकर्ता एकत्र हुए और एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 16 मार्च को ब्लॉक प्रांगण में पंचायत होगी। पंचायत में किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए विद्युत विभाग के एसडीओ, हसनपुर बीडीओ एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी समय से उपस्थित हो। ज्ञापन देने वालों में योगेश कुमार, बृजपाल सिंह, मुकेश, बिजेंदर, शिव कुमार, कलुआ, दाताराम, भूपेंद्र, दिनेश, सतपाल रहे।

स्मार्ट फोन वितरित करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी।

छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन

हसनपुर, अमृत विचार : मंगलवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज हसनपुर में 844 स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। राजेंद्र सिंह एवं निरंजन सिंह ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को 844 स्मार्टफोन का वितरण किया। विधायक ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री द्वारा स्मार्टफोन दिए जा रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

किसान मेले में दी जैविक खेती की जानकारी

हसनपुर, अमृत विचार : कृषि विभाग द्वारा लगाए जैविक खेती किसान मेले का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने आरंभ किया। उन्होंने मेले में किसानों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के विषय में जानकारी दी। स्वच्छता एक्शन प्लान नमामि गंगे योजना के तहत मंगलवार को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज मैदान पर एक दिवसीय जैविक खेती किसान मेले का आयोजन हुआ। मेले में मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने मेले का फीता काटकर आरंभ किया। विधायक ने मेले के दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसानों के हितों में चलाई जारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। मेले में विभाग द्वारा जैविक खेती से संबंधित स्टॉल लगाकर किसानों को जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर अप कृषि निदेशक रामप्रवेश सिंह, जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार, सतीश कुमार, नरेंद्र सिंह यादव सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

लाठी-डंडों से पीटकर युवक को किया घायल

सैदनगली, अमृत विचार : थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव ढक्का निवासी युवक को खेत पर जाते समय गांव के ही युवकों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जिसकी तहरीर पीड़ित युवक द्वारा थाने में दी गई है। पुलिस ने युवक को इलाज के लिए हसनपुर सीएचसी में भेज दिया। मंगलवार को ढक्का निवासी पीड़ित सुफियान पुत्र फरहत हसन अपने घर से खेतों की ओर जा रहा था। आरोप है कि इस बीच गांव के ही दो युवकों ने मोटरसाइकिल से रास्ते में आते हुए बिना वजह सुफियान के साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित ने जब गाली देने एवं मारपीट करने से मना किया तो दोनों ने लाठी-डंडों से युवक के साथ मारपीट की। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। थाना अध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर शुरू

गजरौला, अमृत विचार : रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आरंभ गांव फौंदापुर में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नम्रता वर्मा ने विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान फौंदापुर ओमपाल सिंह व कंपोजिट विद्यालय की प्रधनाचार्या भावना के साथ दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता अग्रवाल ने एनएसएस का ध्येय, उद्देश्य, बैज, प्रतीक चिह्न आदि के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. नम्रता वर्मा ने शिविरार्थियों से अच्छा स्वयंसेवक बनने का आह्वान किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. इन्द्रदेव, डॉ. मनमोहन वर्मा, डॉ. ध्रुव सिंह, रवि ने शिविरार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। शिविरार्थियों ने गांव में लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया। साहिल, शिविका, अक्षय, श्रेया सिंह, रूबी, हरपाल सिंह ने सहयोग दिया।

एक नजर

मामूली बात पर चचेरे भाई का सिर फोड़ा

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला पंजूसराय निवासी आसिम ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि घर में रखी टंकी का पानी तहेरे भाई ने खत्म कर दिया था। आरोप है कि टंकी का पानी खत्म होने की शिकायत करने पर तहेरा भाई गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि चचेरे व तहेरे भाइयों में जमकर लात घूसे चले और तहेरे भाई ने क्रिकेट मैच खेलने वाले बल्ले से हमलाकर आसिम का सिर फोड़ दिया।

बाइक-मैजिक की भिड़ंत में देवर-भाभी घायल

बिल्सी, अमृत विचार : कछला-शाहाबाद हाईवे पर मंगलवार की सुबह एक बाइक और मैजिक की भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार देवर-भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। थाना बिसौली क्षेत्र के गांव सावर निवासी विकास पुत्र प्रमोद और उनकी भाभी रुचि पत्नी विशाल बिल्सी क्षेत्र के गांव निजामपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे।

सीएमओ को कार्रवाई के लिए चेताया तब किया गया अवैध अस्पताल सील

अवैध अस्पताल संचालन को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दर्ज हुआ था केस

संवाददाता,गुन्नौर(संभल)

अमृत विचार : अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी का हाल यह है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में मामला दर्ज होने के बाद शासन ने निर्देश दिया तब भी अवैध अस्पताल पर कार्रवाई नहीं की गई। अब शासन ने सीएमओ पर कार्रवाई की तैयारी कर चेताया तो अवैध अस्पताल सील कर दिया गया।

गुन्नौर में संचालित न्यू अलीगढ़ चाइल्ड हेल्थ सेंटर को अवैध बताकर बताया राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की गई तो आयोग ने केस दर्ज कर उत्तर प्रदेश सरकार को अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये थे। शासन ने बीते साल 22 मई को सीएमओ संभल को अस्पताल के अवैध संचालन पर कार्रवाई के साथ ही 14 दिन में जवाब देने के निर्देश दिये थे। सीएमओ ने कार्रवाई की बजाय शासन के पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कार्रवाई का विवरण मांगा तो शासन सख्त हुआ। शासन के संयुक्त सचिव आनंद कुमार राय ने 5 मार्च को सीएमओ को चेतावनी भरा पत्र लिखकर कहा कि सीएमओ या तो तत्काल अपना स्पष्टीकरण दें नहीं तो कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई की तलवार लटकी तो सीएमओ ने सीएचसी गुन्नौर के प्रभारी को पत्र लिखकर न्यू अलीगढ़ चाइल्ड हेल्थ सेंटर पर कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को टीम के साथ नेहरू चौक के समीप स्थित न्यू अलीगढ़ चाइल्ड हेल्थ सेंटर पर छापा मारा। अवैध संचालन होने पर अस्पताल सील कर दिया। एसडीएम रमेश बाबू, बीडीओ नरेश पाल सिंह और स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. पवन कुमार मौजूद रहे। नोडल अधिकारी ने बताया कि अस्पताल सील कर रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों को भेज दी गई है।

अस्पताल सील करते सीएचसी प्रभारी डॉ. पवन कुमार। साथ में एसडीएम रमेश बाबू।

- शासन के निर्देश को भी सीएमओ ने नहीं दी थी तवज्जो
- अब जवाब तलब कर कार्रवाई को चेताया तो हुई कार्रवाई

पुरानी रंजिश में मारपीट व पथराव, तीन घायल

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोगों ने मारपीट करने के बाद छत पर चढ़कर पथराव किया। जिसमें दंपती सहित तीन लोग घायल हो गए।

गांव सलारपुर कला निवासी छोटे अनवार की मुहल्ला के ही तहसीन अहमद के साथ किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। मंगलवार की सुबह 11 बजे छोटे अनवार का बेटा वसीम मुहल्ला में ही परचून की दुकान पर गया था। आरोप है कि तहसीन अहमद के बेटे ने आकर लाठी डंडे से पीटकर वसीम को चोटिल कर दिया। बचाने पहुंची वसीम की मां नन्ही व छोटे अनवार के साथ भी मारपीट की। छोटे अनवर ने आरोप लगाया कि मारपीट करने के बाद युवक ने अपने पिता तहसीन अहमद व दो भाइयों के साथ छत से पथराव कर दिया। जिसमें छोटे अनवर व नन्हीं घायल हो गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने घायल अनवर व नन्ही का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

बहजोई में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करतीं आशा वर्कर। ● अमृत विचार

आशाओं ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

- मानदेय की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा

अमृत विचार: मानदेय नहीं दिए जाने तथा अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए विकासखंड पंवासा क्षेत्र की आशाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। मानदेय भुगतान को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अवैध वसूली करने वाले बीसीपीएम पर कार्रवाई की मांग की।

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर यूनियन की जिलाध्यक्ष गुड्डो देवी के नेतृत्व में विकासखंड पंवासा क्षेत्र की आशा और संगिनी वर्कर कलक्ट्रेट पर पहुंच गईं। जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बीसीपीएम के द्वारा जबरन 60 प्रतिशत तक की वसूली की जाती है। जो आशा बहू या संगिनी वर्कर धनराशि नहीं देती हैं उन्हें मानदेय नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि रात्रि में डिलीवरी के दौरान नर्स सोती हैं तो आशा बहू को दिक्कत होती है। गंदगी की सफाई के लिए भी आशा बहू से कहा जाता है। कहा कि गलत व्यवहार और प्रताड़ना के चलते बीसीपीएम को हटाया जाए और उच्चाधिकारियों से जांच की जाए। आशा और संगिनी का बकाया प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान किया जाए। सावित्री देवी, गीता देवी, प्रेमलता, मीना देवी, आशा देवी, भूरी, ममता, अनीता, चंद्रवती, रेनू, सीमा, संध्या, संतोष, प्रेमवती, राजबाला, शकुंतला आदि मौजूद रहीं।

पशुओं की अवैध दवा फैक्ट्री का संचालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

अमृत विचार : नगर की घनी आबादी के बीच पशुओं की अवैध दवा फैक्ट्री संचालक के खिलाफ औषधि निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने आरोपी संचालक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इस मामले में की गई कार्रवाई को लेकर विभागीय अधिकारियों पर भी सवाल उठ रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने सोमवार को नगर के मुहल्ला लेखपाल कॉलोनी में छापेमारी करके बिना लाइसेंस संचालित पशुओं की अवैध दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। बड़ी मात्रा में पशुओं की दवा और फूड सप्लीमेंट बरामद किए गए थे। इस मामले में फैक्ट्री संचालक दिनेश को पकड़ लिया गया। औषधि निरीक्षक जैनेंद्र कुमार की ओर से दिनेश के खिलाफ गुन्नौर कोतवाली में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक दिनेश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बताते चलें कि अवैध दवा फैक्ट्री काफी समय से चल रही थी। जहां पशुओं के रोगों से संबंधित नकली दवा बनाने का काम हो रहा था। हालांकि औषधि विभाग को महज सवा लाख रुपये की दवाएं मिलीं।

गुन्नौर में पुलिस गिरफ्त में नकली दवा फैक्ट्री का संचालक। ● अमृत विचार

- बबराला में हुआ था अवैध दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़, औषधि निरीक्षक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

खाद्य विभाग ने भी की कार्रवाई

बबराला, अमृत विचार : खाद्य निरीक्षक कुलदीप तिवारी ने बताया कि पशुओं की अवैध दवा फैक्ट्री के साथ ही बोतल बंद पानी का गोरखधंधा होने की पुष्टि होने पर दिनेश कुमार का चालान कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

पटना तक जुड़े थे दवा फैक्ट्री संचालक के तार

बबराला, अमृत विचार : पशुओं की अवैध दवा फैक्ट्री में दवाओं की पैकिंग कर सप्लाई करने वाले गैंग के तार बिहार की राजधानी पटना तक जुड़े थे। मुख्य आरोपी दिनेश कुमार ने औषधि निरीक्षक की पूछताछ में खुलासा किया कि दवाएं पहले बिहार की राजधानी पटना की फैक्ट्री में बनती थीं। बाद में इस फैक्ट्री को बबराला में शिफ्ट कर दिया गया। जब्त की गई नकली दवाओं और सप्लीमेंट का इस्तेमाल पशुओं की बीमारी को ठीक करने में इस्तेमाल किया जाता है। इस रैकेट के तार बुलंदशहर, अलीगढ़, बदायूं सहित आसपास के कई जिलों से भी जुड़े हैं। यहां बनने वाली नकली दवाओं को वाहन से अन्य जगहों पर पहुंचाया जाता है।

निजी अस्पतालों के मरीजों को 1050 रुपये देकर मिलेगा एक यूनिट ब्लड

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जिला अस्पताल में ब्लड बैंक चालू होने से जनपद संभल के लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। हालांकि सरकारी अस्पताल के मरीज को ब्लड की सुविधा निःशुल्क होगी लेकिन प्राइवेट अस्पताल में भर्ती मरीज के लिए ब्लड लेना है तो सरकार द्वारा निर्धारित फीस अदा करनी पड़ेगी।

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक को लाइसेंस मिलने के बाद सोमवार को राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा उद्घाटन के बाद ब्लड बैंक का विधिवत संचालन शुरु हो गया है। ब्लड बैंक से गर्भवती महिलाओं और हादसों के घायलों को ब्लड देकर उनका जीवन सुरक्षित किया जा सकेगा। ब्लड बैंक में पैथोलॉजिस्ट डॉ.राजेंद्र सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीज के लिए पर्चा देखकर ब्लड दिया जाएगा। पहले ब्लड लिया जाएगा फिर उसके बदले में मरीज के ग्रुप का ब्लड देंगे। वहीं अगर कोई मरीज प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है और उसके लिए ब्लड की जरूरत तो सरकार द्वारा निर्धारित फीस अदा करनी होगी। ऐसे मरीज के लिए एक यूनिट ब्लड देने पर 1050 रुपये की सरकारी फीस अदा करनी होगी।

जिला अस्पताल परिसर में बना ब्लड बैंक।

- जिला अस्पताल के मरीजों को ब्लड के बदले मिल जायेगा ब्लड
- संभल जिला अस्पताल में ब्लड बैंक का संचालन हुआ शुरू

सार संक्षेप

पात्रों को आवास योजना की चाभी देती राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

पात्र लात्रार्थियों को सौंपी गई आवास की चाबी

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अस्थायी कार्यालय गांधी पार्क में नगर विकास विभाग व नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन की परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की ओर से वंचित लोगों की मदद के लिए नगरीय रोजगार व गरीब उन्मूलन के अंतर्गत विभिन्न योजनाएं जैसे दीन दयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, दीन दयाल उपाध्याय कौशल योजना आदि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जानकारी दी गई। इसके बाद पात्र लाभार्थियों को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) गुलाब देवी, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, एसडीएम नीतू रानी ने प्रशस्ति पत्र, आवास योजना की चाबी, साड़ी व शॉल देकर सम्मानित किया। बताया गया कि केंद्र व राज्य सरकार पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही हैं। किसी भी योजना का लाभ देने में पक्ष-पात नहीं अपनाया जा रहा है। जो पात्र है उसे लाभ दिया रहा है। इस दौरान डूडा से अहसान अहमद, ब्रजवाला वार्ष्णेय, चंद्रसेन, मुकुल शर्मा, लक्की वार्ष्णेय, निशक, कार्तिक, पालिका के जेई अनुज कुमार, केके अग्रवाल, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, प्रभाकर गुप्ता, प्रमोद कुमार, लवित वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता, चंदमोहन सैनी, सुभाष सैनी, विकास कुमार, धर्मेंद्र, अर्पित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

पुलिस बल के साथ शंकर कालेज चौराहा पर मौजूद सीओ अनुज कुमार चौधरी।

सीएए के मद्देनजर जिले भर में मुस्तेद रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सीएए लागू होने के बाद से जिलेभर में कड़ी निगरानी और सतर्कता बरती जा रही है। शहर, कस्बा और ग्रामीण क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद है। अर्द्धसैनिक बल के जवान भी तैनात किए गए हैं। पुलिस अधिकारी हर गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।

मंगलवार को शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर सीओ अनुज कुमार चौधरी ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए। सीओ ने अर्द्ध सैनिक बल के जवानों के साथ पैदल मार्च किया। वहीं नखासा थाना क्षेत्र में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीचंद्र के नेतृत्व में एसएसबी के जवानों ने पैदल मार्च किया। इसके बाद पुलिस अपने ड्यूटी प्वाइंटों पर मुस्तैद हो गई। शहर से लेकर देहात तक पुलिस की मुस्तैदी दिखाई दी। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, गुन्नौर, बबराला, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में पुलिस अलर्ट मोड पर रही।

ई रिक्शा पलटा, चालक सहित दो लोग घायल

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर अनियंत्रित होकर सड़क पर ई रिक्शा पलटने से चालक सहित दो लोग घायल हो गए। जबकि एक व्यक्ति बाल बाल बच गया।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला भूड़ा निवासी चालक अकरम मंगलवार की शाम चार बजे ई रिक्शा में मुहल्ला के ही बब्बू की दवा दिलाने चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल जा रहा था। संभल बहजोई मार्ग पर मुहल्ला लाडम सराय के पास अचानक से अनियंत्रित होकर ई रिक्शा सड़क पर पलट गया और अकरम व बब्बू ई रिक्शा के नीचे दब गए। जबकि ई रिक्शा में सवार हारुन बाल बाल बच गया। मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने ई रिक्शा सीधा कर अकरम व बब्बू को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार के लिए अकरम व बब्बू को भर्ती कराया।

हथकड़ी सहित भागे आरोपी को पकड़ा

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: नखासा थाना पुलिस द्वारा तमंचे के साथ पकड़ा गया आरोपी कचहरी में पेशी से पहले पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी सहित भाग गया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को कब्रिस्तान से पकड़ लिया।

थाना क्षेत्र के मुहल्ला शहवाजपुरा में गुलाब वाली मस्जिद के पास निवासी शहरोज को पुलिस ने तमंचे सहित मंगलवार को थाना क्षेत्र में बढ़ई वाली बस्ती में मंदिर के पास से गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करने के बाद हथकड़ी लगाकर शहरोज का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। इसके बाद न्यायालय में पेश करने के लिए पुलिस शहरोज को लेकर कचहरी जा रही थी। अचानक शहरोज पुलिस की पकड़ से छूटकर हथकड़ी सहित दौड़ने लगा। शहरोज शंकर चौराहा से यशोदा चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पार कर मल्लकशाह कब्रिस्तान में घुस गया। पुलिस ने पीछा कर कब्रिस्तान से आरोपी शहरोज को हथकड़ी सहित पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

संभल में भागे आरोपी को पकड़कर लाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- अदालत में पेशी से पहले पुलिस को चकमा देकर हुआ था फरार

विवादित रील वायरल करने वाला गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट गर्वी निवासी आशू ने सोमवार की सुबह होली को लेकर विवादित सोशल मीडिया पर रील देखी। जिसके बाद आशू ने रील को अपने फोटो के साथ एडिट कर वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने रात आठ बजे आशू को हिरासत में ले लिया और मंगलवार को कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया।

लखनऊ में मंगलवार को विकास अग्रवाल को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उद्यमी विकास अग्रवाल को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

संभल, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद के बाद सबसे ज्यादा आलू उत्पादन करने वाले संभल जनपद में निवेश कर आलू प्रोसेसिंग उद्योग लगाने वाले विकास अग्रवाल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कम समय में उद्योग लगाने का काम पूरा करने पर विकास की सराहना की। उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की योजना के तहत निवेश कर संभल के मोहल्ला ठेर निवासी विकास अग्रवाल ने आलू प्रोसेसिंग उद्योग लगाने के लिए आवेदन किया था। प्रदेश सरकार से सहयोग मिला तो विकास ने वेदांत उग्री प्रमोशंस प्राइवेट लिमिटेड नाम के उद्योग को बेहद कम समय में स्थापित कर लिया। उद्योग निर्माण का काम पूरा होने के बाद अब प्लांट टेस्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। इस उद्योग के लग जाने के बाद संभल के आलू उत्पादक किसानों को आलू बेचने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। मंगलवार को लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर विकास अग्रवाल को सम्मानित किया। इसके अलावा मटर से संबंधित उद्योग लगाने वाले बदायूं निवासी संचित अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया है।

सिर से पैर तक नोचते रहे कुत्ते, चीखता रहा बच्चा

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: 11 साल का बच्चा अहमद रजा हम उम्र दोस्तों के साथ बाग में खेलने के लिए जा रहा था, उसे नहीं पता था कि रास्ते में आवारा कुत्तों का झुंड काल बनकर उसका इंतजार कर रहा है। कुत्तों ने हमला किया तो साथी बच्चे डर की वजह से भाग गये। बच्चा मदद के लिए खूब चीखा मगर किसी ने उसकी चीख नहीं सुनी।

सरायतरीन में आवारा कुत्ते अब तक दर्जनों बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुके हैं। मंगलवार को कुत्तों ने न सिर्फ हमला किया बल्कि सरायतरीन के नवाब खेल निवासी आलम के 11 साल के बेटे अहमद रजा की जान ही ले ली। परिवार के लोगों का कहना है कि दोपहर के समय सड़क सुनसान थी इसलिए अहमद रजा को कोई मददगार नहीं मिल पाया। अहमद रजा के साथ जंगल में जा रहे बच्चों का कहना है कि कई कुत्तों ने एक साथ अहमद रजा पर हमला किया तो वह इतना डर गये कि दौड़कर वापस घर आये और घरवालों को बताया। परिवार के लोग भी तुरंत पहुंच गये मगर इस सब में 15 मिनट से ज्यादा का समय लगा। इतने वक्त तक कुत्ते अहमद रजा को सिर से पांव तक नोचते रहे। अहमद रजा के पूरे शरीर पर कुत्तों के पंजों और दांतों के निशान से जख्म बने थे।

बच्चे की मौत पर बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

- जंगल में कुत्तों ने किया बच्चे पर हमला
- साथी बच्चे डर की वजह से मौके से भाग गये

मासूम की मौत से मचा कोहराम

संभल, अमृत विचार : सरायतरीन के मुहल्ला नबाबखेल निवासी आलम हैंडीक्राफ्ट के कारखाने में मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। काम मंदा होने की वजह से आलम चार दिन पहले ही काम की तलाश में दिल्ली गया था। बेटे की मौत की खबर सुनकर आलम व उसकी पत्नी कासमां का रो रोकर बुरा हाल है।

जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार: पंवासा में मंगलवार को नेहरु युवा केंद्र की ओर से जनपद स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन युवा क्लब पंवासा के अध्यक्ष सुधीर के नेतृत्व में नेकपाल सिंह विद्यालय परिसर में किया गया।

राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सौरभ सिंह ने बताया कि युवाओं को मेरा उद्यम, मेरा भारत एवं अनेक राष्ट्रीय विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बाल कल्याण समिति की सदस्य नूतन चौधरी ने युवाओं को बाल कल्याण के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में आगामी लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, ब्लाक प्रमुख, जिला युवा अधिकारी अंकित कुमार ने भी युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में संभल जिले के 600 से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

रमजान के मुबारक महीने में नसीब होती है नेकी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : रजमान का मुबारक महीना शुरू हो गया है। मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर इबादत करने में जुट गए हैं। असमोली क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी हैदर परवाज मिस्बाही का कहना है कि रमजान का महीना सुधरने का महीना है। अपने जाहिर और बातिन को पाक करने का महीना है।

हैदर परवाज मिस्बाही ने कहा कि रमजान का महीना वह मुबारक महीना है जिसमें रोजे रखे जाते हैं और उन रोजों की बरकत से हमें तकवा (परहेजगारी, नेकी और सीधा रास्ता) नसीब होता है। मौलाना निजामुद्दीन ने कहा कि रमजान महीना तीन अशरों में बंटा हुआ है। हर अशरा दस दिन का होता है। पहला अशरा रहमत वाला होता है। दूसरा अशरा मगफिरत के लिए और तीसरा अशरा जहन्नुम से आजादी के लिए होता है। रोजा भूखे प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि पूरे शरीर का रोजा होता है। रोजेदार ऐसी कोई भी हरकत न करें, जिसमें अल्लाह को खुशी न मिले। अपने कान, आंख, जवान, हाथ और जिस्म के सारे हिस्से को अल्लाह की नापंसदीदा बातों से बचाए रखना होता है। जो लोग रोजा रखकर झूठ बोलते हैं वह बड़े गुनहगार होते हैं। रमजान महीने में रोजेदारों के लिए जन्नत के दरवाजे खुल जाते हैं।

रोजे में क्या किया जाए

- पाबंदी से पांच वक्त की नमाज अदा करें।
- कुरान-ए-पाक की तिजारत की जाए।
- दुरूह शरीफ पढ़ते रहें।
- रोजा इफ्तार कराएं।

संभल में खजला व सिवईं खरीदते रोजेदार। ● अमृत विचार

रमजान मुबारक का रखा पहला रोजा, इबादत में जुटे

संभल, अमृत विचार : रमजान मुबारक महीना शुरू होने पर मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहला रोजा रखा। शाम को निर्धारित समय पर रोजा इफ्तार किया। लोग पूरी शिद्दत के साथ इबादत में जुट गए। मस्जिदों में नमाज के साथ ही तरावीह पढ़ी गई। महिलाओं ने घरों पर ही अल्लाह की इबादत की। मंगलवार को तड़के में सहरी के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहला रोजा रखा। जिसे लेकर लोगों में उत्साह का माहौल बना रहा। लोगों ने दिन रोजा रखकर इबादत में गुजारा। बाजारों में खाद्य पदार्थों की खरीदारी के लिए लोग उमड़े। ब्रेड, सिवईं, फैनी, खजला, फलों की खरीदारी की गई। संभल, सरायतरीन और हयातनगर के बाजारों दिनभर खरीदारी का सिलसिला चला। शाम को निर्धारित समय पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रोजा इफ्तार किया और नमाज अदा की। इशा की नमाज के लिए मस्जिदों में लोग उमड़े। जिसके बाद तरावीह पढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया। इस बीच महिलाओं ने घरों पर ही अल्लाह की इबादत की।

एक नजर

मामूली बात पर मारपीट, पथराव का भी आरोप

संभल, अमृत विचार : मुहल्ला मियासराय निवासी खुर्शीद की पत्नी रुमा ने मंगलवार की शाम सात बजे कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि शाम छह बजे घर के दरवाजे पर खड़े थी। पड़ोसी की महिला आकर गाली गलौज करने लगी। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर महिला ने रुमा को रास्ते में खींच लिया और लात घूसों से मारपीट की। अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो महिला ने अपने पति के साथ छत से पथराव कर दिया। जिसमें रुमा घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के बेटे को हिरासत में ले लिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने रुमा का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

चार शहरों में होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 15 से 20 मार्च के बीच प्रस्तावित है। जल्द ही परीक्षा की तिथि निर्धारित की जाएगी। परीक्षा बरेली के अलावा चार शहरों में कराई जाएगी, इसके लिए केंद्र निर्धारित करने की तैयारी की जा रही है। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 15 से 20 मार्च निर्धारित की गई है।

पुलिया की रेलिंग से टकराई बाइक, युवक की जान गई

आगरा-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा, सैलून में काम करता था युवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर डरौली के पास आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाइवे पर बाइक पुलिया की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतक की शिनाख्त बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पुरा निवासी मुशाहिद के रूप में हुई। युवक सैलून में कार्य करता था।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पुरा निवासी मुशाहिद 26 वर्ष पुत्र सुक्खन चन्दौसी में सीओ कार्यालय के बराबर में सैलून पर कार्य करता था। सोमवार की रात दस बजे वह सैलून बंद होने के बाद बाइक से घर के लिए निकला था। रात करीब एक बजे किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी कि आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर डरौली के पास पुलिया की रेलिंग से टकराकर बाइक सवार की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मगर शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त मुशाहिद के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सैलून संचालक शकील ने बताया कि मुशाहिद सोमवार की रात अपनी ससुराल बड़ा गांव थाना बनियाठेर जाने की बात कहकर गया था। मुशाहिद पत्नी रिजवाना व चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

दो बाइकों की टक्कर में आधा दर्जन युवक घायल

बबराला, अमृत विचार : मुरादाबाद-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में बाइकों पर सवार छह युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी गुन्नौर में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी मंकित, विजय और प्रदीप बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर बबराला आ रहे थे। बाइक सवार गांव बाघऊ की पुलिया के पास पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में बुलेट सवार तीन युवकों के साथ ही दूसरी बाइक पर सवार गांव भकरौली निवासी नदीम, शाहजहांनाबाद निवासी रिजवान और बाघऊ निवासी अमन घायल हो गए। घायलों को सीएचसी गुन्नौर में भर्ती कराया गया। जहां से अमन की हालत गंभीर देखकर रेफर किया गया।

कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे 13 जोड़े

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत जैन पैलेस में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार: मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 13 जोड़े दांपत्य सूत्र बंधन में बंधे। राज्यमंत्री गुलाब देवी व भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। विद्वान पंडित ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से वर-वधु को चेक के साथ उपहार दिए गए।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत जनपद को 1243 विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें पूरे जनपद में 1224 विवाह करा दिए गए थे। जबकि 19 विवाह होने शेष रह गए थे। इसके बाद 27 विवाह कराने के नए रजिस्ट्रेशन कराए गए। मंगलवार को विवाह कार्यक्रम का आयोजन रामस्वरूप रोड स्थित जैन पैलेस में किया गया। जिसमें कुल 12 विवाह हिंदू व एक मुस्लिम रीति-रिवाज से संपन्न कराया।

कार्यक्रम का आरंभ राज्यमंत्री गुलाब देवी, संभल लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्यमंत्री की ओर से वर-वधु को चेक व उपहार भी दिए गए। विवाह कार्यक्रम में बीडीओ कमल कांत के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

सार संक्षेप

सीएए में विदेश से आये मुस्लिमों को भी नागरिकता मिले

संभल, अमृत विचार : कुंदरकी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि सीएए के तहत दूसरे देशों से आये अन्य धर्मों के लोगों के साथ ही मुसलमानों को भी नागरिकता का प्रावधान होना चाहिए था। सरकार ने बदलाव नहीं किया तो सीएए के मौजूदा स्वरूप के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया जायेगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि सरकार कहती है कि सीएए के बाद किसी की नागरिकता नहीं छीनेंगे। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से मुस्लिम समाज को छोड़कर जो दूसरे धर्म के लोग आए हैं उनको नागरिकता देने का इनका प्रावधान है। जियाउर्रहमान ने कहा कि हम पूछना चाहते हैं कि इस हिन्दुस्तान के अंदर जहां लोकतंत्र है वहां पर आप कैसे पक्षपात कर सकते हो। मुसलमान का शब्द आपने क्यों हटाया। केवल मुसलमानों को नागरिकता न देना गलत है। यकीनन आप देश को बांटना चाहते हैं। यहां से लेकर सदन तक इसका विरोध किया जाएगा। समाज के जिम्मेदार लोगों से बात करके सुप्रीम कोर्ट जाने का भी काम करेंगे। विधायक जियाउर्रहमान ने कहा कि सड़कों पर नहीं उतरेंगे लेकिन कानूनी लड़ाई इसके खिलाफ लड़ेंगे।

महिला को सम्मानित करतीं जायंट्स ग्रुप की सदस्य। ● अमृत विचार

जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी ने मनाया महिला दिवस

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप ऑफ चांदसी चन्दौसी ने उषा वार्ष्णेय के आवास पर महिला दिवस धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम केंद्रीय कमेटी सदस्य डॉ. सुधा चौधरी, पीपी पद्मा भार्गव, यूनिट डायरेक्टर सीमा वर्मा तथा फेडरेशन ऑफिसर उषा वार्ष्णेय ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदोपरांत ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी को सम्मानित किया गया। उन्होंने समाज हित में अनेक कार्य किये जो सराहनीय हैं। तत्पश्चात एक विधवा महिला को साड़ी, माला, बिस्किट भेंट कर एवं पटका पहना कर सम्मानित किया। वह महिला अपनी पांच बेटियों के साथ कार्य करते हुए अपना जीवन यापन कर रही हैं। अध्यक्षता डॉ. नीरज चौधरी ने की। संचालन सचिव बीना वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर गीता वार्ष्णेय, दुर्गेश, प्रीति, महिमा, प्रियांशी, सोनल, लता वार्ष्णेय, रेनू कुमारी, रेखा, रुचिका, प्रियंका अग्रवाल, पारुल, रीना, अलका आदि उपस्थित रहे।

साक्ष्य के अभाव में दुष्कर्म का आरोपी अदालत से बरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

फैसला

- धनारी थाने में 2019 में हुई थी घटना
- पॉक्सो, दुष्कर्म व अपहरण का दर्ज हुआ था केस

अमृत विचार: न्यायालय ने पॉक्सो, दुष्कर्म व अपहरण के मामले में आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामला 2019 का थाना धनारी का बताया जा रहा है।

जनपद के थाना धनारी के एक गांव के ग्रामीण की नाबालिक बहन चार जुलाई 2019 को खेत पर परिजनों को खाना लेकर जा रही थी। किशोरी के परिजन मेंथा की फसल काट रहे थे। आरोप था कि तभी गांव का अंकित व युवक की मां व पिता किसान की बहन को बहला फुसला कर गाड़ी में बैठाकर ले गए। इसके दो दिन बाद युवक नाबालिग को छह जुलाई की शाम छह बजे बबराला छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद किशोरी अपने घर पहुंची और गांव के अंकित पर अगवा कर दुष्कर्म करने की बात कही। इसके बाद किशोरी के भाई ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो, दुष्कर्म व अपहरण की धाराओं में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी।

सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट व अपर सत्र न्यायाधीश ने मंगलवार को साक्ष्य के अभाव में आरोपी युवक को बरी कर दिया।

हत्या के दोषी पिता-पुत्र और पौत्र को उम्र कैद

बदायूं, अमृत विचार : पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने के दोषी पति-पुत्र और पौत्र को फास्ट टैंक कोर्ट की न्यायाधीश शिव कुमारी ने आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की धनराशि जमा न करने पर तीनों दोषियों को छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर गांव नगला वारह निवासी पन्ना लाल पुत्र सियाराम पर उनके घर में घुसकर पुत्रवधु से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साथ ही पन्ना लाल की उनकी बेटे से तकरीबन डेढ़ साल पहले मारपीट हुई थी। जिसकी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उनका बेटा मुकदमा का वादी था। 31 मार्च 2021 शाम लगभग सात बजे उनका बेटा खेत पर गया था। गांव के पन्ना लाल पुत्र सियाराम, उनका बेटा राजू और पिता सियाराम पुत्र मिश्री आ गए।

भारतीय मानक ब्यूरो के बारे में जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर के एसएम इंटर कॉलेज में मंगलवार को भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद ब्रांच ने 15 मार्च को होने वाले विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर छात्रों की पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें सभी छात्रों ने पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार दिया गया।

मुख्य अतिथि वैज्ञानिक प्रियांशु ने उपभोक्ताओं के अधिकारों तथा हॉल मार्किंग की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा शिक्षण संस्थानों में मानक क्लबों का निर्माण किया गया है। जिसके द्वारा छात्रों को गुणवत्ता तथा मानकीकरण के बारे में जागरूक किया जाता है। एसएम इंटर कॉलेज में भी ऐसे ही एक मानक क्लब का गठन किया गया है। जिसके मेंटर चंद्रवीर हैं। इस अवसर पर योगेश बाबू, रुपेश कुमार, मोहम्मद इमरान, नेमचंद, विपिन गुप्ता, मनोज कुमार, सत्यपाल, राम प्रकाश, गणेश सिंह, ममता रानी, नेहा श्रीवास्तव, मो. मुकीम, अनूप सिंह, एके सिंह, जटाशंकर, खमन्न सिंह, अभिषेक गौतम, सुंदर पाल, सुनील व जयप्रकाश उपस्थित रहे।

एसएम इंटर कॉलेज में आयोजित सेमिनार में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

- एसएम इंटर कॉलेज में विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में सेमीनार आयोजित

योजनाओं की जानकारी लेते ग्रामीण। ● अमृत विचार

जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी वैन के माध्यम से क्षेत्र के गांव में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम गांव राजथल, बिचेटा, दियौरा खास, रीठ, धर्मपुर रत्ता, छाबड़ा, भगतपुर, कुढ़फतेहगढ़, मुड़िया खेड़ा, दारनी आदि में दिखाया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री द्वारा मांगे गए सुझावों को ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प पत्र में लिखकर सुझाव पेटिका में डाले। इस अवसर पर भाजपा छाबड़ा मंडल के अध्यक्ष सुमित कुमार, मंडल महामंत्री राजेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, अंकित शर्मा, जेके शर्मा, कमलवीर सिंह, रामाशंकर, अरुणेश कठेरिया, आदि मौजूद रहे।

सुंदरकांड पाठ का लयवद्ध वाचन किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली ने मंगलवार को संभल गेट स्थित सनातन धर्म गोशाला में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सर्वप्रथम पंडित नंन्दकिशोर शर्मा ने मन्त्रोचारण के साथ भगवान श्री राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना व पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदोपरांत सुंदरकांड की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म में राम चरित मानस का विशेष महत्व है। उसी तरह इस महाकाव्य के पांच वें अध्याय सुंदरकांड के पाठ को भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। तुलसीदास ने राम हनुमान जी के द्वारा की गयी माता सीता की खोज को बड़े ही सुंदर रूप से बताते हुए उनकी वीरता और उनके राजनीतिक शैली व भक्ति का बखान किया है। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। बाद में गायों को चारा खिला कर सेवा की गई। इस दौरान सरोज शर्मा व विनोद कुमार शर्मा की वैवाहिक सालगिरह भी मनाई गई। इस अवसर पर कृष्णौतार गुप्ता, सुभाष रुस्तगी, सीमा वर्मा, रीता बुदियाल, दीप्ति दुबे, अंजू राजपूत, कंचन वाला वार्ष्णेय, सरोज वार्ष्णेय, शिखा सक्सेना, ऋषभ कुमार वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सखी सहेली की सदस्य। ● अमृत विचार

- सनातन धर्म में राम चरित मानस का विशेष महत्व
- गायों को चारा खिला कर सेवा की गई

शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार की मौत

बदायूं, अमृत विचार : शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे तीन युवकों की बाइक घोड़ा बुग्गी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया निवासी सुभाष (35) पुत्र राजेंद्र, जुगेश पुत्र राजाराम और अफसर अली भरकुईया निवासी किसान के थ्रेसर पर मजदूरी करते थे। सोमवार को काम निपटाने के बाद वह तीनों शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव मझिया गए थे। जहां दावत खाने के बाद आधी रात वह तीनों एक ही बाइक से वापस लौट रहे थे। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव तिगुलापुर की नहर के पास उनकी बाइक घोड़ा बुग्गी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बुग्गी चालक भाग गया।

दहेज उत्पीड़न व अपहरण के आरोपी को सात वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-08 ने सुनाया फैसला

अमृत विचार: अदालत ने दहेज उत्पीड़न व अपहरण के एक आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-08 जनपद मुरादाबाद में विचाराधीन था।

थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने 2015 में धारा 364, 498ए, 120बी आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत वीरेश पुत्र किशनपाल निवासी गांव बेरनी थाना कुढ़फतेहगढ़ के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसमें आरोपी पर महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व अपहरण कर गायब कर देने का आरोप था। पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-08 जनपद मुरादाबाद में विचाराधीन था। मंगलवार को अदालत ने आरोपी वीरेश को धारा 364 आईपीसी में दोषी करार देते हुए सात वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सजा कराये जाने में एडीजीसी समर्थ शुक्ला तथा पैरोकार कांस्टेबल अरविंद कुमार थाना कुढ़फतेहगढ़ का योगदान रहा।

अयोध्या रवाना हो रहे श्वेतांक व दीपक को विदा करते परिजन। ● अमृत विचार

श्वेतांक और दीपक पैदल अयोध्या रवाना

संभल, अमृत विचार : सरायतरीन निवासी स्वेतांक शर्मा व दीपक भारती मंगलवार को भगवान श्रीराम के दर्शन करने के अयोध्या के लिए पैदल रवाना हुए। श्वेतांक शर्मा व दीपक भारती संभल बहजोई मार्ग पर सरायतरीन के मुहल्ला पक्का बाग पर स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर से अपनी पैदल यात्रा का शुभारंभ किया। मुहल्ला वासियों ने गले में फूल माला पहनाकर श्वेतांक शर्मा व दीपक भारती को विदा किया। श्वेतांक शर्मा व दीपक भारती यहां से 600 किलोमीटर का सफर पैदल तय करने के बाद भगवान श्रीराम मंदिर अयोध्या पहुंचेंगे। परिवार के लोगों व परिचितों ने दोनों को उत्साह के साथ विदा किया।

चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन राज्यमंत्री व भाजपा नेता।

प्रधानमंत्री ने किया एक स्टेशन एक उत्पाद का वर्चुअल लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- स्टेशन परिसर में लाइव प्रसारण में लोगों की रही भागीदारी

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्टेशन एक उत्पाद का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में 85 हजार करोड़ से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

चन्दौसी में कार्यक्रम का आरंभ माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभारी गुलाब देवी ने फीता काट कर किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संरक्षण में देश प्रगति की ओर अग्रसर है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं को लाभ बिना भेदभाव के जन-जन तक पहुंच रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व लोकसभा संभल प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, अरविंद कुमार गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा समेत रेलवे स्टाफ और नागरिकों की भागदीरी रही।

अभी भी वेबसाइट पर अपडेट नहीं लोकपाल की नियुक्ति

बरेली, अमृत विचार: यूजीसी की वेबसाइट पर अभी तक लोकपाल की नियुक्ति अपडेट नहीं हुई है, जबकि विश्वविद्यालय में लोकपाल का गठन हो गया है। मंगलवार को यूजीसी ने लोकपाल का गठन न करने वाले 228 विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है, जिसमें 159 राज्य विश्वविद्यालय, 67 निजी और दो डीम्ड विश्वविद्यालय हैं। इसमें उत्तर प्रदेश के 22 विश्वविद्यालय हैं, जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय का भी नाम है।

यूजीसी ने 12 अप्रैल 2023 को लोकपाल के गठन के निर्देश दिए थे। यूजीसी ने 5 और 31 दिसंबर 2023 को लोकपाल के गठन की सूचना अपडेट करने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक यूजीसी की वेबसाइट पर सूचना अपडेट नहीं हुई है।

टली बैठक | 25 सभासदों के सापेक्ष आठ ही पहुंचे नगर पालिका की बैठक में

कोरम पूरा नहीं होने पर बोर्ड की बैठक स्थगित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर पालिका की बोर्ड की बैठक पालिका के स्वास्थ्य विभाग में आयोजित की गई। मगर सभासदों की कम उपस्थिति होने पर कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई। बोर्ड की बैठक की आगामी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

मंगलवार की सुबह 11 बजे नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में पालिका बोर्ड की बैठक होनी थी। सुबह ग्यारह बजे पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय पहुंच गईं और सभासदों का आना भी शुरू हो गया। इसके बाद ईओ का कार्यभार संभाल रहीं एसडीएम नीतू रानी भी बैठक में पहुंची। लगभग पौन घंटे तक इंतजार करने के बाद मात्र आठ सभासद ही बैठक में उपस्थित हुए। जबकि पालिका क्षेत्र में 25 सभासद हैं। 17 सभासदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। जिससे वह नहीं पहुंचे। बैठक स्थल पर पहुंचने वाले सभासद जाकिर सलमानी, अनुराग अग्रवाल, हरीश अरोरा, शहबाज खान, विमलेश यादव, मेघा गुप्ता, परवीन, दरक्शा खातून शामिल रहीं। पालिकाध्यक्ष व एसडीएम ने विचार करने के बाद बैठक को स्थगित कर दिया। कहा कि बोर्ड की बैठक आगामी तिथि पर होगी। फिलहाल तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। जबकि पालिका के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पालिका बोर्ड की बैठक में बोलतीं एसडीएम नीतू रानी। ● अमृत विचार

- पालिकाध्यक्ष व ईओ से वार्ता के बाद स्थगित कर दी गई बैठक

दिल्ली में अपने गनर छोड़ मौलाना तौकीर रजा फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के खिलाफ जेल भरो का एलान करने वाले मौलाना तौकीर रजा अब गिरफ्तारी के डर से अपने दोनों गनर दिल्ली में छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस अफसरों के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली पहुंची पुलिस टीम तौकीर की तलाश में दबिश दे रही है लेकिन आधी रात तक उनका कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि तौकीर की लोकेशन दिल्ली में ही मिलने की बात कही जा रही है।

अदालत ने पांच मार्च को शहर में 2010 में हुए दंगे के केस की सुनवाई के दौरान मौलाना तौकीर रजा खां को मुख्य अभियुक्त करार देकर 11 मार्च को पेश होने का हुक्म दिया था। बताया जा रहा है कि उस दौरान तौकीर दिल्ली में थे। पुलिस ने भी अदालत का समन तामील कराने में टालमटोल की। तौकीर के 11 मार्च को पेश न होने पर अदालत ने गैरजमानती वारंट जारी कर पुलिस को उन्हें 13 मार्च को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया।

मंगलवार को पुलिस टीम के साथ सीओ फर्स्ट संदीप कुमार सिंह तौकीर की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पहुंचे तो पता चला कि वह दिल्ली में ही अपने गनर छोड़कर फरार हो चुके हैं।

> तौकीर की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम के साथ सीओ प्रथम दिल्ली पहुंच गए हैं और वहां लगातार दबिश दे रहे हैं। तौकीर अपने गनर छोड़कर फरार हो गए हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> -घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

- दंगे के केस में कोर्ट ने करार दिया है मुख्य अभियुक्त, आज है सुनवाई

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रदोषे दीपक : चन्द्र :,प्रभाते दीपक :रवि : ।
त्रैलोक्ये दीपक :धर्म :, सुपुत्र : कुलदीपक : ।।

संध्या काल में चन्द्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है और सुपुत्र कूल का दीपक है।

संपादकीय

सीएए का विरोध

लंबे इंतजार और तमाम विरोध के बाद सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरे देश में लागू कर दिया गया। वर्ष 2019 में सीएए दोनों सदनों से पास हुआ था जिसके बाद देश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में कई महीने तक धरना प्रदर्शन चला था। विरोध के पीछे यह तर्क दिया जा रहा था कि यह कानून मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा। इसी तर्क के साथ सीएए के लागू होने के बाद फिर विरोध शुरू होने लगा है। कानून लागू होने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी पार्टियां विरोध में उतर आ आईं हैं। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि वे बंगाल में इस कानून को लागू नहीं करेंगी। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी कानून का विरोध करते हुए इसको राज्य में न लागू करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में लाभ के लिए तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। इस कानून को लागू करने से भाजपा को आगामी चुनाव में कितना फायदा मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विपक्षी पार्टियों के विरोध के बाद सवाल उठता है कि संसद द्वारा पारित कानून को लागू न करने की बात कहना कितना सही है। सर्वविदित है कि संसद द्वारा पारित किसी भी कानून को कोई भी राज्य सरकार राज्य में लागू होने से नहीं रोक सकती है। उसके बाद भी यह कहना कि हम राज्य में कानून लागू नहीं होने देगें, जनता को बरगलाने के सिवाय और कुछ नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार इस बात का आश्वासन दिया जाता रहा है कि यह नागरिकता देने वाला कानून है न कि नागरिकता छीनने का कानून।

गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता मिल सकती है। इन देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदायों के व्यक्ति जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था, कानून के तहत नागरिकता मांग सकते हैं। कानून का विरोध करने वालों का यह कहना है कि इस कानून में बाहर से आए मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रावधान क्यों नहीं है? जबकि भारत की संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा रही है। यह बात सही है कि भारतीय संस्कृति समस्त धरती को अपना घर मानती आई है, लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि बांग्लादेश से आए रोहिंग्या मुसलमानों ने अवैध रूप से देश में कब्जा नहीं कर रखा है, जो आए दिन देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाए जाते हैं। यही स्थिति पाकिस्तान से आए लोगों की है, जो आए दिन देश की संप्रभुता व शांति को चुनौती देते हैं। देश की पार्टियों और विरोध करने वाले संगठनों को स्वहित में सोचने के बजाय देश हित सोचना चाहिए।

धर्मः मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना।

अनेक लोग हैं जो कार्ल मार्क्स के धर्म संबंधी विचारों को विकृत रूप में व्याख्यायित करते हैं। वे मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं को गलत देखते हैं फिर सभी मार्क्सवादियों पर हमला आरंभ कर देते हैं। सवाल यह है क्या मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं से धर्म की कोई सही समझ बनती है? क्या दुनिया में मार्क्सवादी धर्म के बारे में एक ही तरह सोचते हैं? कार्ल मार्क्स ने अपनी धर्म संबंधी मान्यताओं का विकास हेगेल की न्याय संबंधी मान्यताओं के मूल्यांकन के क्रम में किया था। मार्क्स ने लिखा, धार्मिक व्यथा, एक साथ वास्तविक व्यथा की अभिव्यक्ति तथा वास्तविक व्यथा का प्रतिवाद दोनों हैं।

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना। मौजूदा हालात के संबंध में भ्रमों का परित्याग करने की मांग उन हालात के परित्याग की मांग करती है जिनके लिए भ्रम जरूरी बन जाते हैं। अतः धर्म की आलोचना भ्रूण रूप में आंसुओं की घाटी, धर्म जिसका प्रभामंडल है, की आलोचना है। यानी धर्म के अंत की शर्त है वास्तविक सुखों की सृष्टि, जब तक वास्तविक सुख पैदा नहीं कर पाते तब तक धर्म रहेगा। आम लोगों के दुख रहेंगे और आंसू भी रहेंगे। मार्क्स ने धर्म को उत्पीड़ित प्राणी की आह के रूप में देखा। धर्म के अंत का अर्थ है मनुष्य के दुखों का अंत। इस अर्थ में धर्म और दुख का गहरा संबंध है।

मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा है, "अधार्मिक आलोचना का आधार हैः मनुष्य धर्म की रचना करता है, धर्म मनुष्य की रचना नहीं करता है। धर्म मनुष्य की स्व-चेतनता और स्व-प्रतिष्ठा है, ऐसे मनुष्य की जो अभी तक अपने आपको जान नहीं पाया है या फिर फिर से भटक गया है, लेकिन मनुष्य जिसने इस संसार से बाहर पड़ाव डाल रखा हो, कोई अमूर्त प्राणी नहीं है।

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिक युग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

मनुष्य तो मनुष्य का संसार,राज्य और समाज है। मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा-धर्म, संसार का सामान्य सिद्धांत है, वह इसका सर्वज्ञान गुटका है, इसकी लोकप्रचलित तर्कपद्धति है, इसका आध्यात्मिक कीर्ति शिखर है, इसकी उमंग है, इसकी नैतिक स्वीकृति है, इसका भव्य अभिनंदन है, यह संतोष और औचित्य स्थापना का सार्वभौमिक स्रोत है। यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, यद्यपि इसके मानवीय सारतत्व में सच्ची वास्तविकता निहित नहीं है। अतः धर्म के विरूद्ध संघर्ष का मतलब है, उस संसार के विरूद्ध किया जाने वाला परोक्ष संघर्ष, धर्म जिसकी आध्यात्मिक सुरभि है। यानी धर्म को समग्रता में देखना चाहिए,उसे अंशों में नहीं देखना चाहिए। इसलिए मार्क्स ने धर्म को सर्वज्ञान गुटका कहा है। धर्म मात्र पूजा या ईश्वर नहीं है, बल्कि उसका एक तर्कशास्त्र है, संस्कार है, यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, धर्म के खिलाफ लड़ने का अर्थ है उसके द्वारा रचे संसार के खिलाफ संघर्ष करना।

अनेक धर्म विरोधी लोग अपनी संतई चमकाने के लिए धर्म के अंश विशेष की आलोचना करते हैं, लेकिन धर्मरचित समग्र संसार की आलोचना से कन्नी काटते हैं। इस प्रसंग में प्रेमचंद उल्लेखनीय हैं, उन्होंने लिखा है, इस अनीति भरे संसार में धर्म-अधर्म का विचार गलत है, आत्मघात है और जुआ खेलकर या दूसरों के लोभ और आसक्ति से फायदा उठाकर संपत्ति खड़ी करना उतना ही बुरा या अच्छा है जितना कानूनी दांव-पेंच से। भारत के देवभक्तों को प्रेमचंद के इस कथन पर गौर करना चाहिए। देवता हमेशा रहेंगे और हमेशा रहे हैं। उन्हें अब भी संसार धर्म और नीति पर चलता हुआ नजर आता है। वे अपने जीवन की आहुति देकर संसार से विदा हो जाते हैं,लेकिन उन्हें देवता क्यों कहो? कायर कहो, स्वार्थी कहो, आत्मसेवी कहो। देवता वह है,जो न्याय की रक्षा करे और उसके लिए प्राण दे दे। अगर वह जानकर अनजान बनता है तो धर्म से फिरता है, अगर उसकी आंखों में यह कुव्यवस्था खटकती ही नहीं तो वह अंधा भी है और मूर्ख भी, देवता किसी तरह नहीं और यहां देवता बनने की जरूरत भी नहीं।

देवताओं ने ही भाग्य और ईश्वर और भक्ति की मिथ्याएं फैलाकर इस अनीति को अमर बनाया है। मनुष्य ने अब तक इसका अंत कर दिया होता या समाज का ही अंत कर दिया होता, जो इस दशा में जिंदा रहने से कहीं अच्छा होता। नहीं, मनुष्यों में मनुष्य बनना पड़ेगा। दरिंदों के बीच में उनसे लड़ने के लिए हथियार बांधना पड़ेगा। उनके पंजों का शिकार बनना देवतापन नहीं, जड़ता है। आज जो इतने ताल्लुकेदार और राजे हैं वह अपने पूर्वजों की लूट का ही आनंद तो उठा रहे हैं और क्या उन्होंने वह जायदाद बेचकर पागलपन नहीं किया? पितरों को पिंडा देने के लिए गया जाकर पिंडा देना और यहां आकर हजारों रुपए खर्च करना क्या जरूरी था? और रातों को मित्रों के साथ मुजरे सुनना और नाटक-मंडली खोलकर हजारों रुपए उसमें डुबाना अनिवार्य था? वह अवश्य पागलपन था। उन्हें क्यों अपने बाल-बच्चों की चिंता नहीं हुई? अगर उन्हें मुफ्त की संपत्ति मिली और उन्होंने उड़ाया तो उनके लड़के क्यों न मुफ्त की संपत्ति भोगें? अगर वह जवानी की उमंगों को नहीं रोक सके तो उनके लड़के क्यों तपस्या करें?"

न्याय-अन्याय के सवाल आज भी प्रासंगिक हैं इस पर प्रेमचंद ने लिखा, कहां है न्याय? एक गरीब आदमी किसी खेत से बाली नोचकर खा लेता है, कानून उसे सजा देता है। दूसरा अमीर आदमी दिन-दहाड़े दूसरों को लूटता है और उसे पदवी मिलती है, सम्मान मिलता है। कुछ आदमी तरह-तरह के हथियार बांध कर आते हैं और निरीह, दुर्बल मजदूरों पर आतंक जमाकर अपना गुलाम बना लेते हैं। लगान, टैक्स व महसूल और कितने ही नामों से उसे लूटना शुरू करते हैं और आप लंबा-लंबा वेतन उड़ाते हैं, शिकार खेलते हैं, नाचते हैं, रंग-रेलियां मनाते हैं। यही है ईश्वर का रचा हुआ संसार? यही न्याय है?

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिकयुग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

प्रसंगवश

मनुष्य और व्यवहार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मनुष्य का चिंतन और व्यवहार रहस्यों से भरा हुआ है। मनुष्य महसूस कर सकता है कि वह स्वतंत्र है, किंतु वस्तुतः है नहीं। वह बाह्य जगत से, अपने परिवेश से तो बंधा है ही, स्वयं से भी बंधा है। आंतरिक बंधन जितना महीन उतना ही मजबूत।

मनुष्य को साधारणतः उसका एहसास ही नहीं होता। होश संभालने का मतलब स्वयं का और बाह्य जगत का पार्थक्य-बोध। बाह्य जगत से मनुष्य भले स्वतंत्र हो जाए,स्वयं से स्वतंत्र होना असंभव। असली बंधन वही है। एक उदाहरण। सुसंगतता और लोकप्रियता का द्वंद्व सुसंगत बने रहने के लिए मनुष्य को जेन्यूइन,तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ होना पड़ता है। उसकी प्रतिबद्धता अंदरूनी होती है,वह उसका झंडा नहीं गाड़ता। हर मुद्दे पर परस्पर सुसंगत स्टैंड लेना उचित, तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ हुए बिना असंभव है।

यदि लोक स्वीकृति की भूख लगातार बनी रहे तो कोई सुसंगत नहीं रह सकता। लोक-स्वीकृति समय के प्रवाह के साथ रुख बदलने को बाध्य करती है। सुसंगतता और लोक स्वीकृति में से एक का चयन करना पड़े तो? इस तरह के चयन की सुविधा मनुष्य को उपलब्ध नहीं,क्योंकि वह करेगा वही जो उसकी मानसिक संरचना और अंतर्निहित प्रवृत्ति के अनुरूप होगा। यानी उसकी चेतना की प्रकृति में निहित होगा। स्वयं के संबंध में वह विवश है, जिसे लोक-स्वीकृति चाहिए,उसे सुसंगतता की परवाह नहीं होगी। उसके लिए सुसंगतता वहीं तक जहां तक वह लोक-स्वीकृति के साथ चल सके। जिसे सुसंगतता की परवाह होगी,उसके लिए सुसंगतता अपने आप में साध्य बन जाएगी।

लोक स्वीकृति उसे काटेगी नहीं, किंतु दोनों में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होने पर उसे कोई द्वंद्व नहीं होगा। कोई चयन या कोई निर्णय नहीं करना पड़ेगा। वह स्वतः सुसंगतता की ओर झुक जाएगा। परस्पर असंगत स्टैंड उसे जीने ही नहीं देगा। बेचारा मनुष्य! न अच्छा बनने लिए स्वतंत्र, न बुरा। बस मुगालता पाल सकता है। मनुष्य स्वयं के बारे में मुगालते में रहने के लिए नियतिबद्ध है और इस नियतिबद्धता से गाफिल भी। रहस्य में रहस्य!

जार बनने की राह पर पुतिन

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं।

हिलेरी क्लिंटन अपनी किताब "हार्ड च्वॉइसेस" में लिखती हैंः दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक रूसी योद्धा मोर्चे से घर वापस आया। जब वह अपने घर के नजदीक पहुंचा जहां वो रहता था, उसने सड़क पर कई लाशें देखीं जिन्हें कुछ आदमी ट्रकों में लाद रहे थे, जब वो नजदीक पहुंचा, उसने एक औरत की टांगे देखीं जिसने वही जूते पहने थे जिन्हें वो जानता था कि उसकी पत्नी के हैं। वो भागा और अपनी पत्नी की लाश मांगी। कुछ देर बहस के बाद उन लोगों ने उसे वो लाश दे दी और वो सिपाही अपनी पत्नी की लाश अपनी बांहों में उठाए वापस आ गया। थोड़ी पड़ताल करने पर उसे पता लगा कि वो जीवित है। वो उसे घर लाया, उसकी सेवा की और वापस तंदुरुस्त कर दिया।

आठ साल बाद 7 अक्टूबर 1952 को उनके यहां ब्लादिमीर पुतिन का जन्म हुआ। ये कहानी सोशल मीडिया पर खूब लोकप्रिय हुई थी, पर इसके आगे शायद लोगों को ये पता न हो कि पुतिन बस जन्मते नहीं हैं न बनाए जाते हैं वो खुद पुतिन बनना चुनते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के दादाजी स्परइडॉन इवानोविच दरअसल लेनिन और स्टालिन के पर्सनल शेफ थे। द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी मां के ग्रेनेड हमले में घायल हो जाने के बाद उनके पिता ने उनकी बहुत सेवा की। वह एक फैक्ट्री में काम करते थे और उनकी मां ने कुछ दिनों तक गलियों में झाड़ू लगाने का काम भी किया।

पुतिन उन्हीं गलियों में वे एक स्ट्रीट फाइटर और चालाक बच्चों के रूप में पहचाने जाते थे। तब उनके पिता केजीबी में काम करने लगे थे। बड़े होने पर उन्होंने सोवियत खुफिया सेवाओं में केजीबी अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। 1989 में उन्होंने बर्लिन की दीवार का पतन देखा तब वह पूर्वी जर्मनी में ड्रेसडेन में थे। दो साल के बाद ही सोवियत संघ के पतन के साथ पुतिन व 8 लाख कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह बर्बाद हो गए। लेनिनग्राड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद पुतिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ सोवियत संघ के सदस्य बन गए थे और साथ ही वे खुफिया एजेंसी केजीबी में एक मामूली पद पर नौकरी भी करने लगे थे। वहां वे लेफ्टिनेंट कर्नल तक की रैंक पर पंहुच गए थे।

1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही उन्होंने केजीबी से इस्तीफा दिया और अपना राजनीतिक कैरियर शुरू किया। वह सेंट पीटर्सबर्ग के मेयर ऑफिस में कमेटी ऑफ फॉरेन रिलेशंस के लिए चुने गए और उसके हेड बने इसके बाद 1994 से 1996 के बीच में वह सेंट पीट्सबर्ग में कई सरकारी पदों पर रहे और 1996 में मास्को चले गए जहां वे तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के प्रशासन से जुड़ गए। 1999 में कुछ समय के लिए वह प्रधानमंत्री रहे और फिर बोरिस येल्तसिन के इस्तीफे के बाद वे राष्ट्रपति बने। इसके बाद 2004 से 2008 तक फिर 2012 से लेकर आज तक राष्ट्रपति पद पर बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। इतने लंबे समय तक किसी शक्तिशाली देश में किसी एक व्यक्ति का प्रमुख पद पर बना रहना बेहद आश्चर्यजनक होता है। पुतिन चिंगारी को सुलगने ही नहीं देते हैं वे देश को अंतर्राष्ट्रीय मसलों में उलझाकर रखते हैं ताकि लोगों का ध्यान देश की समस्याओं पर न जाएं, जो भी आवाज उठाने की हिम्मत करता है उसका अंत किसी एक्सीडेंट या किसी और तरीके से आराम से ऐसे समय में किया जाता है जबकि जनता का जोश कम पड़ गया होता है। एक मजबूत नेता के रूप में पुतिन की छवि रूस के लोगों को आकर्षित करती है। इसीलिए इतने सालों से वे सत्ता के शीर्ष पर जमे हुए हैं। वे ताकत दिखाने से कभी गुरेज नहीं करते उनका कहना है कि लड़ाई करनी है तो पहले पंच खुद मारना होगा। वे जनता से जुड़कर उनके दिल में जगह बनाना भी जानते हैं।

पिछले साल अगस्त में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रेगोझिन की दस लोगों के साथ विमान हादसे में मृत्यु हो गई। जबकि प्रेगोझिन को कभी पुतिन का करीबी और शेफ कहा जाता था। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में भी प्रेगोझिन पुतिन के साथ थे। ज्ञात रहे कि जून 2023 में वेगनर चीफ ने अपनी आर्मी के साथ रूस के शहर रोस्तोव ऑन डॉन पर कब्जा कर लिया था। हालांकि वे चौबीस घंटे में ही विद्रोह समाप्त कर चुके थे, पर पुतिन कभी विद्रोहियों को हल्के में नहीं लेते हैं।

अभी पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं। वे रूस की जनता की सहानुभूति ले चुकी हैं। लोगों को श्रद्धांजलि देने से रोका जा रहा है। इसलिए भी पुतिन की ओर उंगलियां उठनी शुरू हो चुकी हैं।

सोशल फोरम

पीड़ित शिक्षक

भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे।

विधानसभा में मुख्यमंत्री कहते हैं कि स्कूलों में पढ़ाई नौ से पांच के बदले दस से चार तक चलेगी। एक वीडियो में पाठक जी भी यही दुहराते हैं, लेकिन आजतक इससे संबंधित अधिसूचना जारी नहीं हुई है। शिक्षक पीड़ित हैं और सरकार शिक्षा को फुटबॉल बनाकर खेल रही है। दूर-दराज स्थित स्कूलों को समय पर पकड़ने के लिए शिक्षक भोरे घर से निकलते हैं और अंधेरा होने पर लौटते हैं। सरकार की दृष्टि में शायद यही शिक्षा का उत्थान है।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आठ घंटे स्कूल में बैठकर गंवाने से बेहतर है दो घंटे जमकर बच्चों के साथ मेहनत करना। पांच से छह घंटे पर्याप्त हैं पढ़ाई के लिए, मगर चुनावी तिकड़मों में व्यस्त सरकार को फुर्सत कहां कि देखें स्कूलों में क्या हो रहा है? जनता के करोड़ों-अरबों रुपए शिक्षा में पानी की तरह बहाए जा रहे हैं और उपलब्धि शून्य के करीब है। अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां के प्रधानाध्यापक इतने अक्षम हैं कि उनके पास कोई वर्ग तालिका ही नहीं है। न वर्ग करवाने में उनकी रुचि है। कुछ सजग बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओं के पास जाते हैं। वर्ग लेने का आग्रह करते हैं। अगर शिक्षकों का मन हुआ तो वर्ग लेने जाएंगे, वरना किसी और के पास भेज देंगे। भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे। जिस देश की राजनीतिक प्रणाली भ्रष्ट हो, उस देश में शिक्षा-प्रणाली अच्छी हो,यह असंभव है। राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रशांत किशोर अथक परिश्रम कर रहे हैं। जिन्हें बिहार की दशा सुधारने में दिलचस्पी हो, उन्हें उनसे बात करनी चाहिए और संतुष्ट होने पर उन्हें मजबूती देनी चाहिए। मेरी दृष्टि में इस राक्षसी राजनीति को शिकस्त देने का एक अच्छा अवसर हाथ आया है। इसमें चूकना नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर भारतीय महिलाएं

प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं।

आधुनिक युग नवजागरण का युग है। संपूर्ण विश्व में महिला स्वातंत्र्य का युग चल रहा है। इसका प्रभाव भारत की महिलाओं पर भी पड़ा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर। 21 वीं शताब्दी में ग्रामीण महिला जागरण और जागरुकता में पर्याप्त प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है। इसका मुख्य कारण महिला शिक्षा में विकास है।

आज की ग्रामीण क्षेत्र महिलाएं ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए आधुनिकता के परिवेश में जी रही हैं। वह अनेक समस्याओं के साथ संघर्ष कर रही हैं। उन्हें सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसीलिए उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में या गांव से बाहर नौकरी करनी पड़ रही है। वह परिवार को आर्थिक संकट से उबारने का प्रयत्न भी कर रही हैं।

महिलाओं के नौकरी करने से जहां परिवार का जीवन सुखद एवं संपन्न बनता जा रहा है वहीं अनेक समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। इस कारण उनके परिवार को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनकी अपेक्षा की जाती है। उनके बच्चे सहज स्नेह से वंचित रह जाते हैं। परिवार के वातावरण में एक अनकहा तनाव भी व्याप्त हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को नौकरी करते हुए सादा जीवन उच्च विचार पर अमल करना लाभदायक तो होता है, किंतु गांव के परिवेश के साथ-साथ नौकरी कर पाना उतना ही कठिन भी होता है। भारतीय महिलाओं के विकास की गति आज भी धीमी है। इसका कारण हमारे पूर्वजों का महिलाओं को किसी प्रकार की स्वतंत्रता देने का विरोधी होना है। वैदिक काल में स्त्रियों को देवी, सहधर्मिणी, सहचरी आदि का दर्जा प्राप्त था। पौराणिक काल में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहकर उनकी पूजा की जाती थी, परंतु 11 वीं शताब्दी से लेकर 19 वीं शताब्दी के मध्य का युग स्त्री जाति के लिए अभिशाप बनकर आया, उनके विकास, सम्मान और सशक्तिकरण पर गहरा आघात हुआ। मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, विदेशी आक्रमण, विलासिता पूर्ण जीवन राजाओं का मुख्य उद्देश्य रह गया और इसी कारण बाल विवाह, पर्दा प्रथा और अशिक्षा आदि का जन्म हुआ। शासकों की विलासिता पूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को केवल उपभोग की वस्तु बनाकर रख दिया और महिलाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया और समय के साथ यह सभी सामाजिक कुरीतियां में परिवर्तित हो गई जिससे महिलाओं का निजी एवं सामाजिक जीवन अभिशाप बन गया। ब्रिटिश काल में से महिलाओं के पुनरुत्थान का समय प्रारंभ हुआ जिसमें महिला सुधार से संबंधित कई प्रकार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन किए गए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं तथा विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया। महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्य धारा में समाहित किया गया, महिलाओं ने शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि में विभिन्न प्रकार के नए आयामों तय किए। आज महिलाएं एक ही दायरे में न रहकर केवल शिक्षक, नर्स, डॉक्टर न बनाकर इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, टेक्नीशियन, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। यद्यपि आधुनिक काल में महिलाओं में शिक्षा का पर्याप्त विकास हो रहा है, किंतु परंपरागत परिवेश के कारण महिलाओं के प्रति और स्वयं महिलाओं के विचारों में विशेष परिवर्तन नहीं आया है। उन्हें चाहिए कि वह पुरुषों के वर्चस्व रूपी विचार से स्वयं मुक्त होकर न्याय और समानता के तत्व पर अपना दृष्टिकोण विकसित करें। देखा जाए तो महिलाओं की संख्या अल्पमत में नहीं है, फिर भी उनकी प्रगति, उनका योगदान अल्पमत में दिखाई प्रतीत होता है।

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक अनेक महिला नेताओं का योगदान उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता के पश्चात लगभग हर क्षेत्र में भारतीय महिलाओं ने सहभागिता ही नहीं की है,अपितु अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी किया है, जो क्षेत्र महिलाओं के लिए वर्जित माने जाते थे वहां भी महिलाओं की भागीदारी हुई और आशानुरूप परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। फिर भी सामाजिक समानता और समरसता के लिए पुरुष वर्ग की मानसिकता में परिवर्तन होना आवश्यक है।

गाली का संबोधन और मित्र

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था।

वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

1988 की बात है। हमारे एक मित्र के पिता एमएलसी थे और यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभापति भी। फ्लैट और गाड़ी सरकार ने दे रखी थी। इस कुर्सी पर किसी भी प्रकार की सुविधा की कोई कमी नहीं होती, जो चाहा, हाजिर हो गया, लेकिन वो ऊंची सोच वाले सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे।

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था। उन दिनों हम मोपेड धारी हुआ करते थे, जो दस साल से बराबर चल रही थी, लेकिन कभी- कभी बीमार भी हो जाती थी। कुल मिलाकर जैसे-तैसे वो हमारा बोझ उठा रही थी। दो का बोझ उठाना नामुमकिन था। समारोह के लिए हम लेट हो रहे थे। जाना भी दूर था। हमने मित्र से कहा पापा की कार ले लो। मित्र ने कहा कोई फायदा नहीं, कार भले सरकारी है, लेकिन पापा किसी को हाथ नहीं लगाने देते। हमने थोड़ा जोर दिया, हालात के दृष्टिगत शायद मान जाएं। मित्र ने कहा- ठीक है, तुम्हारी तसल्ली के लिए मांग लेता हूं। मित्र ने सकुचाते हुए पापा से विनती की, उन्होंने ध्यान से बात सुनी पुत्र को सर से पांव तक घूरा। फिर हमें भी घूरा, जेब में हाथ डाला। दस-दस के पांच नोट गिनकर पुत्र के हाथ पर रख दिए, रिक्शे या टेम्पो से चले जाओ। हाल ही में हमारे उन्हीं मित्र का 75वां जन्मदिन है। मित्र सिर्फ हमारे ही नहीं अनेक के हैं। वैसे मित्र हो या बैरी सबके दुःख-सुख में सबसे पहले हाजिर होते हैं। पूरे तन-मन और धन के साथ बरसों हम कर्मचारियों के अध्यक्ष रहे और महामंत्री भी, गालियां उनके मुंह से फूलों की तरह झरती हैं। जिस दिन गाली से संबोधन न दें समझो नाराज हैं।

एक नजर

विद्या भारती के जनशिक्षा समिति की गृह परीक्षा शुरू

बिलारी, अमृत विचार : अमरपुर काशी स्थिति श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती के जनशिक्षा समिति की गृह परीक्षा प्रारंभ हो गई है। कक्षा शिशु से 11वीं तक परीक्षा 22 मार्च तक होगी। परीक्षा प्रात : काल प्रथम पाली में शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। यह जानकारी कॉलेज के संस्थापक प्रधानाचार्य पं. विनोद कुमार मिश्रा ने दी।

चाकू के साथ गिरफ्तार युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

ठाकुरद्वारा,अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान काशीपुर चुंगी के पास फरीदनगर रोड पर संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर पूछताछ की। इस दौरान वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसको पकड़ लिया और तलाशी ली तो जेब में चाकू मिला। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम शावेज निवासी फरीदनगर बताया। पुलिस ने उसको कर आर्म्स एक्ट की धाराओं में चालान कर दिया है।

नगर में धड़ल्ले से दौड़ रहीं मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

घनी आबादी के बीच ट्रैक्टर-ट्राली का बेरोकटोक संचालन यहां पर आम बात, पुलिस है शांत

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: अधिकारियों की मौखिक सहमति पर नगर की गलियों में और संकरे रास्तों में मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां दौड़ रही हैं। यहां इस कारण कभी भी हादसा हो सकता है। ऐसी स्थिति को देखकर मोहल्ले के लोग गुस्से में है। मोहल्लावासियों ने मिट्टी भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों के आने जाने पर अंकुश लगाने की मांग की है।

क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई से बचने के लिए खनन माफिया मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां नगर की गलियों में धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। अब तक कई बच्चे और बड़े क्षेत्र में ऐसे वाहनों से घायल भी हो चुके हैं। मोहल्ला घोसीपुरा, पट्टीवाला और फकीरगंज के लोग मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों से ज्यादा परेशान हैं। भाकियू अराजनैतिक, मोहल्ला घोसीपुरा एवं पट्टीवाला के लोगों ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की थी लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाकियू अराजनैतिक के मंडल महासचिव जितेंद्र विश्नोई जीतू एवं स्थानीय नागरिकों ने मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों पर अंकुश लगाने की मांग दोहराई है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने कहा कि सुगम यातायात की हर रोज कोशिश की जाती है। नियम तोड़ने वाले वाहनों का चालान भी होता है।

नगर में रोड पर मिट्टी से भरा ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

ठाकुरद्वारा में ओवरलोड वाहन पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

यातायात का बुरा-हाल देखना हो तो यहां आइये

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : संभागीय परिवहन और पुलिस विभाग के यातायात जागरुकता का बुराहाल देखना हो तो यहां आइये। नगर में कौन वाहन कहां घुस जाये? यह कहा ही नहीं जा सकता है। कार्रवाई के नाम पर पुलिस सड़क पर डंडे पीट रही है(

ओवरलोड वाहनों पर जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों पर जान जोखिम में डालकर लोग सफर करते नजर आ रहे हैं लेकिन, इस पर प्रशासन की कोई रोक-टोक नहीं है। ऐसे वाहनों पर पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग की नजर नही है। उधर, बाइक सवारों पर पुलिस की जरूर सख्ती है। क्षेत्र में जगह-जगह पर पुलिस वाहन खड़ाकर बाइक सवारों को रोककर उनकी चेकिंग जरूर कर रही है। हेलमेट और कागजात न उपलब्ध कराने पर ई-चालान काट दिया जा रहा है लेकिन, ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अधिक सामान पर पुलिस की नजर नहीं है। ऐसे वाहनों पर लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं लेकिन पुलिस को यह नहीं दिख रहा है। जानकार कहते हैं कि खेती-किसानी के लिए खरीदे गए वाहनों का कामर्शियल रूप में उपयोग करना कानूनी रूप से गलत है। ऐसे वाहनों की कोई भी चेकिंग नहीं की जा रही है। पुलिस द्वारा रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं देखा जाता। ड्राइविंग लाइसेंस जांचने की बात ही दूर की है। पुलिस के सामने ऐसे कितने ही वाहन दिन प्रतिदिन गुजर रहे हैं लेकिन, प्रशासन नजरअंदाज कर दे रहा है।

गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक में लगी आग। ● अमृत विचार

ओवरलोड गन्ना ले जा रहे ट्रक में लगी आग, अफरातफरी

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: गन्ना क्रय केंद्र से ओवरलोड गन्ना भरकर ले जा रहे ट्रक में आग लग गई। किसी तरह आग पर तो काबू पा लिया गया, लेकिन चालक और वहां के लोग घबरा गए। बड़ी दुर्घटना होने से बाल-बाल बची।

कांठ क्षेत्र में बॉडी से पांच फुट से अधिक गन्ना भरकर ट्रक हाई-वे पर सरेआम दौड़ रहे हैं। ओवरलोड गन्ने के ट्रक पलटना, ओवरटेक कर रहे दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों के ऊपर गन्ने की पूली गिरना आम बात हो गई है। ओवरलोड गन्ने के ट्रकों को ओवरटेक करने पर अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। आरटीओ एवं पुलिस द्वारा ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक चालान की कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

ऐसा ही मामला धामपुर हाईवे पर प्रकाश में आया है। कांठ गन्ना क्रय केंद्र से ओवरलोड गन्ना भरकर ले जा रहे दस टायरा गन्ने के ट्रक में ग्राम गढ़ी के पास मंगलवार लगभग दो बजे आग लग गई। आग की लपट देख राहगीरों ने ट्रक चालक को इशारा कर जानकारी दी तो तो वह घबरा गया। सूचना पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

पहले रमजान को रोजेदारों ने की जमकर खरीदारी

संवाददाता, कुंदरकी

▸▸ रोजमर्रा के सामानों की कीमतों में दिखा भारी उछाल

अमृत विचार: मंगलवार को रमजानुल मुबारक का पहला रोजा चांद देखकर रखा गया, जिसको लेकर समाज में एक अलग ही जोश दिखा। बच्चे नौजवान से लेकर बुजुर्गों ने रोजा रखा और मस्जिदों में इबादत की गयी। रमजान को लेकर खरीदारी भी की गई। फल, खजला, खजूर की दुकानों पर भीड़ रही।

गौरतलब है की मुकद्दस माह-ए-रमजान को लेकर सोमवार को तैयारियां अंतिम दौर में थीं। सोमवार की रात 8: 05 बजे मस्जिदों पर तरावीह की नमाज के साथ ही रोजा और इबादत का सिलसिला शुरू हो गया था। मुस्लिम धर्म में इस महीने को बहुत ही पाक (पवित्र) माना जाता है। पूरे माह समाज के लोग रोजा रखने के साथ जकात देते हैं और पांचों वक्त की नमाज अदा करते हैं।

उलमा के मुताबिक, अल्लाह तआला ने मुस्लिमों पर रोजा फर्ज किया है। पाक माहमें रोजा रखने वालों की सभी नेक दुआएं अल्लाह जरूर कुबूल करता है। इस महीने में एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब अल्लाह अपने नेक बंदों को देता है। इसलिए मुसलमानों को रोजा रखने, कुरान-ए-पाक की तिलावत करने, पांचों वक्त की नमाज व तरावीह पढ़ने के साथ गरीबों की बढ़ चढ़कर मदद करते हैं। रोजा इस्लाम के पांच बुनियादी फर्ज में से एक रोजा भी है। मंगलवार को नगर के मुख्य बाजार में काफी भीड़ दिखाई दी।

मोदी की गारंटी वाली वैन से योजनाओं की जानकारी दी

छजलैट, अमृत विचार: क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में मोदी के गारंटी वाली वैन नमक प्रचार वाहन ने विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी।

शक्ति केन्द्र पैगम्बरपुर सुखवासीलाल से प्रचार वैन का संचालन शुरू किया गया। एलसीडी युक्त वाहन के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। सभी वर्गों के व्यक्तियों से कर सुझाव मांगे गए। वाहन छजलैट के गांवों में घुमी तथा ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डा.अंगद सिंह चौहान, हेमन्त चौधरी, शक्ति केन्द्र संयोजक देवेन्द्र शर्मा, बूथ अध्यक्ष सोनू कुमार, लोकेश रुहेला, हरिओम सिंह, सुमित कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सिल्ट सफाई वाली नहरों का संचालन अगले सप्ताह से

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: सिंचाई खंड की मासिक बैठक में पूर्व के कार्यों की समीक्षा की गई। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में बैठक नलकूप कालोनी में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश एवं उत्तराखंड बॉर्डर की चार नहरों की चर्चा हुई।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार मनरेगा के तहत उनमें सिल्ट सफाई करा रही है। अगले सप्ताह ऐसी नहरों में भी पानी की आपूर्ति की जाएगी। खतापुर माइनर पर दीवार एवं छजलैट माइनर पर पुल मरम्मत हो रहा है। यह कार्य 18 मार्च तक पूरा हो जाएगा। उसके बाद महमूदपुर रजवाह में पानी छोड़ा जाएगा। नींगू नंगला में पुल का सर्वे भी शीघ्र पूरा हो जाएगा। बैठक में बाढ़, सूखा, नहरों और ट्यूबवेल संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि नलकूपों के लिए 12 घंटा और गांव से जुड़ी लाइनों से 18 घंटा विद्युत आपूर्ति हो रही है। पांच नलकूप विद्युत दोष एवं पांच ही आंतरिक दोष से बंद हैं, जो एक सप्ताह के अंदर ठीक हो जाएंगे। अधिशासी अभियंता नीरज कुमार, अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम कुमारी पूजा, अफजलगढ़ उप सिंचाई खण्ड से मलखान सिंह, कृषि विभाग से विजयपाल सिंह, उपखंड सिंचाई अभियंता जितेंद्र कुमार, उप खंड प्रथम से राकेश कुमार, विद्युत वितरण खंड अभियंता दीपक चौहान, सिंचाई खंड से एसडीओ योगेश चंद्र सिंह, बाढ़ खंड से ब्रह्मानंद आदि उपस्थित रहे।

बैठक में अपनी बात रखते धर्मपाल सिंह (बीच में)। ● अमृत विचार

▸▸ सिंचाई खंड की मासिक बैठक में विभागीय कार्य की समीक्षा की गई

एसडीएम की पहल से हुई वार्ता, भाकियू ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: एसडीएम की मध्यस्थता में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों से वार्ता हुई। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं का समय से निदान करने का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं एसडीएम को ज्ञापन दिया।

एसडीम विनय कुमार सिंह ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रतिनिधि मंडल के कहने पर मंगलवार को विभिन्न विभाग के अधिकारियों की तहसील सभागार में बैठक बुलायी थी। अधिकारी समय से सभागार में पहुंच गए और भारतीय किसान यूनियन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह विश्नोई, नवनीत विश्नोई, सियाराम विश्नोई, रामकला सिंह, धर्मपाल, महेश ठाकुर, विजय सिंह गुर्जर सहित भारतीय किसान यूनियन के अन्य पदाधिकारियों की बात सुनी। एसडीएम की मध्यस्थता में बिजली विभाग के एसडीओ, कृषि विभाग, नहर विभाग, लोक निर्माण विभाग, गन्ना विभाग एवं चीनी मिलों के अधिकारियों से किसानों की समस्याओं के संबंध में वार्ता हुई। सभी विभागों के अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं का समाधान समय रहते करने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का सभी अधिकारी समय रहते समाधान करें।

सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

सेंट पॉल्स स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर स्थित सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। छात्र- छात्राओं को अंकपत्र, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह को परिवार दिवस के रूप में मनाया गया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु समान है। एक शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना आवश्यक है क्योंकि, कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। कभी भी कठिन परिश्रम से घबराना नहीं चाहिए। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन फरहान हबीब एवं गरिमा ने संयुक्त रूप से किया।

स्कूल चैयरमेन जितेंद्र विश्नोई एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को उनके स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामनाएं दी एवं अभिभावक का विद्यालय आगमन पर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित की गई क्विज प्रतियोगिता

छजलैट, अमृत विचार: छात्र-छात्राओं में जिज्ञासा शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान/गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने हेतु क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक संसाधन केन्द्र छजलैट में विज्ञान/गणित पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 360 उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें 10 छात्र/ छात्राएं उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद विजेता घोषित की गयीं। प्रतियोगिता में 10 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/ छात्राओं का जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग कराया जायेगा, एक्सपोजर विजिट होगा।

ससुराल वालों की गिरफ्तारी को लेकर सीओ से मिली महिला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ एक लाख रुपये व बुलेट की मांग को गर्भवती को घर से निकला था

▸▸ देवर पर दुष्कर्म की वीडियो बनाने के मामले में पंजीकृत है अभियोग

अमृत विचार: ससुरालयों ने एक लाख रुपए की नगदी व बाइक की मांग को लेकर मारपीट कर गर्भवती महिला को घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने डिप्टी एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी ससुराल वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की ।

सोमवार को डिलारी क्षेत्र की एक महिला ने डिप्टी एसपी से कहा कि उसकी शादी दो वर्ष पहले क्षेत्र गांव चांदखेड़ी निवासी युवक से हुई। माता-पिता ने दान दहेज दिया था। पति, सास, ससुर, ननद, देवर मिले दहेज से खुश नहीं थे। दहेज में एक लाख रुपये की नकदी व बुलेट बाइक की मांग शुरू कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। देवर, सास, ननद व ससुर भी उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि जिस दिन उसके पति कहीं बाहर गए थे। देवर ने नहाते समय उसकी वीडियो बना ली। वीडियो दिखाकर उसने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बाद में भी वीडियो दिखाकर दुष्कर्म करता रहा। इसकी जानकारी पति को दी तो पति ने परिजनों के साथ मिलकर उसे खूब मारा-पीटा था। जब वह गर्भवती थी, तभी घर से निकाल दिया था। किसी तरह वह अपने घर पहुंची, वहां पर उसने पुत्र को जन्म दिया। लेकिन, परिवार के लोगों ने कोई खैर-खबर नहीं ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सार-संक्षेप

बोर्ड परीक्षा में सहयोग के लिए परीक्षा समिति का आभार जताया

बिलारी, अमृत विचार : बोर्ड परीक्षा सकुशल संपन्न होने से केंद्र व्यवस्थापक और शिक्षक प्रसन्न हैं। कृषि औद्योगिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य- केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार जादौन, राजकीय इंटर कॉलेज थांवला के प्रधानाचार्य फखरुल इस्लाम, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक व एडीओ सांख्यिकी को स्टेटिक मजिस्ट्रेट, राजकीय विद्यालय सरथलखेड़ा के राहुल यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। विद्यालय की ओर से परीक्षा शांत व शुचितापूर्ण होने पर परीक्षा समिति का आभार व्यक्त किया गया। अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक फखरुल इस्लाम ने बताया कि विद्यालय का अनुशासन व शुचितापूर्ण क्रियान्वयन प्रशंसनीय है। पर्यवेक्षक राहुल यादव ने कहा कि विद्यालय में प्रत्येक कार्य के लिए प्रथक शिक्षक को जिम्मेदारी दी गयी थी, उन्होने इसे सहजता के साथ निभाया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट शरद कुमार शर्मा ने सभी को बधाई दी। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में परीक्षा प्रभारी प्रियंका सिंह, सह प्रभारी ओमप्रकाश सिंह व जगजीत शर्मा, उत्तर पुस्तिका प्रभारी गोपाल मौर्य, सचल दल सदस्य शिव कुमार, सुभाषिनी वर्मा, सुरक्षाकर्मी नीरज शर्मा, अजय सिंह, आदित्य कुमार, गौरव गुप्ता, नेहा पाल, महेश कुमार, उदय पाल, हितेंद्र पाल सिंह अरविंद कुमार, सुलभ चौहान, महेश, लल्लू आदि उपस्थित रहे ।

नागरिकता संशोधन कानून लागू होने का किया स्वागत

बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दोपहर के अवकाश के दौरान नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना लागू किए जाने का स्वागत किया गया। विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि दिसंबर 2019 में संसद की दोनों सदनों ने नागरिकता संशोधन कानून का प्रस्ताव पारित किया था। कानून का उद्देश्य बहुत ही सहज और साफ है। कहा कि दशकों से इन अल्पसंख्यकों को लंबी अवधि के वीजा पर भारत में रहना पड़ता था। उन्हें इसका बार-बार नवीनीकरण करना पड़ता था। पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश के होने का दस्तावेज भी देना पड़ता था। घर बार छोड़कर भागने वालों के पास कोई दस्तावेज नहीं होता है। इसे देखते हुए यह कानून लागू किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिबद्धता पूरी की है। बताया कि संविधान निर्माता के वादे को साकार किया। संविधान निर्माताओं ने तीन देशों में रहने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, फारसी समुदाय से यह वादा किया था। इस अवसर पर पुष्पेंद्र सिंह यादव, राकेश कुमार प्रजापति, दीपक कुमार विश्नोई, ओंकार सिंह, राजपाल सिंह, बाबूराम बाल्मीकि, ऋषिपाल यादव, गजेंद्र यादव, सत्येंद्र तोमर आदि ने भाग लिया।


नवनियुक्त अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत करते सदस्य। ● अमृत विचार

सचिन बने भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष

कांठ, अमृत विचार : भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की बैठक में सचिन चौहान उर्फ बंटी को अध्यक्ष एवं रजत प्रभाकर को महासचिव चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सचिन उर्फ बंटी चौहान ने कहा कि वह भारत विकास परिषद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में तन, मन एवं धन से समर्पित रहकर कार्य करेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर दीपक विश्नोई एडवोकेट, कुंवर सुरेंद्र सिंह, मुकेश माहेश्वरी, मास्टर राजवीर सिंह, प्रमोद विश्नोई, अशोक कुमार, महेश गुप्ता, सुरेश चौहान आदि मौजूद रहे।

खेत में पानी भरने का विरोध करने पर महिला को पीटा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गेहूं के खेत में पड़ोसी द्वारा पानी भरने का विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामूवाला गणेश निवासी गीता चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पड़ोस के किसान ने गेहूं की फसल में पानी भर दिया। जब उसने विरोध किया तो किसान पिता- पुत्र ने उसे पीटकर घायल कर दिया।

मौसम बदलते ही जुकाम खांसी, बुखार के रोगी बढ़े

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : मौसम के परिवर्तन के चलते जुकाम, खांसी, बुखार के साथ दमा के रोगियों की सख्या बढ़ने लगी है। तेजी के साथ मौसम अपना खतरनाक रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तेज हवा और धूल लोगों को परेशान कर रही है। चारों ओर धूल उड़ने के कारण जुकाम खांसी के साथ- साथ लोगों में सांस फूलने की शिकायतें भी बढ़ रही है। पता चला है कि इन दिनों अन्य बीमारियों ने भी दस्तक देनी शुरू कर दी है।

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में 224 मरीज पहुंचे। ज्यादातर खांसी, जुकाम व बुखार से पीड़ित रहे। एक मरीज को सांस लेने की दिक्कत होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं बुखार पीड़ित चार रोगियों को भी भर्ती किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों को सलाह दी कि अभी ऊनी व गर्म कपड़ों का प्रयोग करें। खानपान पर विशेष ध्यान दें। फास्ट फूड व ठंडी चीजों से बचें। सोने के दौरान मच्छरदानी का प्रयोग करें ।

दवा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराते मरीज

सुबह तेज धूप और शाम को ठंड का असर बढ़ जा रहा है। रात को ठंड होने की वजह से लोगों कि सेहत प्रभावित हो रही है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि मौसम परिवर्तन से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। ज्यादा मरीज गले में खराश और खांसी जुकाम के पहुंच रहे हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर | यातायात दिवस मनाया गया, देश में प्रतिदिन लगभग 1150 सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं

युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार: राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में मंगलवार को यातायात दिवस मनाया गया। इस दिन स्वयंसेवक-सेविकाओं ने ठाकुरद्वारा-डिलारी मार्ग पर वाहन चालकों से सीटबेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करने, तेज गति से वाहन न चलाने की लोगों को सलाह दी।

सुखदेव स्मारक महाविद्यालय रतुपुरा की एनएसएस की दोनों इकाइयों के शिविर का आरम्भ प्राथमिक विद्यालय बोवदवाला के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने किया। उधर, स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने हम होंगे कामयाब, हम होंगे कामयाब एक दिन गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डा.राजपाल सिंह ने सड़क दुर्घटना में होने वाली वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। कहा, देश में प्रतिदिन लगभग 1150 सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, इनमें 450 से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु हो रही है। इसमें 46 प्रतिशत संख्या 17 वर्ष से 35 वर्ष की आयु के युवाओं की है।

बताया कि सड़क दुर्घटना होने से परिवार को अपूर्ण क्षति नहीं होती बल्कि, देश को भी हानि का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में सभी स्वयंसेवक-सेविकाओं ने एकमत होकर घर-घर जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताने का संकल्प लिया। शिविरार्थियों ने ग्राम बोवदवाला एवं ग्राम कालाझांडा में घर घर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डा.रघुनाथ सिंह, निकिता, अंशिका, संजना, वैशाली, सोनम, आयुषी, अनुराग, दानिश, अक्षय, कुनाल, उपदेश आदि मौजूद रहे।


ठाकुरद्वारा डिलारी मार्ग पर यातायात के नियमों की जानकारी देते स्वयंसेवक।

जागरूकता अभियान में हुईं प्रतियोगिताएं

कांठ, अमृत विचार : डीएसएम इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के मद्देनजर ब्लाक स्तर की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। जिसमें भाषण, क्विज एवं पोस्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में डीएसएम इंटर कॉलेज के अलावा बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग भाषण प्रतियोगिता में फातिमा गाजी ने प्रथम तथा अनुज यादव ने द्वितीय तथा अमरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रिंस ने प्रथम, अब्दुल समद ने द्वितीय तथा सोफिया परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में इरम फातिमा ने प्रथम, आइसा नूर ने द्वितीय मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एक नजर

जिपं अध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

अमरोहा, अमृत विचार : जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने ग्राम सब्दलपुर, तसीहा, औसामाफी, सहेलिया, बाला नांगल, लुहारी भूड़, पीठ खेड़ा, नगलिया मुंशी, देहरा गांव के ग्रामीणों की मांग पर गांव सब्दलपुर चौराहे से ग्राम सहेलिया तक पक्का संपर्क मार्ग एवं पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा गंगेश्वरी के ग्राम जेबड़ा गुर्जर, गंगाचौली व ग्राम नाई में अलग-अलग स्थानों पर करीब 84 लाख रुपये की लागत से कराए विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अब्दुल सत्तार, विशाल चौहान, गुडडू सिंह, अमित गुर्जर, सोनू नागर, आयुष चौधरी, मोनू, अमरपाल चौहान, डालचंद खड़गवंशी, वीरपाल आदि मौजूद रहे।

सेना की वर्दी में पकड़े युवक को भेजा जेल

बरेली/कैंट, अमृत विचार : कैंट क्षेत्र में सेना की वर्दी पहनकर घूमते पकड़े गए अखिल कलिता को पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने 25 सौ रुपये में मोबाइल बेचकर सेना की वर्दी खरीदी थी। पुलिस हिरासत में आरोपी अखिल कलिता ने बताया कि उसे बचपन से ही सेना की वर्दी पहनने का बहुत शौक था, लेकिन वह सेना में भर्ती नहीं हो सका। किसी बात को लेकर पांच फरवरी को पिता से उसका विवाद हो गया था। गुस्से में पिता ने घर से निकाल दिया। घर से निकलने के बाद उसने 25 सौ रुपये में अपना मोबाइल बेच दिया। साथ ही असम से 600 रुपये में सेना की वर्दी और 200 रुपये में जूते खरीदे, जिन्हें पहनकर वह मुंबई चला गया।

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को अपशब्द कहने पर रिपोर्ट

बहेड़ी, अमृत विचार : बहेड़ी थाना क्षेत्र में बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख सोनू मोदी ने एक युवक पर फोन पर जान से मारने की धमकी देने और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपशब्द बोलने की पुलिस से शिकायत की। सोनू ने बताया कि नौ मार्च को उनके मोबाइल पर अली हसन नामक युवक ने आपत्ति जनक मैसेज भेजकर संगठन का काम करने पर जान से मारने की धमकी दी।

16 साल से फरार अभियुक्त को दबोचा

मुरादाबाद, अमृत विचार : 16 साल से फरार चल रहे गैर जमानती वारंटी अभियुक्त को कटघर थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त नेपाल पुत्र लल्लू गांव गोट का रहने वाला है। यह अवैध शस्त्र और शराब मामले में वर्ष 2007 में गिरफ्तार हुआ था और जेल गया था। जमानत पर छूटने के बाद से यह दोबारा न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ था। उधर, न्यायालय कई बार इसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर चुका था। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस ने इसे उसके गांव से ही गिरफ्तार किया है। काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज ओम शुक्ल ने बताया कि अभियुक्त नेपाल काफी शातिर है। इसकी काफी समय से तलाश हो रही थी।

अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर पुलिस कर रही कार्रवाई, न्यायालय की शरण ले रहे कानून से भयभीत अपराधी

दो महीने में 65 पर लगाया गैंगस्टर, 6 करोड़ की संपत्ति जब्त की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पुलिस अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने जनवरी-फरवरी में परिक्षेत्र में कुल 247 अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। यही नहीं, 19 मामलों में संबंधित अभियुक्तों की अपराध से अर्जित 6.02 करोड़ रुपये की संपत्ति भी पुलिस ने जब्त की है।

अमरोहा जिले में 7 प्रकरणों में 90.74 लाख रुपये और मुरादाबाद के 6 मामलों से जुड़े अभियुक्तों की 2.62 करोड़ रुपये की संपत्ति स्थानीय जिला प्रशासन ने कुर्क कर ली है। गैंगस्टर के कुल अभियुक्तों में पुलिस ने 164 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। इस तरह कानून और कार्रवाई से भयभीत होकर 38 गैंगस्टर के अभियुक्तों ने भागकर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस पूर्व के एक-एक अपराधी को खोजकर उसकी वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा कर रही है। वहीं, पिछले दो वर्षों में जेल से बाहर आए अपराधियों का भी ब्योरा जुटा रही है। सक्रिय अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर, गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में परिक्षेत्र के जिलों ने जनवरी व फरवरी में ढाई सौ अभियुक्तों के विरुद्ध कुल 65 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें सबसे अधिक अमरोहा पुलिस ने 20 मामले दर्ज कर 79 के विरुद्ध गैंगस्टर लगाया है।

फरार 45 गैंगस्टर की तलाश में दबिश दे रही पुलिस

पुलिस कार्रवाई के बीच अभी 45 अभियुक्त पुलिस से बचकर भाग रहे हैं। ये फरार अभियुक्त न्यायालय में आत्मसमर्पण का रास्ता बना रहे हैं। इन फरार अभियुक्तों में सबसे अधिक बिजनौर जिले के 22 आरोपी हैं। इसी तरह मुरादाबाद जिले के 18 अभियुक्त फरार चल रहे हैं। अमरोहा पुलिस भी फरार चार अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

परिक्षेत्र में अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई

जिला	दर्ज हुए मामले	अभियुक्त	गिरफ्तार
मुरादाबाद	15	52	27
बिजनौर	15	62	28
रामपुर	09	30	20
अमरोहा	20	79	66
संभल	06	24	23
योग	65	247	164

गैंगस्टर के अभियुक्तों की जब्त हुई संपत्ति

जिला	प्रकरण	जब्त संपत्ति (मूल्य रुपये में)
मुरादाबाद	06	2,62,92,102
बिजनौर	01	2,40,81,920
रामपुर	04	2,27,100
अमरोहा	07	90,74,266
संभल	01	5,67,000
योग	19	6,02,42,388

स्रोत : डीआईजी कार्यालय।

> अपराधी चाहे पेशेवर हों या अन्य, पुलिस सख्ती से पेश आ रही है। कई बार अपराध करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उन पर गैंगस्टर लगाकर उनकी अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त किया जा रहा है। अपराधियों में कानून का भय है। वह न्यायालय में आत्मसमर्पण कर रहे हैं। फरार अपराधियों को पुलिस खोज रही है।
>
> – मुनिराज जी, डीआईजी

अव्यवस्थाओं के बीच कृषि मेले का समापन

विराट जैविक खेती किसान मेले में कम संख्या में पहुंचे किसान, संयुक्त निदेशक कृषि ने अधिकारियों से जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पंचायत भवन सभागार में जैविक खेती को लेकर आयोजित गोष्ठी व परिसर में लगे विराट जैविक खेती किसान मेला विफल रहा। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी उप निदेशक कृषि सर्टिफिकेशन टीम को नहीं बुला पाए। संयुक्त निदेशक कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं और किसानों की कम संख्या को देखकर नाराज नजर आए। किसानों की कम संख्या के कारण मेले के लिए लगे स्टॉल खाली पड़े रहे।

मंगलवार को जैविक खेती के लिए कृषि गोष्ठी और विराट जैविक खेती किसान मेले का आयोजन उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने किया। इसके लिए प्रदेश सरकार ने जिले के लिए 4 लाख का बजट आवंटित किया है। लेकिन पंचायत भवन सभागार में पूरे जिले से मात्र 150 से 200 किसान ही आ पाए। सभागार में खाली कुर्सियों को देखकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक ओमेंद्र सिंह ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपने भाषण में उप निदेशक कृषि को गोष्ठी में सर्टिफिकेशन टीम के न आने पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देश के उल्लंघन बताया। उन्होंने बताया कि शासन से मिले बजट पर मानक के अनुसार मिलेट्स व जैविक खेती के प्रसार-प्रचार पर काम नहीं किया गया। जिसका नतीजा किसानों की कम संख्या दर्शा रही है। उन्होंने किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में आए सभी कृषि वैज्ञानिकों ने अपने क्षेत्र से संबंधित सब्जी व फलों की फसलों के बारे में जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, संयुक्त निदेशक कृषि ओमेंद्र सिंह व उप निदेशक द्वारा जैविक खेती के प्रगतिशील कृषकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन चंद्रहास ने किया।

पंचायत भवन सभागार में गोष्ठी को संबोधित करते उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी।

▸▸ किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया

एकीकृत बागवानी मिशन के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

मुरादाबाद, अमृत विचार : किसानों को खेती की नई-नई तकनीक की जानकारी देने के लिए जिला उद्यान विभाग के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार हुआ। इसके लिए जनपद के किसानों को पं. गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ले जाया गया था। इस बीच दो दिवस के लिए ठाकुरद्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में 106 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। एकीकृत बागवानी मिशन योजनांतर्गत तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के तीसरे दिन 50 कृषकों को बस द्वारा पंडित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय का भ्रमण कर समापन किया गया। इसके अतिरिक्त 10 व 11 मार्च को कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा में 106 कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने प्रशिक्षण के उद्देश्य डॉ. रवींद्र सिंह, प्रभारी अधिकारी केवीके के वैज्ञानिक दीपक कुमार ने फसलों में रोग एवं कीटों के नियंत्रण पर चर्चा कर किसानों को जानकारी दी। राजेश कुमार सिंह ने एरोपोनिक विधि से स्ट्रॉबेरी की खेती, पशुओं के लिए हरे चारे का उत्पादन तथा अधिक दूध देने वाली गायों का चयन व पशुओं के रोग एवं निदान के संबंध में बताया। लेखराज सिंह ने आम, अमरूद की नर्सरी तैयार करना, फलों की खेती के लेआउट एवं रोपड़ के लान से लाइन एवं पौधे से पौधे की रोपड़ के लिए दूरी के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान लेखराज सिंह सेवानिवृत्त वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक, दिलीप कुमार उद्यान निरीक्षक व अन्य उद्यान विभाग व कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत हुसैनपुर भूड़ वि0ख0 जुनावई जिला सम्भल

अल्पकालीन निविदा/ कुटेशन- सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हुसैनपुर भूड़ वि0ख0 जुनावई जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान द्वारा प्राप्त हुई धनराशि एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो से ग्राम पंचायत से एक बहुद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13-03-2024 से 20-03-2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय मे रखे बॉक्स मे सीलबन्द लिफाफे मे निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा करा सकते है। जो कि दिनांक 21-03-2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अर्न्तगत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा दर	दर
1	सीमेंट	प्रति बैग	4
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम.एम. बजरी	घन मी.	
5	40 एम.एम. बिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईंट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुंतल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
14	मिटटी-दूरी सहित	प्रति घन मी.	
15	लोकल रेत	प्रति घन मी.	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशन 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिवोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी.सी. बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मी.	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेन्ट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत उपकरण	नग/फीट	
33	आर.सी.सी. पिलर	नग/बैग	
34	वालपुटटी	बैग	
35	पी.वी.सी. पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 ली.	
37	प्लाईबोर्ड	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फिट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुंतल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान हुसैनपुर भूड़ वि0ख0 जुनावाई सम्भल

ग्राम सचिव हुसैनपुर भूड़ वि0ख0 जुनावई सम्भल

निधि से मजबूत हुई आर्थिक स्थिति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : भाजपा के ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन पर मंगलवार को ग्राम समद चतुर्भुज मिलक में पार्टी पदाधिकारियों ने किसानों को सम्मानित किया। उन्हें किसानों से संबंधित सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। किसान संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा और मुख्य वक्ता प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा प्रदीप सक्सेना एडवोकेट रहे।

कार्यक्रम में ट्रैक्टर और बैलगाड़ी का पूजन कर किसानों का सम्मान बढ़ाया गया। प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6000 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। गन्ने का समर्थन मूल्य 315 रुपये से बढ़कर 340 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि सबसे बड़ी उपलब्धि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण कराकर सरकार ने करोड़ों हिंदुओं की आस्थाओं को मजबूती प्रदान की है। किसानों से आग्रह किया कि वह केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। कहा कि मुरादाबाद को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उपहार मिला है। इस दौरान मनीष गुर्जर, दीपक चौधरी, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, गायत्री पाल, वीरपाल, देवेंद्र लोधी, यशपाल चौधरी, सुमेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

संवाद कार्यक्रम के दौरान ट्रैक्टर पर माल्यार्पण कर किसान का सम्मान करते पदाधिकारी।

▸▸ ग्राम समद चतुर्भुज मिलक में किसानों से किया संवाद

व्यापारी की पत्नी से 20,000 रुपये ठगे

मुरादाबाद, अमृत विचार : कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी स्टील कारोबारी की पत्नी से साइबर ठगों ने झांसा देकर 20,000 रुपये ट्रांसफर करा लिए हैं। आरोपियों ने आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से आवाज बदल कर कारोबारी की पत्नी को कॉल किया था और भतीजे की आवाज में बात कर उनसे रुपये ठग लिए हैं।

स्टील कारोबारी अरविंद अग्रवाल की पत्नी साधना का भतीजा नोएडा में रहता है। अरविंद अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब एक बजे पत्नी साधना के मोबाइल पर अपरिचित कॉल आई। कॉल करने वाले ने साधना को बुआ कहकर संबोधित किया। उसकी आवाज भी साधना के भतीजे की ही तरह लग रही थी। बाद में आरोपी ने जरूरी काम बताकर 20,000 रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिए। इस मामले में कारोबारी ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है।

अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीमें करेंगी छापेमारी

अमृत विचार : होली के त्योहार पर आबकारी विभाग ने नशे की औषधियों की बिक्री करने वाले दवा विक्रेताओं और अवैध शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। इसके लिए छह अलग-अलग टीमों का गठन किया है। प्रमुख सचिव आबकारी ने भी नशे की औषधियों की बिक्री रोकने के निर्देश दिए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने छह क्षेत्रीय निरीक्षकों को जिले में एक-दूसरे के क्षेत्र में स्थानांतरित कर गोपनीय रूप से ऐसे दवा विक्रेताओं की तलाश कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

महेन्द्र सिंह।

जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि महानगर में होली के त्योहार पर अवैध रूप से अन्य प्रदेशों की घटिया स्तर की शराब कम दामों में लाकर बेचे जाने व नशे के रूप में औषधियों का दुरुपयोग करने की शिकायतें मिली हैं। प्रमुख सचिव आबकारी बीना कुमारी ने भी ऐसी दवा विक्रेताओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में ऐसे अवैध अड्डों पर बिकने वाली शराब और नशीली औषधियों को बेचने वाले दवा विक्रेताओं की जानकारी करने के लिए विभाग में गोपनीय टीम गठित की गई है। साथ ही अन्य राज्यों से आने वाली शराब को पकड़ने के लिए मुखबिर भी लगाएं गए हैं।

टूर्नामेंट अवस्थी मेमोरियल कमेटी व डीएसए मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में टूर्नामेंट का तीसरा दिन

डीएसए मुरादाबाद व एमडीसीए मेरठ ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : डीएसए मुरादाबाद व अवस्थी मेमोरियल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला बीसीए बरेली और डीएसए मुरादाबाद रेड के बीच खेला गया।

डीएसए मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बीसीए बरेली ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 145 रन बनाए। टीम के लिए निशु पटेल ने 30, इंजमाम ने 28 व हर्ष राणा ने 18 रन बनाए। डीएसए मुरादाबाद के लिए गेंदबाजी में मोहम्मद अरबाज ने तीन व कार्तिक सिद्धू ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएसए मुरादाबाद ने 14.3 ओवर में तीन विकेट खोकर आसानी से जीत हासिल कर ली। टीम के लिए आईपीएल खिलाड़ी मोहसिन खान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंद में चार छक्कों और 13 चौकों की मदद से 94 व आर्यन चौधरी ने 37 बॉल में तीन छक्कों व चार चौकों की मदद से 46 रन बनाए। बीसीए बरेली के लिए मोहम्मद नाजिम, मोहित अरोड़ा व अभिशेख ने एक-एक विकेट लिया। इस तरह यह मुकाबला डीएसए मुरादाबाद ने सात विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मोहसिन खान को चुना गया।

दूसरा मुकाबला एमडीसीए मेरठ और रेलवे मुरादाबाद के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एमडीसीए मेरठ ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। रेलवे ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 184 रन बनाए। टीम के लिए महेश मीना ने 49 बॉल में पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 70, प्रीत सिरोही ने 27 गेंद्र में एक छक्का और नौ चौकों की मदद से 50 व रजत शर्मा ने नबाद 20 बॉल में 39 रन बनाए। एमडीसीए मेरठ के लिए गेंदबाजी में अजय चौधरी ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमडीसीए मेरठ ने रोमांचक मुकाबले में 19.4 ओवर में सात विकेट से जीत हासिल की। टीम के लिए हर्ष त्यागी ने 69 व सत्यम ने 34 रन बनाए। रेलवे मुरादाबाद के लिए चेतन तनेजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच हर्ष त्यागी को चुना गया। अंपायर की भूमिका में यूपीसीए पैनल के सतेंद्र कुमार व निश्चल सिंह चहल रहे। स्कोरर अफजल खान व यशिका शर्मा रहे। मैच के दौरान डीएसए सचिव विजय गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, आदित्य रस्तोगी, प्रदीप टंडन, नवेद सिद्दीकी, सतीश सिंह, मोहम्मद हसीन, नजाकत अली व जमाल अहमद शामिल रहे।

प्लेयर ऑफ द मैच मुरादाबाद टीम के खिलाड़ी मोहसिन खान को पुरस्कार देते अतिथि।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, चन्दौसी (सम्भल)

पत्रांक-628/P.W.D/23-24 दिनांक- 11/03/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पालिका के पंजीकृत/लोक निर्माण विभाग/अन्य राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है। कि राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु दिनांक 18.03.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक सील बन्द निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा की खरीददारी कार्यालय नगरपालिका परिषद चन्दौसी में निविदा प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 18.03.2024 समय 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। सील बन्द निविदा लिफाफा कार्यालय नगरपालिका परिषद चन्दौसी में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक 18.03.2024 को समय 4:00 बजे तक डाली जा सकती है। डाली गयी निविदा तद दिनांक को समय 4:30 बजे कार्यालय नगरपालिका परिषद चन्दौसी में खोली जायेगी। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

क्र० सं०	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत जी०एस०टी० रहित	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य 18% जी०एस०टी० सहित	अवधि
1.	वार्ड नं0-1,2 एवं 5 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य।	823730.00	82000.00	1062	6 माह
2.	वार्ड नं0-3,9 एवं 11 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य।	828413.00	82000.00	1062	6 माह
3.	वार्ड नं0-4,20 एवं 21 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य।	820317.00	82000.00	1062	6 माह
4.	वार्ड नं0-12,23 एवं 24 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य।	835190.00	83000.00	1062	6 माह
5.	वार्ड नं0-7,10 एवं 13 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य।	843878.00	84000.00	1062	6 माह
6.	वार्ड नं0-17,22 एवं 25 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य।	842669.00	84000.00	1062	6 माह
7.	वार्ड नं0-8,14 एवं 16 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य।	820655.00	82000.00	1062	6 माह
8.	वार्ड नं0-6 एवं 15 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत मरम्मत कार्य।	817263.00	81000.00	1062	6 माह
9.	वार्ड नं0-18 एवं 19 में विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य।	723400.00	72000.00	944	6 माह

निविदा प्रपत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।
1-चरित्र प्रमाण पत्र 2- हैसियत प्रमाण पत्र 3-ई०पी०एफ० पंजीकरण की प्रति 4-जी०एस०टी० पंजीयन 5- पैनकार्ड की प्रति।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद, चन्दौसी

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, चन्दौसी

बसपा के ज्यादातर प्रत्याशियों की सूची तैयार, कोआर्डिनेटर के जरिए घोषणाएं

जिस जाति की संख्या भारी, उसी का बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा में सोशल इंजीनियरिंग और वोट ट्रांसफर कराने की रणनीति पर टिकट

अमृत विचार : राजग और इंडी गठबंधन से दूर बहुजन समाज पार्टी खामोशी से लोकसभा चुनाव में ताकत दिखाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। पार्टी प्रमुख मायावती दलित समाज के साथ अन्य जातीय मतों के ध्रुवीकरण की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर सीटें जीतने की गणित को महत्व दे रही हैं। टिकट देने का सूत्र तय हुआ है कि जिस जाति की संख्या भारी, उसी का हो बसपा प्रत्याशी। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा में इसका साफ संदेश दिया गया है।

बसपा इसबार लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों की घोषणा मुख्यालय के बजाय क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर के जरिए कर रही है। चुनाव प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि प्रत्याशी चयन में बसपा किसी से पीछे नहीं है, बल्कि भाजपा और सपा के शोर-शराबे के साथ की जा रही घोषणाओं से इतर पार्टी सुप्रीमो मायावती एक-दो और पांच-दस सीटों की धीरे-धीरे प्रत्याशियों का चयन कोआर्डिनेटर का माध्यम से सामने ला रही है। हालांकि सूची लगभग सभी सीटों की तैयार है। यही नहीं पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में प्रत्याशी चयन को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है। वैसे बसपा का काशीराम के जमाने में फार्मूला था कि सोशल इंजीनियरिंग के जरिए दलितों के साथ अन्य पिछड़ी और अतिपिछड़ी जातियों को पार्टी से जोड़कर वोट बैंक बनाया जाए। मगर, बाद में मायावती ने ऐसे तमाम नेताओं को पहले शिखर तक पहुंचाया, फिर अलग-अलग आरोपों के सामने आने के साथ पर कतरने और बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया। इससे वोट बैंक छिटकते गए। इसका असर है कि उप्र. विधानसभा में एक मात्र विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है।

मायावती का एक दशक पहले विधानसभा और लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन के पीछे सबसे हिट गणित रही है कि इलाके में जिस जाति की संख्या ज्यादा हो, उसे टिकट देकर दलित वोट के समीकरण से सीट जीती जाए। मगर, इस जीत में निर्णायक की भूमिका तब सपा से बसपा में वोट करने वाले मुसलमानों की ज्यादा संख्या का असर ज्यादा रहा है। साथ ही, अन्य पिछड़ी जातियों का झुकाव बसपा में था।

एक दशक से मोदी मैजिक के दौर में ओबीसी जातियों का समीकरण सपा और बसपा दोनों से बिगड़ गया है। इस बार लोकसभा चुनाव में मुसलमानों का झुकाव इंडी गठबंधन के साथ ज्यादा दिख रहा है। ऐसे में बसपा जाट लैंड में जाट प्रत्याशी और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में मुसलमानों को अब दिए गए टिकट से सपा और भाजपा दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है।

कन्नौज से अकील अहमद व बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी प्रत्याशी

बसपा ने मंगलवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी को प्रत्याशी घोषित कर सपा और भाजपा को घेरने की कोशिश की है। इसके पहले दो दिन में चार और प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं, जो सभी मुस्लिम हैं। इनमें पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनीस अहमद फूल बाबू, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद से इरफान सैफी हैं। इससे अंदरखाने जहां भाजपा नेता खुश हैं तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन नेताओं की चिंता बढ़ गई है। 2014 में भी बसपा ने अकेले चुनाव लड़ा था, जिसका फायदा भाजपा को मिला और मुरादाबाद मंडल की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि 2019 में बसपा-सपा के गठबंधन से मुकाबला करने उतरी भाजपा मंडल में खाता भी नहीं खोल पाई थी।

नए सत्र में क्लैट की तैयारी भी करेंगे छात्र

लखनऊ, अमृत विचार : अभ्युदय योजना के तहत छात्र-छात्राओं को क्लैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) की कोचिंग भी दिलाई जाएगी। क्लैट की तैयारी करने वाले छात्रों को प्रचार-प्रसार कर जानकारी दी जाएगी। बता दें कि अभ्युदय योजना के तहत प्रदेश में 27 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को अभी कोचिंग दिलवाई जा रही है। अभी ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। प्रदेश के 75 जिलों में 27 हजार से अधिक छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने के लिए 1944 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को जिम्मा सौंपा गया है।

पहाड़ का टीला धसका, खदान में काम कर रहे चार श्रमिकों की मौत

संवाददाता, कबरई (महोबा)

- जिलाधिकारी, एसपी व खनिज विभाग के अफसर घटनास्थल पर पहुंचे

अमृत विचार : थाना कबरई के ग्राम पहरा में खनन कार्य करते समय अचानक पहाड़ का टीला धसक गया। मिट्टी और पत्थर के मलबे में दबने से खदान पर काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक श्रमिक ने जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीन घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दबे श्रमिकों को बाहर निकालने को बचाव कार्य किया जा रहा है। मलबे को हटाने के लिए जेसीबी, एलएनटी मशीनों को लगाया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता और खनिज विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए।

ग्राम पहरा में धनराज सिंह निवासी कबरई का पहाड़ पर खनन चल रहा था। नीचे के हिस्से में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ट्रैक्टर भी लगभग 100 फिट नीचे खदान से पत्थर लेने जा रहे थे। तभी अचानक खदान के ऊपरी हिस्से का टीला धसक कर नीचे काम कर रहे श्रमिकों पर जा गिरा। जिससे रामफूल 28, प्रेमचंद्र कुशवाहा (19) व कुलदीप रैकवार की मलवे में दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राम मिलन की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मलबे में दबने से नीरज (26), अखिलेश (23) घायल हो गए। रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में भर्ती कराया। हादसा होने की खबर मिलते ही जिले के आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।

परीक्षा छोड़ने का कारण पता लगायेगा यूपी बोर्ड

लखनऊ, अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं की परीक्षा समाप्त होने के बाद अब माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षा छोड़ने वाले परीक्षार्थियों के बारे में जानकारी जुटायेगा। इसके क्या कारण हैं इसका भी पता लगाया जायेगा। इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा के क्रम में 10वीं में 29,47,311 एवं इंटरमीडिएट में 25,77997 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 55,25,308 थी। 22 फरवरी से लेकर 9 मार्च तक चली दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में पांच लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। अधिकारियों ने परीक्षा छोड़ने का कारण पता लगाने का निर्णय लिया है। हालांकि विभाग की शुरूआती दौर में यही मानना है कि परीक्षा छोड़ने वाले सभी परीक्षार्थी वह हैं जिन्होंने नकल के जुगाड़ में फॉर्म भरा होगा लेकिन बोर्ड की सख्ती देखकर वह परीक्षा से दूर भाग खड़े हुए। हालांकि विभाग को ये भी शक है कि काफी संख्या में प्राइवेट स्कूलों ने भी ऐसे बच्चों के फार्म भराये होंगे लेकिन नकल की व्यवस्था नहीं हुई तो परीक्षा छोड़ना ही बेहतर समझा गया।

पासपोर्ट के 4 अधिकारियों समेत 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में लिए जाने का मामला

अमृत विचार : सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के चार अधिकारियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की गई। सीबीआई ने इस मामले में गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी ली है।

रीजनल पासपोर्ट ऑफिस गाजियाबाद के पासपोर्ट असिस्टेंट रवि किशन, चंद्रकांत, सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार, जंदैल सिंह और प्राइवेट पर्सन मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद फरहान गौड को मुकदमे में नामजद किया गया है। आरोप है कि पेंडिंग पासपोर्ट के निस्तारण के नाम पर पासपोर्ट असिस्टेंट रविकिशन ने

मोहम्मद फरहान गौड़ के जरिये 14 जून 2022 से 14 जून 2023 के बीच 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में ली।

फरहान ने ये पैसा यूपीआई और अपने परिचित लोगों के वॉलेट, बैंक खाते से ट्रांसफर किया। इसके अलावा पासपोर्ट सहायक चंद्रकांत ने 8 अगस्त 2022 से 3 जनवरी 2023 के बीच 59700 रुपए मोहम्मद फरहान से लिए। इसी तरह सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार ने 28 सितंबर 2022 से 2 जुलाई 2023 के बीच मोहम्मद फरहान से 22900 रुपए लिए। सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट जंदैल सिंह ने भी 13 जून 2023 को एक लंबित पासपोर्ट जारी करने के बदले मोहम्मद फरहान से दो हजार रुपए लिए। ये सभी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। शुरुआत में सीबीआई ने इसकी आंतरिक जांच की। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि हुई।

सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन यूनिट ने इसके बाद इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर लिया है। सीबीआई ने साझा की गई जानकारी में बताया कि आरोपी व्यक्तियों के मेरठ, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद स्थित परिसरों की तलाशी ली जा रही है और जांच चल रही है।

संविदा बिजलीकर्मियों को मिलेगी ईएसआई की सुविधा

लखनऊ, अमृत विचार : पावर कॉरपोरेशन अपने सभी संविदाकर्मियों को ईएसआई राज्य बीमा की सुविधा प्रदान करेगा। श्रमिकों से लाइनमैन का कार्य भी नहीं लिया जाएगा। सोमवार को विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों और पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के बीच हुई वार्ता में इस पर सहमति बनी। संगठन के अध्यक्ष आरएस राय ने संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाने के साथ राज्य सरकार से अनुमोदित किए जाने, कार्यरत आउटसोर्स एसएसओ को ना हटाने और भूतपूर्व सैनिकों को रखने का आदेश स्थगित करने की मांग की। इसके अलावा सभी जिलों के संविदा कर्मियों को इलाज के लिए ईएसआई की सुविधा की मांग भी रखी गई। श्रमिक से लाइनमैन का कार्य न लिए जाने, संविदा कर्मियों की नियमावली बनाने, कार्यकाल के दौरान दुर्घटना के अतिरिक्त अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर मुआवजे की मांग भी हुई। बैठक में इन मांगों के साथ वर्ष 2015 में 155 संविदा कर्मियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने पर सहमति बनी।

एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र वायरल करने वाले दो आरोपी पकड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी एसटीएफ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंध लगाकर पेपर वायरल करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मथुरा से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित था। हाल ही में सिपाही भर्ती में पेपर लीक में भी दोनों की संलिप्तता रही थी।

अपर पुलिस अधीक्षक फील्ड यूनिट नोएडा एसटीएफ नवेन्दु कुमार ने बताया यूपी में पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से 17 और 18 फरवरी को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र वायरल हुआ था। मामला दर्ज कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। प्रश्न पत्र लीक करने

आरोपी मोनू पंडित और गौरव कुमार।

वाले गिरोह से जुड़े दो सदस्यों को रविवार को मथुरा से गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान मोनू पंडित निवासी ग्राम अभ्यपुरा मानागढी थाना नोहझील, मथुरा और गौरव कुमार चौधरी निवासी ग्राम जावरा थाना मांट, मथुरा के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से क्रेटा कार बरामद की गई है। इससे पहले मामले प्रमोद पाठक निवासी गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया गया था। उससे मिली सूचनाओं के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

मोनू पंडित ने अलीगढ़ में सेंटर खोला था

मोनू पंडित का मित्र प्रमोद पाठक जिसने वायुसेना में नौकरी करते हुए वर्ष 2017 में अलीगढ़ में आर्मी एवं सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग कराने ट्रेनिंग सेन्टर खोला था। यहां पर आरोपी वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी, जीडी, सीएसआईआर समेत यूपी की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। दूसरे आरोपी गौरव ने ऑनलाइन परीक्षा कराने जीएस सेन्टर खोला।

7 आईएएस का तबादला, अटल राय बने निदेशक पंचायती राज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार की ओर से प्रशासनिक फेरबदल जारी है। शासन ने मंगलवार को फिरोजाबाद के जिलाधिकारी समेत सात आईएएस अधिकारियों का तबादला किया।विशेष सचिव खाद्य एवं रसद अटल कुमार राय अब निदेशक पंचायती राज होंगे।

फिरोजाबाद के डीएम रहे उज्ज्वल कुमार को विशेष सचिव एमएसएमई के पद पर भेजा गया है, जबकि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक रमेश रंजन को फिरोजाबाद का नया डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव एमएसएमई अरुण प्रकाश अब विशेष सचिव नगर विकास होंगे। विशेष सचिव युवा कल्याण गौरव वर्मा को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन के पद पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव गन्ना विकास शेषनाथ को विशेष सचिव लोक निर्माण के पद पर भेजा गया है। अपर निबंधक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन का दायित्व सौंपा गया है।

आईएएस राधा एस चुनाव आयुक्त की रेस में

भारत निर्वाचन आयोग में दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होनी है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 15 मार्च को बैठक होगी। माना जा रहा है चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। चुनाव आयुक्त की रेस में 1988 बैच की आईएएस राधा चौहान और राजस्थान कैडर के आईएएस रोहित कुमार सिंह का नाम चर्चा में है। यूपी कैडर की आईएएस अधिकारी एस राधा चौहान यहां केंद्र में जाने से पहले अपर मुख्य सचिव वित्त थीं।

गैरकानूनी रिश्तों का समर्थन नहीं कर सकती कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव- इन रिलेशनशिप में रह रहे जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका पर विचार करते हुए कहा कि अपने जीवनसाथी को तलाक दिए बिना एक- दूसरे के साथ रहने वाले लोगों को सुरक्षा देने से हिंदू विवाह अधिनियम का उल्लंघन होगा। कोर्ट ऐसे रिश्ते का समर्थन नहीं कर सकती जो कानून का उल्लंघन हो, क्योंकि इससे समाज में अराजकता फैलने का भय रहता है। हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार अगर किसी व्यक्ति का जीवन साथी जीवित है तो उसे तलाक की डिक्री प्राप्त किए बिना किसी अन्य व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकल पीठ ने पूजा कुमारी और अन्य द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

सोना बरामदगी मामले में इत्र कारोबारी पीयूष जैन बरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जैन ने लगभग 18 करोड़ रुपये के जब्त सोने पर छोड़ा दावा

अमृत विचार : इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर से मिले 23 किलो सोने के मामले में मंगलवार को फैसला आया। कस्टम विभाग की छह शर्तें पूरी करने के बाद स्पेशल सीजेएम की कोर्ट ने इत्र कारोबारी को दोष मुक्त करार दिया। वर्ष 2021 में जीएसटी इंटेलीजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) अहमदाबाद की छापेमारी में इत्र कारोबारी के कानपुर व कन्नौज स्थित ठिकानों से 197 करोड़ रुपये नकद और 23 किलो सोना बरामद हुआ था। जीएसटी चोरी व कस्टम एक्ट के तहत सोना तस्करी का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

इत्र कारोबारी पीयूष जैन के आनंदपुरी स्थित घर में छापेमारी के दौरान टीम ने कमरों की दीवारें और फर्श तोड़ी थीं तो नोटों की गड्डियां गिरने लगी थीं। डीजीजीआई टीम ने रुपयों से भरे 42 बक्से जब्त किए थे। टीम ने पीयूष जैन के कन्नौज स्थित आवास में भी छापेमारी की थी। वहां से करीब 23 किलो सोना बरामद किया गया था। टीम ने छापेमारी में 197 करोड़ रुपये व 23 किलो सोना जब्त कर जीएसटी चोरी व सोना तस्करी के आरोप में कस्टम एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी पीयूष जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। कस्टम एक्ट के मामले में पीयूष जैन ने मुख्य आयुक्त कस्टम (निवारक) प्रक्षेत्र पटना को प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसमें मामले में बरामद किया गया सोना जब्त कर दोष मुक्त करने की अपील की गई थी। इस पर कस्टम विभाग ने छह सूत्रीय मांग पूरी करने के निर्देश दिए थे।

वर्ग पहेली-8

बाएं से दाएं

1. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. गरूर)।
3. 1. छेद करना, बेधना, भेदना 2. क्षत या घाव करना 3. छिन्न करना, काटना 4. किसी तल में नुकीली वस्तु धंसाकर उसमें सुराख़ करना।
6. 1. चकमा देने वाला, फ़रेबी, फुसलाने वाला, झूठा आश्वासन देने वाला 2. दम देने या लगाने वाला, गांजा
10. वह कल्पित जिन्न या प्रेत जिसकी मुस्लिम समाज की स्त्रियों द्वारा पूजा की जाती है।

ऊपर से नीचे

2. रूढ़ परंपराओं को ज्यों का त्यों मान लेने वाली विचारधारा या प्रथा।
4. लंबा, विशाल, विस्तृत।
5. 1. छोटी पहाड़ी 2. टीला 3. चम्मच 4. एक ही काठ की बनी हुई नाव।
7. विवश, लाचार, जिसपर ज़ब्र किया गया हो, नि:सहाय।
8. सुस्ती, शिथिलता, उत्साहहीनता।
9. 1. सामान्य, मामूली, सार्वजनिक, आम 2. बहुत-सी जगह पर मिलने वाला, साधारण।



वर्ग पहेली -7 का हल

		1 थी		2 कि	य	त
3 तू	ल	म	तू	ल		
				4 क	ले	जी
	5 उ	घा	ड़	ना		
6 ए	षा					7 ख
	गा					ट
8 यौ	न	शो	ष	ण		ना

सुडोकू-87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		2	6				5	
				3			8	
1			4					6
		7		2		6		
			1		7			
4		3		8		5		
	2				9			3
	4			1				
	6				5	2		1

सुडोकू -86 का हल

5	3	4	6	1	7	2	8	9
1	6	2	8	9	5	4	3	7
8	9	7	2	3	4	1	6	5
4	2	8	9	7	3	6	5	1
6	1	3	5	8	2	7	9	4
9	7	5	4	6	1	8	2	3
3	8	1	7	2	9	5	4	6
2	4	9	1	5	6	3	7	8
7	5	6	3	4	8	9	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मार्च,बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्थी 14 मार्च 01.25 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 18.24 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सब कुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

वृष — आज यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

मिथुन — आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमीजन की भावनाओं की कद्र करें।

कर्क — आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं।

सिंह — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

कन्या — आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। ज्यादा सोचने की आदत से आपको बचना चाहिए। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी,लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

तुला — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

धनु — आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

मकर — आज योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

कुंभ — आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

मीन — आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा — सुबह : 11.01
दानवीर — शाम : 04.13

SONY MAX
बाहुबली 2 — सुबह : 09.58
अनाड़ी — रात : 07.00

SONY PIX
एस्केप रूम — सुबह : 10.28
द कान्जरिंग — रात : 09.00

ZEE CINEMA
यहां — सुबह : 10.30
फ्रीकी अली — रात : 07.30

colors CINEPLEX
स्वदेश — दोपहर : 12.45
उंगली — रात : 10.35

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

कल मिंकी ने पड़ोसन से मिक्सी मांगी।
पड़ोसन- यहीं आकर यूज कर लो।
दूसरे दिन उसी पड़ोसन ने कहा ,जरा अपनी झाड़ू दे दो।
मिंकी- तुम यहीं आकर यूज कर लो।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

कोटक महिंद्रा बैंक ने दो प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा बैंक ने मंगलवार को खुला बाजार लेनदेन के जरिये केफिन टेक्नोलॉजीज में दो प्रतिशत हिस्सेदारी 208 करोड़ रुपये में बेच दी। हिस्सेदारी बिक्री के बाद केफिन टेक्नोलॉजीज का शेयर बीएसई पर 5 .70 प्रतिशत टूटकर 592 .45 रुपये पर बंद हुआ। बीएसई के पास उपलब्ध थोक सौदे के आंकड़ों के अनुसार, कोटक महिंद्रा बैंक ने 34,70,000 शेयर बेचे, जो कि केफिन टेक्नोलॉजीज में 2 .03 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

अंतर्राष्ट्रीय ईवी एक्सपो की 15 से होगी शुरुआत

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की 15 मार्च से शुरू होने वाली तीन दिन की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में 150 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने की उम्मीद है। इंडिया इंटरनेशनल ईवी (आईआईईवी) एक्सपो का चौथा संस्करण यहां 'यशोभूमि' में आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शनी के आयोजक फ्यूचरेक्स ग्रुप के परियोजना प्रमुख मुकेश यादव ने यह जानकारी दी है।

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी पड़कर 3.8% पर

जनवरी के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़े जारी, दिसंबर में वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत थी

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से जनवरी, 2024 में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 3.8 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाले कारखाना उत्पादन की वृद्धि जनवरी, 2023 में 5.8 प्रतिशत रही थी। वहीं, एक महीने पहले दिसंबर, 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही थी, जबकि नवंबर में यह 2.4 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह यानी जनवरी तक औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा-जनवरी, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 3.8 प्रतिशत बढ़ गया।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जनवरी में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी। जनवरी के महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी धीमी 5.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 12.7 प्रतिशत बढ़ा था। इसके अलावा समीक्षाधीन महीने में खनन उत्पादन वृद्धि भी साल भर पहले के नौ प्रतिशत के मुकाबले घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई। देश में उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, जनवरी माह में पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 10.5 प्रतिशत रही थी।

खुदरा मुद्रास्फीति मामूली नरम होकर 5.09% पर

खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5 .09 प्रतिशत पर आ गई। इसके साथ, यह लगातार छठे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 5 .1 प्रतिशत के लगभग बराबर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8 .66 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 8 .3 प्रतिशत से मामूली अधिक है। मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल तथा उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई।

मांडविया ने जन औषधि केंद्र संचालकों के लिए शुरू की ऋण योजना

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। ऐसे कर्ज पर गारंटी, चाहे कार्यशील पूंजी हो या सावधि ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की तरफ से मुहैया कराया जा रहा है।

आंकड़ों की कमी से किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद बोले-ये कमी बन गई है बाधा

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी हई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं।

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिये तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने बातचीत में कहा-सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है। लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2016 में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों के बारे में सुझाव देने को लेकर अप्रैल, 2016 में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई गई थी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,400
गिन्नी (प्रति नग)	50,200–50,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,400
सोना जेवरात गिन्नी	64,400
चांदी पक्की	733 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,400
चांदी आभूषण	73,800।

यूएसएफओ, प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी की साझेदारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। यह समझौता देश भर में सस्ती और सुलभ डिजिटल सेवाओं का प्रसार करेगा।

समझौते का उद्देश्य सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के अंतर्गत भारतनेट बुनियादी ढांचे पर आधारित ग्रामीण भारत के लिए ब्रॉडबैंड सेवाओं को ओटीटी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ सहयोग करना है। डिजिटल नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और अटूट प्रतिबद्धता ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए संपर्क, सामग्री और वाणिज्य के समन्वय वाले इस अद्वितीय सहयोग को रेखांकित करती है।

यूएसओएफ देश में ग्राम पंचायतों और गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कनेक्शन को सक्षम बनाने में सहायक रहा है। किया गया यह समझौता ज्ञापन प्रत्येक उपभोक्ताओं के बीच समूह प्रसार भारती ओटीटी को एक सेवा के रूप में सक्षम करेगा।

वनवेब को जल्द स्पेक्ट्रम आवंटन की उम्मीद

नई दिल्ली। भारती समूह द्वारा समर्थित वनवेब ने स्पेक्ट्रम के लिए आवेदन किया है और उसे उम्मीद है कि रेडियो तरंगों का शीघ्र आवंटन हो जाएगा। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचसीआईपीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिवाजी चटर्जी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी को इस साल जून तक वाणिज्यिक उपग्रह संचार सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। एचसीआईपीएल और वनवेब ने पूरे भारत में 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) संपर्क सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक छह वर्षीय वितरण भागीदार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

जीडीपी वृद्धि दर 8% के करीब रहेगीः नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

- मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले उत्साह में सजग रहने की जरूरत

उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआईए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिसे संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं।

नागेश्वरन ने कहा-अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत के बजाय आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। गौरतलब है कि सांख्यिकी मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने हालांकि जीत की खुशी से प्रभावित हुए बिना लक्ष्य की ओर विनम्रता के साथ काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में हमें उच्च गति छोटी अवधि के लिए नहीं, बल्कि लंबी अवधि के लिए बनाए रखनी है। सीईए ने कहा कि 2023-24 में उद्योग और सेवाओं में वृद्धि भी देखी जा रही है।

राष्ट्रीय

10 साल तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत दूर तक जाना है : मोदी

प्रधानमंत्री ने की गुजरात के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक की शुरुआत

- मोदी ने गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के पास देश की विरासत को बचाने की ''राजनीतिक इच्छाशक्ति'' नहीं थी और जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक 'मास्टरप्लान' की शुरुआत की और 12 मार्च, 1930 को महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए प्रसिद्ध दांडी मार्च या नमक मार्च के 94 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का भी उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये 10 साल का काम सिर्फ एक ट्रेलर है, मुझे अभी लंबा सफर तय करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा-जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। साबरमती आश्रम न सिर्फ देश, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए एक धरोहर है। मोदी ने कहा-साबरमती आश्रम न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बल्कि विकसित भारत के लिए भी तीर्थस्थल बन गया है। आज बापू की सोच हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य को एक स्पष्ट दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बनी सरकारों के पास देश के ऐसे धरोहर स्थलों को संजोकर रखने के लिए कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। कहा-इसका एक कारण भारत को विदेशी नजरिए से देखने की आदत थी और दूसरा कारण, तुष्टीकरण की मजबूरी थी।

85,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 10 नयी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने के साथ 85,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (समर्पित माल ढुलाई गलियारा यानी डीएफसी) परिचालन नियंत्रण केंद्र' का दौरा करने के बाद गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती क्षेत्र से परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने रेलवे कार्यशालाओं, लोको शेड, पिट लाइन/कोचिंग डिपो, फलटण – बारामती नयी लाइन और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी तथा पूर्वी डीएफसी के न्यू खुर्जा से साहनेवाल (401 मार्ग किमी) खंड और पश्चिमी डीएफसी के न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड खंड (244 मार्ग किमी) के बीच समर्पित माल गलियारे के दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए। उन्होंने चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार की भी शुरुआत की। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए।

आप अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट क्यों नहीं गए

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोग्यता मामला

- उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने हाल में राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों से मंगलवार को पूछा कि वे उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी को पार्टी व्हिप का 'उल्लंघन' करने पर कांग्रेस की अर्जी पर छह विधायकों को (सदन की सदस्यता के लिए) अयोग्य करार दिया था। इस व्हिप के अनुसार, उन्हें विधानसभा में मौजूद रहकर बजट के पक्ष में मतदान करना था। बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। इन याचिकाकर्ताओं के वकील ने यह कहते हुए पीठ से इस मामले की सुनवाई 15 या 18 मार्च के लिये स्थगित कर देने का अनुरोध किया कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे उनकी ओर से पेश होंगे, लेकिन वह सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा-लेकिन, हमें एक बात बताइए, आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए?'' जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका में इसकी वजह स्पष्ट की है और यह कि वे विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं, तब पीठ ने कहा कि यह मौलिक अधिकार नहीं है। वकील ने कहा कि यह दुर्लभ मामला है, जहां 18 घंटे के अंदर विधानसभा अध्यक्ष ने हमें अयोग्य करार दिया। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च तय की। याचिकाकर्ताओं ने पठानिया, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा अन्य को इस याचिका में प्रतिवादी बनाया है। कांग्रेस के इन बागियों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था और बाद में वे बजट पर 'मत विभाजन' में अनुपस्थित रहे थे।

एक नजर

मुंबई में इमारत गिरने से 3 श्रमिकों की मौत

मुंबई। मुंबई के बोरीवली में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिर जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे सोनी वाडी इलाके में कल्पना चावला चौक पर हुई। बताया कि निर्माणाधीन 24 मंजिला इमारत की 16वीं मंजिल पर स्थित मचान का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे चार श्रमिक घायल हो गए। उन्हें कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन श्रमिकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे पीड़ित की हालत गंभीर है।

छह वाट का बल्ब बचाएगा 30 प्रतिशत बिजली

नई दिल्ली। ऊर्जा बचत समाधान मुहैया कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईईएसएल ने मंगलवार को छह वाट के एलईडी बल्ब की पेशकश की। इस बल्ब से बिजली की खपत में लगभग 30 प्रतिशत की बचत होगी। यह एलईडी बल्ब किफायती प्रकाश योजना उजाला के तहत उपभोक्ताओं को मिलेगा। बता दें कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) बिजली मंत्रालय के तहत एक संयुक्त उद्यम है।

मोहन यादव की रिपोर्ट पर हरियाणा के समीकरण बदले

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- जाट बंटे 4 खेमों में, ओबीसी पर बीजेपी का दांव

अमृत विचार: लोस चुनाव से ठीक पहले हरियाणा में भाजपा ने अपनी रणनीति बदलते हुए गठबंधन में शामिल उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को अलग कर दिया और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सैनी को मुख्यमंत्री बना कर ओबीसी वोट बैंक पर बड़ा दांव चला है। दुष्यंत की जननायक जनता पार्टी भी टूट गई है और जाट चार खेमों में बट गए हैं। यह सब घटनाक्रम मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की एक रिपोर्ट के बाद हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मोहन यादव ने हरियाणा में एक राजनीतिक दौरा किया था। उसकी रिपोर्ट उन्होंने हाई कमान को सौंपी थी। इतना ही नहीं, हिसार के भाजपा सांसद चौधरी वीरेंद्र सिंह का इस्तीफा एवं हरियाणा सरकार में शामिल जेजे पार्टी द्वारा हिसार सहित दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों की मांग भी उक्त राजनीतिक फेरबदल का बहुत बड़ा कारण बना। क्योंकि हरियाणा में भाजपा ने 10 की 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने का फैसला लिया था। सोमवार को दुष्यंत एवं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के दौरान बीजेपी ने दुष्यंत को हिसार सीट देने की बात कही थी मगर वे दो सीटों की मांग पर अड़े हुए थे। हाईकमान को यह भी जानकारी मिल चुकी थी कि जाट बाहुल्य हरियाणा में इस समय यह वोट बैंक कर खेमों में बैठा हुआ है। जेजे पार्टी से दुष्यंत चौटाला, इंडियन नेशनल लोकदल से अभय चौटाला, कांग्रेस से भूपेंद्र हुड्डा एवं बीजेपी से अभिमन्यु उक्त वोट बैंक का पर अपना अपना दावा कर रहे हैं। बीजेपी को यह जानकारी भी मिल चुकी थी कि किसान आंदोलन की वजह से हरियाणा के जाटों का वोट मिलना मुश्किल है। बावजूद इसके बीजेपी दुष्यंत को एक सीट देना चाहती थी। इसी बीच दुष्यंत से नाराज चल रहे जेजेपी के कुछ विधायक लगातार भाजपा के संपर्क में थे। गठबंधन से अलग होने के बाद जब दुष्यंत ने अपने 10 विधायकों की बैठक बुलाई तो उसमें आधे विधायक नदारद थे।

राहुल ने महाराष्ट्र में किया जातिगत गणना का वादा

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50% अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को "संविधान की छठी अनुसूची" में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें।

विवादित बयान मामले में उदयनिधि के खिलाफ अदालत ने जारी किया समन

आरा। सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान देने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन के मंत्री बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ यहां की एक अदालत ने समन जारी किया है। आरा की अदालत ने तमिलनाडु के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ संज्ञान लेते हुए यह समन जारी किया है। तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में एक कार्यक्रम में बोलते हुए सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। उन्होंने कहा था कि कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें खत्म करना है और हम सिर्फ विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते, उन्हें खत्म करना होता है।

राशन वितरण घोटाले में शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राशन वितरण में कथित घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के सिलसिले में, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। ईडी ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को इससे पहले गिरफ्तार किया था। वह 2011 से 2021 तक प्रदेश सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री थे। न्यायमूर्ति देबांगशु बासक ने शेख के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, ईडी ने शेख की याचिका का विरोध किया।

मोरारजी देसाई योग संस्थान में 9 माह से निदेशक नहीं

नई दिल्ली, ब्यूरो

- आयुष मंत्रालय को अपनी पसंद की है तलाश

अमृत विचार: उत्तर भारत के योग क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाने वाला "मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान" पिछले 9 माह से नेतृत्व विहीन है। डॉ. ईश्वर वी बसवारेड्डी के गत वर्ष अवकाश ग्रहण करने के बाद निर्देशक का पद रिक्त है।

संस्थान के सूत्रों के मुताबिक डॉ. बसवारेड्डी गत वर्ष 30 जून को रिटायर हुए थे। उससे पहले इस पद पर योग्य उम्मीदवार के लिए विज्ञापन भी जारी किया गया था लेकिन आयुष मंत्रालय ने किसी को भी उक्त पद के लिए उपयुक्त नहीं समझा और मंत्रालय के एक निदेशक विक्रम सिंह को कार्यवाहक के रूप में संस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई। उन्होंने 13 दिसंबर तक निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इसी बीच चर्चा थी कि किसी योग गुरु को निदेशक बनाया जाएगा। लेकिन 22 दिसंबर को आयुष मंत्रालय की एक अन्य निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया। इसकी वजह से मंत्रालय के तमाम फैसले काफी विलंब से हो रहे हैं क्योंकि क्योंकि फुल टाइमर निदेशक नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अशोक रोड स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का परिसर कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी का आवास हुआ करता था। उनकी मृत्यु के बाद शहरी विकास मंत्रालय ने यह परिसर धीरेंद्र ब्रह्मचारी के शिष्यों से खाली करवा लिया और वहां पर मोरारजी देसाई योग संस्थान की स्थापना कर दी गई थी। स्थापना के कई वर्षों बाद तक इस संस्थान में केवल डिप्लोमा होता था। लेकिन पूर्व निदेशक डॉ. बसवारेड्डी के अथक प्रयासों के चलते इसमें बीएससी एवं एमएससी पाठ्यक्रम को भी लागू कर दिया गया। इन दिनों पीएचडी पाठ्यक्रम की भी तैयारी चल रही थी और इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की भी प्रक्रिया शुरू हुई थी। मगर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेदिक लॉबी के दबाव के चलते इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का फैसला वापस ले लिया गया और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में योग की जगह आयुष विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। कुल मिलाकर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सकों की वजह से योग संस्थान में ग्रहण लगा हुआ है। उसका प्रमुख कारण निदेशक पद पर किसी की नियुक्ति न होना है।

इस संबंध में योग संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक पद पर किसी योग्य योग गुरु को नियुक्त करने के लिए दो-दो बार विज्ञापन दिए जा चुके हैं और प्रक्रिया जारी है।

यशस्वी बने आईसीसी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फरवरी के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में 712 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से बनाया बड़ा स्कोर है।

उन्होंने दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक लगाकर भारत को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राजकोट में दोहरी शतकीय पारी के दौरान 12 छक्के लगाकर टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा कि मैं पुरस्कार पाकर खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ और मेरी पहली श्रृंखला थी। मैंने वास्तव में इसका लुत्फ उठाया। मैंने अच्छा खेल दिखाया और हम श्रृंखला 4-1 से जीतने में सफल रहे। मेरे सभी साथी खिलाड़ियों के साथ यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में 219 रन की पारी खेलने के बाद राजकोट में नाबाद 214 रन बनाए थे।

दो दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे युवा खिलाड़ी

दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने फरवरी में तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाए, जिसमें 20 छक्के थे। जायसवाल ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

मुंबई ने विदर्भ को दिया 538 रन का विशाल लक्ष्य

मुशीर खान ने 136, श्रेयस अय्यर ने 95 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 73 रन की खेली शानदार पारी

मुंबई, एजेंसी

मुशीर खान (136) के शतक के अलावा श्रेयस अय्यर (95) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (73) के अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को विदर्भ को 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया।

दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने बिना विकेट खोए 10 रन बना लिए हैं। ध्रुव शोरे सात और अथर्व ताइडे तीन रन बनाकर खेल रहे है। टीम को जीत के लिए 528 रन और बनाने हैं। मुंबई के बल्लेबाज मंगलवार को अधिक स्वच्छंद होकर खेले और टीम ने दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई की पहली पारी के 224 रन के जवाब में विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन ही बनाए और 119 रन से पिछड़ गए। मुंबई ने दिन की शुरुआत 2 विकेट पर 141 रन से की। रहाणे ने 58 रन से आगे खेलते हुए चौका जड़ा लेकिन हर्ष दुबे (5 विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर अक्षय वाडकर को कैच दे बैठे। उन्होंने 143 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का मारा। अय्यर ने 111 गेंद की पारी में 10 चौके और 3 छक्के मारे। उन्होंने मुशीर के साथ चौथे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। अय्यर शतक से सिर्फ 5 रन से चूक गए। उन्होंने आदित्य ठाकरे (1 विकेट) की गेंद पर लॉग ऑन पर अमन मोखाडे को कैच दे दिया। मुशीर ने बल्लेबाजी करते हुए आसानी से एक और दो रन जुटाए। उन्होंने खराब गेंद को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। इस साल रणजी नॉकआउट मुकाबलों में नाबाद 203 और 55 रन की पारी खेलने वाले मुशीर ने मुंबई के मध्य क्रम को मजबूती दी और 326 गेंद पर 10 चौके मारे। दुबे ने पहली की तरह दूसरी पारी में भी मुशीर को पगबाधा किया। मुंबई के शम्स मुलानी ने 85 गेंद में 6 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर टीम की बढ़त को 500 रन के पार पहुंचाया।

खेल डायरी

रोनाल्डो के गोल के बावजूद बाहर हुआ अल नासर

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0-1 की हार के बाद अल नासर ने सोमवार को दूसरे चरण का मुकाबला 4-3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4-4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में अल नासर को 1-3 से शिकस्त मिली। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे।

चेल्सी ने ईपीएल में न्यूकासल को हराया

लंदन, एजेंसी। कोल पाल्मर ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यूकासल को 3-2 से हराया। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट की मौजूदगी में पाल्मर चेल्सी के लिए पांच मैच में गोल करने वाले छठे खिलाड़ी बने। पाल्मर ने 57वें मिनट में गोल दागा जो उनका सत्र का 11वां गोल है। वहीं निकोलस जैकसन (छठे मिनट) और मिखाइलो मुद्रिक (76वें मिनट) ने भी चेल्सी की ओर से गोल किए। न्यूकासल के एलेक्सांद्र आइसेक और जैकब मर्फी ने गोल दागे।

उडिनेस ने सिरी ए में लाजियो को दी मात

रोम, एजेंसी। उडिनेस ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां लाजियो को 2-1 से मात दी। उडिनेस की यह साल की सिर्फ दूसरी जीत है, लेकिन इसकी बदौलत वह निचली लीग में खिसकने वाली टीमों के समूह से बाहर आ गया है। टीम ने इस साल इससे पहले सिर्फ यूवेंटस को हराया था और संभावित 27 में से सिर्फ सात अंक जुटा पाई थी। इस जीत से उडिनेस चार स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि लाजियो नौवें स्थान पर है। लोरेंजो लुका ने 47वें मिनट में उडिनेस को बढ़त दिलाई, लेकिन लाजियो ने दो मिनट बाद लॉटेरो जियानेटी के गोल से बराबरी हासिल की।

लुका नार्डी ने जोकोविच को हराकर किया उलटफेर

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। लुका नार्डी ने शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 3 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 123वें नंबर के खिलाड़ी नार्डी ने जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। इटली के नार्डी ने 'लकी लूजर' के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। लकी लूजर वह खिलाड़ी होता है जो क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार जाता है लेकिन पहले दौर से पूर्व हटने वाले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर उसे मौका मिलता है।

पंत आईपीएल के लिए फिट, दिल्ली के कप्तान के रूप में होगी वापसी

बेहतर प्रदर्शन पर टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए फिट घोषित कर दिया, जिससे टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की उनकी संभावना बढ़ गई।

पंत को 14 महीने पहले कार दुर्घटना में चोटें लगी थीं। पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और विस्तृत रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद 22 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में दोहरी जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। इससे लीग में उनकी भूमिका को लेकर लग रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। बीसीसीआई ने कहा कि 30 दिसंबर 2022 को उत्तराखंड के रूड़की में पास सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद 14 महीने के रिहैबिलिटेशन और उबरने की प्रक्रिया से गुजरने के बाद पंत को आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। कुछ हफ्ते पहले पंत ने कहा था कि उन्हें याद है कि डॉक्टर ने उनसे कहा कि ठीक होने में 16 से 18 महीने लगेंगे। मैंने कहा कि इसमें छह महीने कम कर दूंगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें एक हफ्ते पहले फिट घोषित किया था जब उन्होंने सभी फिटनेस परीक्षण पास किए थे। उन्होंने एनसीए द्वारा तैयार मैच जैसी स्थिति में लंबी बल्लेबाजी और लंबे समय तक विकेटकीपिंग की। ऐसी अटकलें थीं कि वह आईपीएल में केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' या बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन छह वर्षों में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक पंत वापसी करने को तैयार हैं। पंत के विकेटकीपिंग का मतलब यह भी है कि अगर वह आईपीएल में प्रभावशाली पारियां खेल पाते हैं तो उनके पास टी-20 विश्व कप खेलने का मौका होगा। पंत पिछले साल आईपीएल नीलामी के दौरान कैपिटल्स के अधिकारियों के साथ मौजूद थे और दुर्घटना के बाद से वह एनसीए में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की सर्जरी से आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनके सितंबर से पहले वापसी की उम्मीद नहीं है। इस गेंदबाज की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी को सर्जरी हुई। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और वह आईपीएल से बाहर हैं। मेडिकल टीम राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर भी नजर रखे हुए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज की 23 फरवरी को बाईं जांघ की सर्जरी हुई।

कोहली की आक्रामकता टीम को जरूरी जज्बा देती है: कुंबले

बेंगलुरू। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता से हैरान हैं और उनका मानना है कि मैदान पर उनकी आक्रामकता, वह जिस भी टीम के लिए खेलते हैं, उसे जरूरी जज्बा देती है। कुंबले इसे कोहली की बड़ी विरासत मानते हैं जो आईपीएल के सभी 16 सत्र में सिर्फ एक फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से खेलने वाले खिलाड़ी हैं। कुंबले ने कहा कि मैं इसे प्रदर्शन में निरंतरता कहूंगा। जब मैं आरसीबी का हिस्सा था तो मैंने उसे आरसीबी में देखा था जहां अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद उसने टी-20 करियर की शुरुआत की थी। वह जिस तरह क्रिकेट खेलना चाहता है उस तरीके और सफेद गेंद के क्रिकेट में उसके प्रदर्शन में बदलाव आया। टेस्ट में हम उसकी महानता के बारे में जानते हैं।

रोहित असाधारण कप्तान ही नहीं अच्छे इंसान भी: अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के मन में असाधारण कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के लिए हमेशा सम्मान रहा है लेकिन जब इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दौरान उनकी मां बीमार पड़ी तो उन्होंने जाना कि भारतीय कप्तान बहुत अच्छा इंसान भी हैं।

अश्विन का मानना है कि ऐसे समय में जहां लोग अपने बारे में सोचते हैं वहां रोहित जैसे नेतृत्वकर्ता भी हैं जो साथियों के लिए सब कुछ न्योछावर करने को तैयार रहते हैं। अश्विन को अपनी मां के बीमार होने से अपना 500वां टेस्ट विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद चेन्नई जाना पड़ा था। अश्विन ने कहा कि मैं कमरे में रो रहा था और किसी का फोन नहीं उठा रहा था। ऐसे में रोहित और राहुल (द्रविड़) मेरे पास आए और मैंने उनसे कहा कि मैं कुछ नहीं सोच पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं अंतिम एकादश का हिस्सा था और अगर मैं टीम छोड़ दूंगा तो उसमें केवल 10 खिलाड़ी रह जाएंगे। दूसरी तरफ मैं मां के बारे में सोच रहा था। मैं मां के पास जाना चाहता था। अश्विन को बाद में एहसास हुआ कि रोहित ने उनके लिए जो किया वह अकल्पनीय था। उन्होंने कहा कि राजकोट हवाई अड्डा शाम छह बजे बंद हो गया था। मैं नहीं जानता था कि क्या करना है। रोहित मेरे लिए चार्टर्ड विमान की व्यवस्था करने में लगे थे। अश्विन ने चेतेश्वर पुजारा का भी आभार व्यक्त किया जो अहमदाबाद से राजकोट पहुंचा और उनके साथ चेन्नई तक गया।

अंग्रेजी टीम कुलदीप के रहस्य सुलझाने में विफल: बॉयकॉट

लंदन। महान बल्लेबाज ज्योफ बॉयकॉट ने कहा कि अंग्रेजी टीम के बल्लेबाजों की स्पिनर कुलदीप यादव से निपटने में विफलता टेस्ट श्रृंखला में भारत के खिलाफ करारी हार के कारणों में से एक थी। इंग्लैंड ने श्रृंखला की शुरुआत हैदराबाद में जीत से की लेकिन 1-4 से हार गई। कुलदीप ने आखिरी 4 मैच में 19 विकेट लिए। उन्होंने कहा कि मैं हैरान था कि उनमें से कितने बल्लेबाज कुलदीप को नहीं पढ़ सके और श्रृंखला के अंत तक समझदारी नहीं दिखा रहे थे। एक गेंदबाज आपके लिए रहस्य बन सकता है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को उनसे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए।

ली के मुकाबले से हटने पर सिंधू दूसरे दौर में

बर्मिंघम, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां जर्मनी की यिवोनी ली के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने पर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम 21-10 से जीता, जिसके बाद दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी ली ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। हैदराबाद की 28 साल की सिंधू अगले दौर में कोरिया की आन से यंग से भिड़ेंगी, जिनके खिलाफ उन्होंने अब तक सभी छह मुकाबले गंवाए हैं। सिंधू कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ एक बार गेम जीतने में सफल रही हैं और उन्होंने पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछली बार हुए मुकाबले में ऐसा किया था। दाएं घुटने की चोट से उबर रहीं आन से ने रविवार को फ्रेंच ओपन के रूप में सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता था। सिंधू ने ली के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 4-4 के स्कोर के बाद लगातार अंक बनाते हुए ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से अंक जुटाए। ली ने नेट पर सर्विस मारकर सिंधू को 11 गेम प्वाइंट दिए। जर्मनी की खिलाड़ी ने इसके बाद बाहर शॉट मारकर पहला गेम सिंधू की झोली में डाल दिया।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में जगह की पक्की

नई दिल्ली, एजेंसी

एलिस पेरी (15 रन पर 6 विकेट और 40* रन) के खेल से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने मंगलवार को डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की की। मुंबई को 113 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने 15 ओवर में 3 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त किया। टीम की 8 मैचों में चौथी जीत है। मुंबई दूसरे और दिल्ली पहले स्थान पर है। इन तीनों टीमों ने प्लेऑफ में जगह बनाई हैं। प्लेयर ऑफ द मैच पेरी ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी करते हुए ऋचा घोष के साथ 76 रन की साझेदारी कर टीम की जीत पक्की की। ऋचा ने नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई के लिए हेली मैथ्यूज (26) और संजीवन संजना (30) ने 43 रन की साझेदारी की, लेकिन पेरी ने मैच पर आरसीबी की पकड़ बना दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति ने मैथ्यूज और शबनम के खिलाफ चौके जड़े। मैथ्यूज ने उन्हें जबकि नेट सिवर ब्रंट ने स्मृति को आउट किया। दोनों का कैच विकेटकीपर प्रियंका बाला ने लपका। आरसीबी की पेरी ने पावरप्ले में टीम का स्कोर 2 विकेट पर 39 रन पहुंचाया। अगले ओवर में शबनम ने सोफी डिवाइन को चलता किया। पेरी और ऋचा घोष ने सभल कर बल्लेबाजी की। आखिरी गेंद पर पेरी ने चौका लगाकर टीम की जीत पर मुहर लगा दी।

बॉलीवुड हलचल

सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। यह देशभक्ति गाना अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। गाने को बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है। वहीं, इसके लिरिक्स मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है।यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

काजमी की सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली फिल्म बैंडिट शकुंतला

मुंबई, एजेंसी। फिल्मकार हैदर काजमी की फिल्म बैंडिट शकुंतला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर डायमेंशन म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इसके निर्माता लियाकत गोला, उपेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, शरवन प्रसाद, हैदर काजमी हैं। यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी के जीवन पर आधारित है। दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में है। इस फिल्म की शूटिंग बिहार के जहानाबाद जिला स्थित काको पाली गांव में हुई है। हैदर काजमी ने कहा कि फिल्म की झलक जनता ट्रेलर के माध्यम से देख सकती है। उन्होंने कहा कि बैंडिट शकुंतला सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह अदम्य का प्रमाण है ऐसे व्यक्तियों की भावना जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपना रास्ता खोजने का साहस करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय आलोचकों ने फिल्म को पसंद किया है।



सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा

मुंबई, एजेंसी। अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और मारी सेल्वराज निर्देशित अन्टाइटल्ड प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन की मुख्य भूमिका होगी। अपनी पहली तमिल फिल्म पोर थोज़िल की सफलता के बाद, अप्लॉज एंटरटेनमेंट फिल्म निर्माता पा रंजीत और अदिति आनंद के साथ मल्टी फिल्म पार्टनरशिप की घोषणा कर रोमांचित हैं। इसके अंतर्गत सबसे पहला प्रोजेक्ट एक स्पोर्ट ड्रामा होगा, जिसका निर्देशन मारी सेल्वराज कर रहे हैं। इस ड्रामा में एक युवा व्यक्ति के जीवन के साहस, धैर्य और महिमा की कहानी को दर्शाया जाएगा। इस फिल्म में सुपरस्टार अभिनेता चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम ने मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन नजर आएंगी। समीर नायर, प्रबंध निदेशक, अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कहा, नीलम स्टूडियोज के साथ हमारा कलेबॉरशन अप्लॉज एंटरटेनमेंट के लिए एक रोमांचक अध्याय का प्रतीक है। एक एक्सट्राऑडिनारी स्पोर्ट्स ड्रामा के साथ शुरू होने वाली यह साझेदारी, प्रभावशाली कथाओं को बुनने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पा रंजीत और मारी सेल्वराज जैसी प्रतिभा को एक साथ लाना, एक प्रतिभाशाली समूह द्वारा समर्थित, हमारे लिए साउथ इंडियन सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने की नींव रखती है। नीलम स्टूडियोज के पा रंजीत और अदिति आनंद का मानना है कि पेरीयेरम पेरुमल की सफलता के बाद नीलम स्टूडियोज इस परियोजना पर मारी सेल्वराज के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित है। हम सार्थक सिनेमा और प्रामाणिक कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करके बेहद खुश हैं। निर्देशक मारी सेल्वराज ने कहा, पा रंजीत अन्ना के साथ मेरी पहली फिल्म पेरीयेरुम पेरुमल थी। यही एक प्रमुख कारण था कि फिल्म इतनी मजबूत ऊंचाइयों तक पहुंची। यह मेरी अगली फिल्मों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम था। मैं अपनी 5वीं फिल्म के लिए एक और मजबूत साथी - अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

भोजपुरी फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से एक किसान अपनी बीवी की खूबसूरती की तारीफ कर रहा है। इस गाने में पति-पत्नी बने निरहुआ और आम्रपाली ने सबका दिल जीत लिया है। किसान बने निरहुआ प्यार भरी नजरों से आम्रपाली को निहार रहे हैं। उन्हें ऐसी नजर से ताकते हुए देखकर आम्रपाली कह रही हैं कि देखतानी मीठी मीठी मुस्की तू मारा तारा, टुक टुक काहे निहारा तारा, काथी तोरा मन मे साँवरिया हो तब दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं कि हटे हटावले ना हटे नजरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मन कर कस लिहिं भरि अकवरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मरून कलर सड़िया गाने को कल्पना पटवारी और नीलकमल सिंह ने गाया है। गीत प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है और संगीत ओझा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखे हैं। फिल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं, जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है। आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज ने गाने गाए हैं। फिल्म फसल के सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है, वहीं मारधाड़ का पक्ष हीरा यादव ने देखा है।

ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करेंगे सलमान खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान दक्षिण भारतीय फिल्मों के निर्देशक ए आर मुरुगदोस की फिल्म में नजर आ सकते हैं। ए आर मुरुगदोस ने आमिर खान को लेकर सुपरहिट फिल्म गजनी बनाई थी। अब सलमान खान, ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ए आर मुरुगदोस और मेरे दोस्त साजिद नाडियाडवाला को अगले एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में ज्वाइन करके बेहद खुश हूं। ये कोलाब्रेशन बहुत ही स्पेशल है, इस सफर में आपका प्यार और ढेर सारा आशीर्वाद चाहिए। ईद 2025 में रिलीज हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

भारतवंशी बनवा सकेंगे ओसीआई कार्ड : मुर्मू

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान की घोषणा

पोर्ट लुइस, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत ने मॉरीशस में रह रहे भारतवंशियों की सातवीं पीढ़ी को भारत की विदेशी नागरिकता (ओसीआई) कार्ड देने के लिए विशेष प्रविधान को मंजूरी दी है। यह कदम यहां के युवाओं उनके पूर्वजों की भूमि से फिर से जोड़ने का एक प्रयास है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि भारत सरकार पवित्र गंगा तालाब परिसर का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक केंद्र के रूप में पुनर्विकास करने में मॉरीशस सरकार की मदद करेगी। वह तीन दिवसीय मारीशस की राजकीय यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को मारीशस के 56वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि वह समारोह में भाग लेकर बेहद खुश हैं और प्रार्थना करती हैं कि दोनों देशों के संबंध मजबूत बने रहें। इधर, मॉरीशस विश्वविद्यालय ने मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मु को डाक्टर आफ सिविल ला की मानद उपाधि से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा के सार्वभौमिक आदर्शों को याद किया और मॉरीशस में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने वाले महात्मा गांधी संस्थान में बापू को श्रद्धांजलि दी। समारोह में राष्ट्रपति ने मॉरीशस में अपनी सांस्कृति विरासत को संरक्षित करने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद दिया। आज मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस है। राष्ट्रपति मुर्मू इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंची हैं। उन्होंने मॉरीशस में महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक एक छोटी मेट्रो यात्रा भी की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी के दांडी मार्च की शुरुआत के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने मेट्रो में थोड़ी देर यात्रा की और मॉरीशस के महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन पहुंचीं।

ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

लोस चुनाव में 8.1% नए मतदाताओं की बढ़ोतरी

इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। ये लोग ही भारत को दुनिया में वोट डालने वाले सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक बनाते हैं। यह संख्या 2019 के चुनावों से पहले रजिस्टर्ड 89.6 करोड़ लोगों से 8.1% अधिक है। इस बार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता (2019 से 6.9% अधिक) और 47.1 करोड़ महिलाएं (9.3% अधिक) शामिल हैं। यह देश की आबादी का 66.8% है। देश में इस बार 21.6 करोड़ 18-29 वर्ष की आयु के मतदाता है। इनकी संख्या कुल वोटरों के 22% से अधिक हैं।

2 करोड़ युवा पहली बार करेंगे मतदान

लेटेस्ट वोटर लिस्ट में 18-19 आयु वर्ग के लगभग 1.85 करोड़ पहली बार मतदाताओं को जोड़ा गया है। यह 2019 में जोड़े गए 18-19 वर्ष के बच्चों से 22.7% अधिक है। साथ ही, 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं से नामांकन के लिए 10.6 लाख अग्रिम आवेदन प्राप्त हुए हैं। 2024 की अंतिम सूची के अनुसार, 20-29 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 19.7 करोड़ से अधिक है। 1 जनवरी, 2024 तक थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 48,044 है। यह 2019 में 39,683 से अधिक है, जबकि पीडब्ल्यूडी (विकलांग व्यक्ति) मतदाता 45.6 लाख से 88.4 लाख हो गए हैं। यह संख्या लगभग दोगुनी बढ़ी है। नवीनतम सूची में 1.86 करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इनमें 2.38 लाख 100 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्ति हैं।

12 राज्यों में महिला वोटर अधिक

मतदाताओं के लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिलाओं की संख्या) में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ये 2019 में 928 से बढ़कर इस बार 948 हो गया है। पिछले पांच वर्षों में 3.2 करोड़ पुरुषों की तुलना में 4 करोड़ से अधिक महिला मतदाता जुड़ी हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में 43.1 करोड़ के बाद से, इस वर्ष महिला मतदाताओं में 9.3% की वृद्धि हुई है। जबकि पुरुष मतदाताओं में 46.4 करोड़ से 6.9% की वृद्धि हुई है। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल सहित एक दर्जन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

यूपी में मतदाताओं की संख्या बढ़ी

उत्तर प्रदेश में इस बार करीब 26 लाख मतदाता बढ़े हैं। कुल वोटर्स की संख्या 15.30 करोड़ हो गई है। इस बार 57 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। जबकि 31 लाख लोगों के नाम सूची से कटे हैं। 1 जनवरी 2024 तक जोड़े गए युवा मतदाताओं (18 साल की आयु) की संख्या 15 लाख है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अनुसार इस बार प्रदेश में महिला, पुरुष मतदाताओं का अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। चुनाव आयोग का इस पर खास फोकस रहा है। यही वजह है कि पिछले 10 वर्षों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाता सूची में एक हजार पुरुषों की तुलना में 867 महिलाएं थीं, इस वर्ष यह अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। बता दें, नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-छह भरना होगा। मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म-सात व मतदाता सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम सुधारने या फिर पता बदलने के लिए फॉर्म-आठ भरना होगा।

एक नजर

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट को गैर कानूनी गुट करार देते हुए प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट को गैरकानूनी एसोसिएशन घोषित कर दिया। उन्होंने कहा-संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और आतंकवाद का समर्थन करने, राष्ट्र की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को चुनौती देने के लिए अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। शाह बोले, लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवादी ताकतों को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 100 रॉकेट: इजराइली रक्षा बल

यरूशलम। इजराइल की ओर से लेबनान पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह उत्तरी इजराइल की ओर करीब 100 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने अपर गैलिली क्षेत्र और इजराइल के आधिपत्य वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट दागे हैं। देश की हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेटों को हवा में ही मार गिराया। हमलों में किसी के हताहत होने के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की कि हिजबुल्लाह के रॉकेट हमलों के जवाब में उसके लड़ाकू विमानों ने सुबह रॉकेट दागने के लिए इस्तेमाल किये गए तीन लॉन्चरों पर हमला किया।

मध्य पाकिस्तान में इमारत ढही नौ लोगों की मौत, कई घायल

मुल्तान। पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रिजवान कादिर ने कहा कि इमारत का मलबा आसपास के घरों पर भी गिरा, जिससे कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। पाकिस्तान में इमारतों का ढहना आम बात है, लागत में कटौती के लिए सुरक्षा दिशानिर्देशों की अनदेखी की जाती है। जून 2020 में देश के सबसे बड़े शहर कराची में एक इमारत गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने किए हवाई हमले

लंदन। लाल सागर में जहाजों पर हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर करीब 15 हवाई हमले किए हैं। अल-मसीरा प्रसारक ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के विमानों ने उत्तरी यमन के सादाह प्रांत पर पांच हमले किए। इसके अलावा, उन्होंने होदेइदाह प्रांत सहित पश्चिमी यमन में लगभग 15 हमले किए। यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती आंदोलन ने नवंबर 2023 में इजराइल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई थी जब तक कि वह गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता।

आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता में दोहरे दृष्टिकोण की गंध: रूचिरा

यूएन में भारत के निशाने पर चीन, वीटो शक्तियों के उपयोग पर की कड़ी निंदा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में वैश्विक आतंकवादियों को काली सूची में डालने से रोकने के लिए अपनी वीटो शक्तियों का उपयोग करने वाले देशों की कड़ी निंदा की है। कहा कि यह अभ्यास अनावश्यक है और आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता के प्रति दोहरे दृष्टिकोण की गंध आती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को बिना किसी उचित औचित्य के रोकना अनावश्यक है और जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो दोहरेपन की बू आती है उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसपर चीन ने तकनीकी रोक लगा दी थी।

अरुणाचल को लेकर चीन की आपत्ति को भारत ने किया खारिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर चीन की टिप्पणी को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीनी पक्ष की टिप्पणियों को खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन ने भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया था। चीन ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और भारत के इस कदम से सीमा विवाद के केवल (और) जटिल होने की बात कही। साथ ही चीन ने इस क्षेत्र पर फिर से अपना दावा जताया।

तनाव से ना भारत को कुछ हासिल हुआ, न ही चीन को : जयशंकर



नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार वर्षों से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि इस अवधि में तनाव से हममें से किसी को भी फायदा नहीं हुआ। साथ ही कहा कि भारत उचित हल खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह ऐसा होना चाहिए जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को मान्यता देता हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा बातचीत के केंद्र में उचित और स्पष्ट रूप से होना चाहिए। हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा से लौटे जयशंकर ने एक कार्यक्रम में सीमा मुद्दे को हल करने के लिए अतीत में चीन की ओर से गई पेशकश पर उनके विचारों के बारे में कहा, सीमा विवाद पर बातचीत में शामिल किसी भी देश को यह विश्वास करना होगा कि इसका समाधान होना चाहिए।

पाकिस्तानः नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री

इस्लामाबाद। अर्थशास्त्री इशाक डार ने मंगलवार को नए विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। आर्थिक संकट में घिरे पाकिस्तान की नई सरकार भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने के प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल कर किया है। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार के नवाज के भी खास हैं। इससे पहले वह चार बार पाकिस्तान के वित्त मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

स्व-निर्वासन के बाद पूर्व पीएम नवाज के बेटे लौटे पाकिस्तान

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दोनों बेटे छह साल बाद ब्रिटेन से वापस अपने देश लौटे हैं। दरअसल, पनामा पेपर्स घोटाले में जवाबदेही अदालत द्वारा उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने के बाद छह साल के आत्म-निर्वासन के बाद वह पाकिस्तान वापस आए हैं।

2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में देश छोड़ दिया था। एक जवाबदेही अदालत ने उन्हें 2018 में एवेनफील्ड मामले में अपराधी घोषित किया था और उनके खिलाफ गैर-जमानती स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला शरीफ परिवार के लंदन में लग्जरी अपार्टमेंट के स्वामित्व और अधिग्रहण के इर्द-गिर्द घूम रहा है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने एक बयान में कहा, "नवाज के बेटे मंगलवार को लंदन से यहां पहुंचे और उन्हें कड़ी सुरक्षा में उनके जाति उमरा लाहौर स्थित घर ले जाया गया। मालूम हो कि नवाज शरीफ पीएमएल-एन सुप्रीमो हैं।

- पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद 2018 में छोड़ा था देश

फेक न्यूज पर लगेगी लगाम, गूगल ने ईसी से मिलाया हाथ

नई दिल्ली। अल्फाबेट इंक के स्वामित्व वाली गूगल ने आगामी आम चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार रोकने, फेक न्यूज को बढ़ावा देने और एआई से तैयार किए गए डाटा को रोकने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के साथ हाथ मिलाया है।

गूगल इंडिया ने इसकी जानकारी अपने एक ब्लॉग में दी है। गूगल ने कहा है कि भारत में आगामी लोकसभा चुनाव के लेकर खास तैयारी की गई है। गूगल ने कहा है कि हम चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि लोगों को चुनाव और वोटिंग से संबंधित जानकारी अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सटीक तौर पर मिल सके। गूगल ने कहा है कि हम एआई से तैयार किए गए कंटेंट को पहचान करने के तरीके भी लोगों को बताएंगे। इस तरह के मौके पर विज्ञापनदाता एआई का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हम भी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम लोगों को अधिक पारदर्शिता के साथ जानकारी मिले। हमारी विज्ञापन नीतियां पहले से ही लोगों को गुमराह करने के लिए हेरफेर किए गए मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाती हैं, जैसे डीपफेक या छेड़छाड़ की गई सामग्री।

जल बिन सब सून...

बेंगलुरु : गत वर्ष कम बारिश और अब पारा बढ़ने के साथ कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी का संकट गहरा गया है। लोग पानी की बूंद-बूंद को परेशान हैं। शहर की सड़कों पर पानी के टैंकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। पानी की समस्या के कारण सामान्य दिनों में 700 से 800 रुपये में मिलने वाले पानी टैंकरों की कीमत 1500 से 1800 तक पहुंच गई है। जल संकट को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए हैं, हाथों में मटकी लेकर महिलाओं ने देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

गुजरात में 6 पाकिस्तानी गिरफ्तार 480 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद

गुजरात, एजेंसी

- एटीएस-एनसीबी की कार्रवाई संयुक्त टीम ने अब तक जब्त की तीन हजार करोड़ की ड्रग्स

गुजरात एटीएस ने इंडियन कोस्ट गार्ड और एनसीबी के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में छह पाकिस्तानियों को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ पकड़ा गया। इस ऑपरेशन में 480 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। सभी आरोपियों को पोरबंदर लाया जाएगा। कोस्ट गार्ड, एटीएस और एनसीबी ने मिलकर अब तक 3,135 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है।

एनसीबी ने इस ऑपरेशन को लेकर कहा कि 11 और 12 मार्च को रात भर के संयुक्त अभियान में, भारतीय तटरक्षक बल ने एक पाकिस्तानी नाव को 6 चालक दल के साथ और लगभग 480 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 80 किलोग्राम ड्रग्स के साथ पकड़ा। नाव को पोरबंदर से लगभग 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में आईसीजी जहाजों और डोर्नियर विमान के समुद्री-हवाई समन्वित अभियान में पकड़ा गया। ऑपरेशन में आईसीजी, एनसीबी और एटीएस गुजरात के बीच अच्छे समन्वित प्रयासों का प्रदर्शन हुआ। पिछले तीन वर्षों में एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ संयुक्त रूप से आईसीजी द्वारा की गई यह दसवीं गिरफ्तारी है, जिसमें 3,135 करोड़ रुपये मूल्य की 517 किलोग्राम नशीले पदार्थ की मात्रा है।

हिंदू-अमेरिकी संगठन ने भारत में सीएए लागू होने पर जताई खुशी

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतवंशी समुदाय ने भारत में सीएए लागू किए जाने पर खुशी जताई है। अमेरिकी हिंदू समूहों का मानना है कि भारत में सीएए अमेरिका में धार्मिक शरणार्थियों के लिए लागू लाडेनबर्ग संशोधन को प्रतिबिंबित करता है।

मीडिया के मुताबिक, हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) की कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा, भारत में लंबे समय से लंबित सीएए कुछ अत्यंत असहाय शरणार्थियों की रक्षा करता है। यह उन्हें वह मानवाधिकार प्रदान करता है, जिनसे उन्हें वंचित कर दिया गया था। यह उन्हें अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने के लिए आवश्यक नागरिकता का स्पष्ट और त्वरित मार्ग प्रदान करता है।

बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफा: सीएम हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सीएए को लेकर मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल गई तो वह अपने पद से इस्तीफा देने वाले पहले व्यक्ति होंगे।

दरअसल, चार साल बाद केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को सीएए के लिए एक अधिसूचना जारी की। विपक्षी राजनेताओं के विरोध के बीच दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। सरमा की टिप्पणी सोमवार को सीएए को लागू करने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के साथ पूरे असम में विरोध प्रदर्शन के बाद आई है। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि सीएए लागू होने के बाद लाखों लोग राज्य में प्रवेश करेंगे। सरमा ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो मैं विरोध करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। उन्होंने कहा कि सीएए के बारे में कुछ भी नया नहीं है क्योंकि यह पहले लागू किया गया था, 'अब पोर्टल पर आवेदन करने का समय आ गया है।

विज्ञान विकिरण का बड़ा जोखिम है अंतरिक्ष पर्यटन, वैज्ञानिकों की चेतावनी-संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी

स्पेस टूरिज्म विश्व में तेजी से पसार रहा पैर, निजी कंपनियां आगे

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : स्पेस टूरिज्म यानी अंतरिक्ष की सैर कराने वाला रोमांचक पर्यटन है। मगर इस पर्यटन में खतरे भी कम नही हैं। हाल में हुए शोध में चेतावनी दी है कि ब्रह्मांड से आने वाला विकिरण अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है।

लिहाजा संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। स्पेस टूरिज्म का सपना शायद सदियों पुराना रहा हो, लेकिन इसने वर्ष 2020 से जोर पकड़ा है। बेहद जोखिमभरा पर्यटन होने के बावजूद वर्तमान में दुनिया के हजारों लोग इस पर्यटन का आनंद लेना चाहते हैं। मगर इस पर्यटन में अंतरिक्ष मौसम विकिरण बड़ा जोखिम हो सकता है। इससे निपटने के लिए सुरक्षा उपाय पुख्ता किए जाने की सख्त जरूरत है।

दरअसल सौर विकिरण अंतरिक्ष में आए दिन पहुचते रहता है। जिससे स्वास्थ्य को बड़ा नुकसान हो सकता है। जिसमें कैंसर सबसे बड़ा खतरा है। साथ ही डीएनए को भी खतरा हो सकता है। इस पर अमेरिकी सरे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध किया है। सभी जानते हैं कि हमारा वायुमंडल सूर्य से आने वाले विद्युत आवेशित कणों से बचाता है और सूर्य से आने वाले विकिरण को चुम्बकीय क्षेत्र में समाहित कर लेता है। जिस कारण प्राकृतिक रूप से हमारे स्वास्थ्य की रक्षा होती है। मगर अंतरीक्ष में यह रक्षा सम्भव नही है। अंतरिक्ष मौसम विशेषज्ञों ने स्पेस टूरिज्म के तेजी से बढ़ते प्रचलन ने नए नियम बनाने की सख्त पैरवी की है। जिससे विकिरण संबंधित खतरे से यह पर्यटन मुक्त हो। सरे स्पेस सेंटर में शोधकर्ता क्रिस रीस के अनुसार अंतरिक्ष पर्यटन विशिष्ट है और तेजी से उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है। मगर अंतरिक्ष उड़ानों के दौरान अधिक लोग ब्रह्मांडीय विकिरण के संपर्क से प्रभावित हो सकते हैं।

स्पेस एक्स का अंतरिक्ष यान।

शून्य ग्रेविटी का एहसास कराता है स्पेस टूरिज्म

स्पेस टूरिज्म आसमान में उतनी ऊंचाई तक ले जाता है, जहां शून्य ग्रेविटी का एहसास होता है। यह ऊंचाई 100 किमी तक होती है और लगभग आठ मिनट में यात्री इस ऊंचाई तक पहुँच जाते हैं। इस सफर में पृथ्वी को निहारना सुखद एहसास दिलाता है। यह यात्रा करीब डेढ़ घंटे की होती है। मगर इसका परीक्षण कई चरणों मे कई महीने चलता है।

टूरिज्म में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा

अंतरिक्ष पर्यटन में प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ़ने लगी है। जिसमें निजी स्तर पर कुछ देशों की कंपनियां शामिल हैं। इस दौड़ में स्पेस एक्स, वर्जिन गैलेक्टिक व ब्लू ओरिजन सबसे आगे हैं। इन कंपनियों के जरिए अभी तक कई दर्जन यात्री अंतरिक्ष की सैर कर चुके हैं। बड़ी बात यह है कि यह कंपनियां अब चंद्रमा व मंगल ग्रह की सैर कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसमें स्पेस एक्स का दावा है कि वह सबसे पहले मंगल पर अपने यात्रियों को पहुचाएगा। अंतरिक्ष पर्यटन की बढ़ती मांग को लेकर अमेरिका की निजी कंपनी स्पेस-एक्स सबसे आगे हैं, जो आने वाले कुछ सालों में मंगल की सतह पर कदम रखेगी।

रूस का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे 15 लोग

मॉस्को। रूस में मंगलवार को एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। इस घटना में रूस ने जानकारी देते हुए कहा कि उसका एक इल्यूशिन आईएल-76 सैन्य मालवाहक विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

दुर्घटना के वक्त विमान के एक इंजन में आग लग गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। रूसी सोशल मीडिया नेटवर्क पर असत्यापित वीडियो में एक विमान को जलते हुए इंजन के साथ नीचे की ओर जाते हुए दिखाया गया है। हेलीकॉप्टर के चक्कर लगाते समय धुएं का बहुत बड़ा गुबार आसमान में उठता हुआ देखा गया।

छह माह बाद आईएसएस से धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्री

केप कैनावेरल, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर छह माह बिताने के बाद चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्रियों का कैप्सूल मंगलवार को अमेरिका में घूमता रहा और फिर फ्लोरिडा पैनहैंडल के निकट मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। नासा के जैसमिन मोघबेली ने लौटने वाले दल का नेतृत्व किया।

दल में डेनमार्क के एंड्रियास मोगेन्सन, जापान के सातोशी फुरुकावा और रूस के कॉन्स्टेंटिन बोरिसोव भी शामिल रहे। ये गत अगस्त आइएसएस पर पहुंचे थे और गत सप्ताह उनके स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्री आइएसएस पहुंच गए। मोहबेली पर परिक्रमा परिसर छोड़ने के बाद रेडियो पर कहा कि हमने आपके लिए कुछ पीनट बटर और टॉर्टिला (मैक्सिकन रोटी) छोड़ा है।

इसके जवाब में नासा की लोरल ओ हारा ने जवाब दिया कि मुझे आपकी पहले से ही याद आ रही है और उपहार के लिए धन्यवाद।